RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 333
नई दिल्ली, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

हिंदू समाज को संगठित होना चाहिए

राष्ट्रीय-11

इजराइल की गाजा पर भारी बमबारी

नेतन्याहू ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए संबोधन में कहा, हम आने वाले दिनों में अपने दुश्मनों के साथ जो करेंगे, उसकी गूंज कई पीढ़ियों तक सुनाई देगी

एजेंसी। यरूशलम

इजराइल के युद्धक विमानों ने युद्ध के चौथे दिन मंगलवार सुबह गाजा सिटी में लगातार बमबारी की जो आतंकवादी संगठन हमास द्वारा संचालित सरकार का केंद्र है। यह कार्रवाई ऐसे समय की गई है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस्लामिक आतंकवादी समूह से ऐसा बदला लेने का संकल्प लिया है जिसकी गूंज कई पीढ़ियों तक सुनाई देगी। वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है।

इसके कुछ समय बाद सुनक उत्तरी लंदन के एक यहूदी उपासनागृह में आयोजित प्रार्थना में शामिल हुए और देश के यहूदी समुदाय को आश्वस्त किया कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इजराइल और हमास संघर्ष में पिछले चार दिन से जारी इस युद्ध में कम से कम 1,600 लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल की सड़कों पर कई दशकों में पहली बार ऐसा खूनखराबा देखा गया और इसके जवाब में गाजा में कई इलाके नेस्तनाबूद कर दिए गए। हमास ने यह कहकर तनाव और बढ़ा दिया है कि

- तीन लाख अतिरिक्त सैनिक तैनात, गाजा में लगातार जारी हवाई हमलों में इमारतों के जमींदोज होने के कारण हजारों निवासी अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं
- इजराइल को समर्थन देने के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली के साथ आया ब्रिटेन

अगर बिना पूर्व चेतावनी के नागरिकों को निशाना बनाकर हमले किए जाते हैं, तो वह बंधक बनाए गए इजराइलियों को मौत के घाट उतार देगा। इजराइली सेना ने देश के दक्षिणी हिस्से में ज्यादातर जगहों पर फिर से नियंत्रण कर लेने का दावा करते हुए कहा कि हमास के करीब 1500 आतंकवादियों के शव इजराइली क्षेत्र में पाए गए हैं। इजराइल ने कहा कि हमास और गाजा में अन्य आतंकवादी समूहों ने हमले के बाद उसके 150 से अधिक सैनिकों तथा नागरिकों को बंधक बना लिया। इजराइल के 3,00,000 अतिरिक्त

इजराइली लड़ाकू विमानों की बमबारी से गाजा पट्टी में उठता धुआं।

सैनिकों को तैनात करने के बाद एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि क्या वह छोटे से भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करेगा।

उसने आखिरी बार 2014 में जमीनी आक्रमण किया था। इजराइल ने और आक्रमण रोकने के लिए गाजा सीमा पर टैंक और ड्रोन तैनात किए हैं। गाजा के पास 12 से अधिक शहरों से हजारों इजराइलियों को निकाला गया है। वहीं, गाजा में लगातार जारी हवाई हमलों में इमारतों के जमींदोज होने के कारण हजारों निवासी अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। इजराइल के रविवार को युद्ध की औपचारिक घोषणा करने के साथ ही ये कदम हमास के खिलाफ अभियान तेज करने का संकेत है जिससे घनी आबादी वाले गाजा पट्टी में व्यापक विनाश का खतरा पैदा हो गया है। नेतन्याहू ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए संबोधन में कहा, हमने हमास पर हमला करना अभी तो शुरू ही किया है। हम आने वाले दिनों में अपने दुश्मनों के साथ जो करेंगे, उसकी गूंज कई पीढ़ियों तक सुनाई देगी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने रातभर गाजा सिटी के रीमल इलाके में हमास के सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया। इस इलाके में हमास के कई मंत्रालय और इमारतें हैं। रीमल में व्यापक पैमाने पर विनाश से यह संकेत मिलता है कि गाजा में इजराइल की नई रणनीति ये हो सकती है कि नागरिकों को कुछ इलाकों को खाली करने की चेतावनी दी जाए और फिर उन इलाकों में अभूतपूर्व तीव्रता के हवाई हमले किए जाए। इजराइल के हवाई हमलों के जवाब में हमास की सैन्य शाखा के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने सोमवार रात को कहा कि जब-जब इजराइल गाजा के नागरिकों को उनके घरों में बिना किसी पूर्व चेतावनी के निशाना बनाएगा, तब-तब समूह एक इजराइली बंधक की हत्या करेगा।

इजराइल के विदेश मंत्री अली कोहेन ने हमास को किसी भी बंधक को नुकसान पहुंचाने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, इस युद्ध अपराध को भुलाया नहीं जाएगा। नेतन्याहू ने बंधक संकट से निपटने और लापता लोगों की तलाश के लिए एक पूर्व सैन्य कमांडर को नियुक्त किया है। इजराइली सेना ने बताया कि हमलों में देश में 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि गाजा और वेस्ट बैंक में 704 लोग मारे गए हैं, जिनमें सैकड़ों हमास लड़ाके भी शामिल है। दोनों पक्षों के हजारों लोग इस संघर्ष में घायल हुए हैं। हमास के (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री ने नेतन्याहू को दिया भरोसा, भारत इजराइल के साथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत के लोग उनके देश के साथ दृढ़ता से खड़े हैं और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है। इजराइल के प्रधानमंत्री ने हमास के खिलाफ जवाबी हमलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर वर्तमान हालात से अवगत कराया।

उन्होंने मोदी को इजराइल के हालात की जानकारी दी। हमास और इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष में लगभग 1,600 लोग मारे गए हैं। हमास के चरमपंथियों ने इजराइल की दक्षिणी सीमा पर सप्ताहांत में हमले कर सैकड़ों इजराइलियों को मार दिया था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रति अपनी गहन संवेदना प्रकट की। मोदी ने इजराइल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। नेतन्याहू ने मोदी को पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। इजराइल को भारत के समर्थन की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फोन कॉल के लिए और मौजूदा हालात पर जानकारी देने के लिए उन्हें

- कहा- भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है

शुक्रिया अदा करता हूं। भारत की जनता इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से इजराइल के साथ खड़ी है। भारत आतंकवाद के सभी स्वरूपों की पुरजोर और स्पष्ट रूप से निंदा करता है। इस बीच, नई दिल्ली में फलिस्तीनी दूत अदनान अबू अलहैजा ने भारत से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करने का आग्रह किया और कहा कि फलिस्तीनी मुद्दे के साथ भारत की एकजुटता महात्मा गांधी के समय से चली आ रही है।

उन्होंने कहा कि भारत इजराइल और फलिस्तीन दोनों का मित्र है और उसे संकट के समाधान में मदद के लिए कदम उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान में कहा गया है कि प्रधान मंत्री मोदी ने अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू को अपने देश में चल रही स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करते हुए, प्रधान मंत्री ने इस कठिन समय में इज़राइल के साथ (शेष पेज 9)

विश्व कप क्रिकेट

- परिणामः इग्लैंड ने बांग्लादेश को 137 रन से हराया
- पाकिस्तान ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया
- आजः भारत और अफगानिस्तान

क्विक न्यूज

शोपियां में मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर हुए

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जिले के अलशिपोरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया था और इस दौरान मंगलवार तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई। कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, दो आतंकवादी मारे गए। तलाश अभियान जारी है। पुलिस ने दावा किया कि लश्कर-ए-तैयबा के मारे गए दो आतंकवादियों में से एक इस साल की शुरुआत में बैंक सुरक्षा कर्मी संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।

दिल्ली में चाबड़ हाउस की किलेबंदी

- पहाड़गंज स्थित चाबड़ हाउस में हर साल 50 हजार इजराइली आते हैं, यहां उन्हें घर जैसी सुविधाएं मिलती हैं

राजेश कुमार। नई दिल्ली

इजराइल और हमास के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में इजराइली दूतावास और चाबड़ हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। नई दिल्ली में दूतावास और मध्य दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित चाबड़ हाउस के आसपास तैनात स्थानीय पुलिस को कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

भारत में दो चाबड़ हाउस हैं, एक मुंबई में और दूसरा दिल्ली के पहाड़गंज में। ये चाबड़ हाउस यहूदियों के खुले घरों की तरह हैं और हर यहूदी के लिए खुले हैं। उन्हें यहां घर जैसा महसूस होता है। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बढ़ा दी गई है और इजराइली दूतावास और भारत में इजराइली राजदूत के आधिकारिक आवास, नाओर गिलोन और पहाड़गंज इलाके में चाबड़ हाउस के बाहर अतिरिक्त पुलिस वाहन तैनात किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने दोनों प्रतिष्ठानों के आसपास निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया है। सुरक्षा बढ़ाने का कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब शनिवार सुबह गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास के आश्चर्यजनक और अभूतपूर्व हमले (शेष पेज 9)

मातृभूमि की रक्षा के लिए घर जाना चाहते हैं इजराइली

भारत घूमने आए सिमोन-साइरा।

- उड़ानें निरस्त होने के कारण दिल्ली के पहाड़गंज स्थित चाबड़ हाउस में ठहरे हैं कई इजराइली पर्यटक
- हनीमून ट्रिप पर भारत आए सिमोन-साइरा ने कहा, हालात भयावह, लोगों में दहशत

अजीत तिवारी। नई दिल्ली

इजराइल और हमास में चल रही जंग के बीच भारत में कुछ इजराइली पर्यटक फंसे हुए हैं। इस संकट की घड़ी उन्हें अपने वतन की बेतरह याद सता रही है और वे भी मोर्चे पर जाने के लिए बेताब हैं। हालांकि इजराइल के लिए अभी उड़ानें निरस्त हैं लेकिन उनका मन वहीं लगा है। राजधानी दिल्ली के पहाड़गंज स्थित इजरायली मंदिर चाबड़ हाउस में इस समय कई इजराइली फंसे हुए हैं। वे जल्द से जल्द अपने देश पहुंचकर देशवासियों के साथ जंग में शामिल होकर उनकी मदद करना चाहते हैं।

पहाड़गंज स्थित चाबड़ हाउस वह क्षेत्र है जहां बड़ी संख्या में इजरायली नागरिक आते हैं और यहां रूकते हैं। यहां इनका पूजा स्थल भी है। यहां ठहरे इजराइली नागरिकों में नवदंपति सिमोन और साइरा भी शामिल हैं। इनकी हाल ही में शादी हुई है और ये हनीमून मनाने के लिए भारत आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार, ऋषिकेश समेत कई स्थानों पर यात्रा की। साइरा ने बताया कि अभी कुछ महीने पहले ही उनकी शादी हुई है। यहां पर वो दोनों हनीमून मनाने आए थे लेकिन इस बीच उनके देश में जंग छिड़ गई। अब वो जल्द से जल्द अपने देश लौटना चाहते हैं, ताकि अपने लोगों की मदद कर पाएं। सिमोन ने कहा कि वो कल ही वापस जाना चाहते हैं, लेकिन उड़ानें (शेष पेज 9)

भारत, इटली ने रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली (भाषा)। भारत और इटली ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और उनके इतालवी समकक्ष गुइदो क्रोसेतो के बीच रोम में हुई व्यापक वार्ता के बाद सैन्य साजो-सामान के सह-विकास एवं सह-उत्पादन सहित अपने रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। सिंह दो देशों की अपनी यात्रा के प्रथम चरण में इटली में हैं। वहां से वह फ्रांस जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सोमवार को सिंह और क्रोसेतो के बीच हुई वार्ता रक्षा-औद्योगिक सहयोग पर केंद्रित थी तथा यह समझौता सह-विकास, सह-उत्पादन एवं संयुक्त उद्यम स्थापित करने में मदद करेगा। बयान के अनुसार, यह समझौता सुरक्षा और रक्षा नीति, अनुसंधान एवं विकास, सैन्य क्षेत्र में शिक्षा, समुद्री क्षेत्र में जागरूकता, रक्षा जानकारी साझा करना और सह-विकास, सह-उत्पादन सहित औद्योगिक सहयोग और संयुक्त उद्यमों की स्थापना जैसे विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग (शेष पेज 9)

मैदान के महारथियों से मिले मोदी

नई दिल्ली में मंगलवार को मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में पदक विजेताओं से मुलाकात की।

विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए बिधूड़ी

- समिति इस मामले में अपनी अगली बैठक के बारे में जल्द करेगी फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर हो रही चर्चा के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करके राजनीतिक तूफान खड़ा करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी मंगलवार को मामले पर विशेषाधिकार समिति की सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने उपस्थित न होने के लिए अपनी व्यस्तता का हवाला दिया है।

भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति ने अपनी बैठक के एजेंडे में इस विषय को शामिल किया था। समिति इस मामले में अपनी अगली बैठक के बारे में जल्द फैसला करेगी।

रमेश बिधूड़ी राजस्थान में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। चर्चा है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जातिगत समीकरण को साधने के लिए से गुर्जर नेता बिधूड़ी को टोंक जिले में चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, टोंक में गुर्जर समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में रहते हैं।

इस जिले में चार विधानसभा सीटें हैं। बिधूड़ी ने कहा कि उन्हें पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धता के अनुसार 9 से 11 तारीख तक तीन दिवसीय प्रवास के लिए राजस्थान में रहना था। दिल्ली लौटने के बाद वह समिति के सामने कब पेश होंगे, इस पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। टोंक में विधानसभा की चार सीट हैं। राजस्थान में सभी 200 विधानसभा सीट के लिए 23 नवंबर को मतदान होगा। विशेषाधिकार समिति की बैठक के एजेंडे में कहा गया था कि सदन में चंद्रयान-3 मिशन पर चर्चा के दौरान कथित अनुचित आचरण के लिए बिधूड़ी और दानिश अली के खिलाफ विभिन्न सदस्यों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में सांसद रमेश बिधूड़ी का मौखिक साक्ष्य लिया जाएगा।

चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विषय पर लोकसभा में चर्चा के दौरान गत 21 सितंबर को बिधूड़ी ने अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके बाद, खुद दानिश अली के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अपरूपा पोद्दार, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई और विपक्ष के कई अन्य सदस्यों ने (शेष पेज 9)

इच्छा शक्ति से दिल के डॉक्टर ने दिया अपनी बीमारी को मात

- डॉक्टर अनितेश शंकर के मुताबिक हर व्यक्ति के भीतर उबरने, ठीक होने और पनपने की शक्ति निहित

स्वर्ण कुमार आनंद

अहमदाबाद के चिकित्सक समुदाय में डॉ. अनितेश शंकर एक ऐसा नाम है जो कौशल, सटीकता और सफलता का पर्याय है। एक युवा कार्डियक सर्जन के रूप में उनके हाथों ने असंख्य टूटे हुए दिलों को जोड़ा है। फिर भी ऑपरेशन थिएटरों और प्रशंसाओं से दूर डॉ. शंकर के दिल में एक छिपे हुए संघर्ष का भार था, जो चिंता, अवसादग्रस्तता विकार, हाइपरसोमनिया जैसी कई मानसिक विकारों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था। डॉ. शंकर की मानसिक स्वास्थ्य यात्रा की उत्पत्ति का पता उनके जीवन

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

के पन्नों से लगाया जा सकता है। दिल के सर्जन कहते हैं, 'कार्डियक सर्जरी में स्नातकोत्तर की मुश्किल भरी पढ़ाई, वैवाहिक जीवन की चुनौतियां और वित्तीय तनाव का भार सभी ने एक साथ मिलकर ऐसी स्थिति बनाई, जिसमें मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा। डॉ. शंकर याद करते हुए कहते हैं महत्वपूर्ण क्षण एक बड़े आर्थिक नुकसान के साथ आया। मेरे पिता ने मेरी मेडिकल की आगे की पढ़ाई के लिए अपनी सेवानिवृत्ति बचत से एक बड़ी राशि सौंपी थी, लेकिन मैंने उस संपत्ति को गलत निवेशों के गर्त में खो दिया।

मेरे पास छह साल का प्रशिक्षण बाकी था और एक परिवार का समर्थन करने के लिए छात्रवृत्ति के रूप में नगण्य आय थी। घाटे ने मुझे मेरी जड़ों तक हिला दिया। जैसे-जैसे निराशा का साया गहराता गया, डॉ. शंकर दुनिया से दूर होते गये। वे कहते हैं, 'प्रत्येक कार्य एक कठिन प्रयास बन गया, पुस्तक का प्रत्येक पृष्ठ एक दुर्गम पर्वत बन गया।'

डॉ. शंकर उस चट्टान पर डगमगा रहे थे जो उन्हें अपने जीवन का सबसे निचला बिंदु लग रहा था। वह आगे कहते हैं, 'मैं अपने आप में सिमट गया, अपने परिवार से अलग हो गया। मैंने पाया कि मैं हर चीज के प्रति उदासीन हो रहा हूं और अपने आस-पास के सभी लोगों के प्रति नाराजगी पाल रहा हूं। यहां तक ??कि एक पेज को पढ़ने में भी मुझे पूरा करने और समझने में घंटों लग जाते। ऐसा लगता कि मैं अपने जीवन के सबसे निचले बिंदु पर पहुँच गया। हालांकि, तभी उन्हें एक आयुर्वेदि औषधि आजमाने का मौका मिला। डॉ. शंकर बताते हैं कि इसने मुझे आशा की एक किरण प्रदान की। इसने मेरे भीतर के तूफान को शांत कर दिया, जिससे मैं अपनी निगाहें अंदर की ओर मोड़ सका। एक चिकित्सा पेशेवर के रूप में मैं समझ गया कि बाहरी उपचार केवल अस्थायी राहत प्रदान कर सकते हैं। उपचार का सच्चा मार्ग आपके अंदर ही निहित है। दो कठिन वर्षों के दौरान उन्होंने ध्यान में सांत्वना और किताबों के पन्नों में पाए जाने वाले ज्ञान की तलाश की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने मन की पेचीदगियों को समझने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों से बदलने के अपने दृढ़ संकल्प में। यह प्रक्रिया सूर्य नाड़ी की विनाशकारी ऊर्जा के विपरीत चंद्र नाड़ी की रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग करने के समान थी। प्राचीन ग्रंथों में इस अवधारणा की व्याख्या की गई है। डॉ. शंकर को इस बात का गहन एहसास हुआ कि भय, क्रोध, शिकायत और ईर्ष्या जैसी भावनाएँ आत्म विनाशकारी ऊर्जा को जन्म देती हैं, जबकि प्रेम, सहानुभूति और करुणा आत्म रचनात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि मैंने समझ लिया कि जीवन मूल रूप से प्रकृति (शेष पेज 9)

जेवर से जुड़ेगी रैपिडएक्स ट्रेन

केन्द्रीय राज्यमंत्री ने साहिबाबाद स्टेशन से लेकर दुहाई तक ट्रेन में बैठकर किया सफर

● जल्द तैयार होगी डीपीआर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रेन की सवारी के दौरान अधिकारी से बातचीत करते केंद्रीय राज्यमंत्री वी.के सिंह।

देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन को अब जल्द ही पीएम नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाने वाले हैं। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए जल्द ही सीएम योगी कार्यक्रम स्थल का दौरा करेंगे। इससे पहले आज क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने साहिबाबाद स्टेशन का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने साहिबाबाद स्टेशन से लेकर दुहाई तक अधिकारियों के साथ ट्रेन में बैठकर सफर किया।

इस दौरान वीके सिंह ने कहा कि शुभ कार्य नवरात्रि में आरंभ हो जाते हैंए ऐसे में रैपिडएक्स ट्रेन का शुभारंभ भी नवरात्र में किया जाएगा। हालांकि उन्होंने उद्घाटन की कोई सटीक तारीख नही बताई। लेकिन इतना बताया कि अब रैपिडएक्स को जेवर से भी कनेक्ट किया जाएगा इसके लिए डीपीआर सहित पूरा प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं, जल्द ही इसपर काम शुरू हो जाएगा। वहीं जानकारी के अनुसार सीएम योगी सम्भावता 12 अक्टूबर को गाजियाबाद में उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने आएंगे। इसके बाद सीएम योगी 17अक्टूबर को भी हापुड जिले का दौरा करेंगे। हालांकि अभी तक कार्यक्रम को लेकर शासन से कोई अधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

इस दौरान मेयर सुनीता दयाल, मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा, डीएम आरके सिंह, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के अलावा रैपिडएक्स के अधिकारी मौजूद रहे।

महिला पर चाकू से 12 बार हमला करने वाला आरोपी मुठभेड़ में घायल

नोएडा। अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि मूल रूप से कानपुर के रहने वाली एक महिला कुछ समय पूर्व अपने पति को छोडकर नोएडा आ गई, तथा वह सेक्टर-93 में रहने लगी।

महिला की मुलाकात टैक्सी चलाने वाले अमर समस्तीपुर बिहार से हुई। उम्र में काफी अंतर होने के बावजूद भी दोनों के संबंध बने, और दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। महिला की बेटी और बेटा है। उन्होंने बताया कि किसी बात को लेकर महिला और अमर के बीच विवाद हो गया। अमर ने करीब 12 बार महिला के शरीर पर वार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के लिए पुलिस सेक्टर 93 गई। वहां पर आरोपी ने एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली। तथा भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। पुलिस की गोली उसके पैर में लगी है।

जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा यमुना प्राधिकरण का नया कार्यालय

● 20 एकड़ में बनने वाले बहुमंजिला ऑफिस के लिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी के ग्रेटर नोएडा से आगरा तक बने यमुना एक्सप्रेसवे के आंवटियों को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के ऑफिस तक पहुंचने में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने अपनी ओर से खास योजना बनाई है। इस योजना के तहत यमुना प्राधिकरण अपना नया ऑफिस बनाने जा रहा है।

खास बात यह है कि यह नया दफ्तर जेवर एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनाया जाएगा। आपको बता दें कि प्राधिकरण का वर्तमान ऑफिस ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा-1 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में स्थित है। यूपी के जनपद गौतमबुद्धनगर की यमुना नदी बेल्ट के विकास में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

यमुना प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र ग्रेटर नोएडा से आगरा तक है। इस क्षेत्र के विकास के लिए प्राधिकरण द्वारा जहां जेवर एयेरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी का निर्माण भी कराया जा रहा है।

यमुना प्राधिकरण की ओर से जेवर एयरपोर्ट के पास आवासीय कॉलोनी भी विकसित की जा रही है। इस क्षेत्र में देश विदेश के उद्योगपति निवेश कर रहे हैं, ऐसे में निवेशकों और आवंटियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े, इसके लिए यमुना प्राधिकरण अपना नया दफ्तर बनाने जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का नया ऑफिस जेवर एयरपोर्ट के पास बनाया जाएगा। नए दफ्तर के निर्माण के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

20 एकड़ में बनने वाले बहुमंजिला ऑफिस के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए नियोजन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। मुख्य ऑफिस के अलावा चार जोनल ऑफिस भी होंगे, ताकि आवंटियों को दिक्कत न हो।

वहीं दूसरी तरफ यमुना प्राधिकरण का क्षेत्र ग्रेटर नोएडा से लेकर आगरा तक फैला हुआ है। काफी बड़ा क्षेत्र होने की वजह से प्राधिकरण का नया ऑफिस जेवर एयरपोर्ट के पास बनाने की तैयारी चल रही है, ताकि आवंटियों को ऑफिस आने में दिक्कत न हो।

नोएडा में ई-स्टांप पेपर की ब्रिकी पर लगी रोक अभी सिर्फ भौतिक स्टांप ही होंगे प्रयोग

● कोषागार में मौजूद है 1 अरब, 50 करोड़ के भौतिक स्टांप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के तहत वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने जिले में 5000 और इससे अधिक मूल्य के ई-स्टाम्पों पर तत्काल रोक लगा दी है।

जब तक कोषागार में मौजूद 1 अरब, 49 करोड, 84 लाख, 2 हजार, 160 रूपये के रखे भौतिक स्टांप समाप्त नहीं हो जाते हैं तब तक ई-स्टांप पर रोक जारी रहेगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में कोषागार में 1490842160 के स्टांप पेपर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनवरी 2020 से स्टांप की नकद बिक्री को बंद कर दिया गया था। यह कदम ई-स्टाम्प व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

जून 2023 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव वित्त सेवाएं दीपक कुमार ने आदेश जारी किया, जिसमें 5000 रूपये और इससे अधिक के भौतिक स्टाम्प की जानकारी मांगी गई, जिसके क्रम में मुख्य कोषागार कार्यालय प्रशासन ने सभी स्टांप पेपर की जांच कराई, इसमें 1490842160 के स्टांप पेपर का स्टॉक पाया गया। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 5000 रूपये और इससे अधिक के ई.स्टांप पेपर की बिक्री पर रोक लगा दी जाए।

साथ ही यह भी कहा कि जब तक भौतिक स्टांप का स्टॉक खत्म नहीं हो जाएगा तब तक ई.स्टांप पेपर की बिक्री नहीं होगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने यह भी बताया कि कोषागार में कैश जमा नहीं होगा। ड्राफ्ट के माध्यम से कोषागार से स्टांप जारी होगा।

स्टांप खरीदने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट कंपाउंड सूरजपुर में कैश अथवा चालान जमा करने एवं सत्यापन के उपरांत स्टांप प्राप्त किया जा सकते हैं।

डॉग को खाना खिलाने को लेकर दो महिलाएं भिड़ीं

नोएडा। नोएडा में दो पक्षों के बीच कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। इसमें एक पक्ष डॉग लवर है जो रोजाना कुत्तों को खाना खिलाने आती है। वहीं दूसरा पक्ष इसके विरोध में है। दोनों पक्षों के बीच आपस में विवाद हो गया।

महिलाओं को छुड़ाने का प्रयास भी किया गया। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। महिलाओं के बीच हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां एक डॉग लवर और स्थानीय निवासियों के बीच झड़प हुई है। यह घटना रविवार रात की बताई जा रही है। एक महिला सेक्टर में स्ट्रीट डॉग को खाना खिला रही थी।

फ्लिपकार्ट में चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

● 4 लाख 5 हजार रुपए और नौ शिपमेंट बरामद किए गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फ्लिपकार्ट ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में हुई चोरी वहां काम करने वाले कैशियर टीम लीडर ने अपने दो दोस्तों के साथ की थी।

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए 4 लाख 5 हजार रुपए और नौ शिपमेंट बरामद किए गए है। पुलिस ने सीसीटीवी और मैनुअल इंटेलिजेंस के बाद तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सिकेश ए-2 सेक्टर-57 फ्लिपकार्ट कंपनी में टीम लीडर है। कैश लेन का काम भी यही देखता है।

पूछताछ में उसने बताया कि रविवार के दिन दो दिन का ज्यादा कैश आता है। कंपनी में लौकर का कोड ज्यादातर लड़कों के पास होता है। इसलिए किसी को शक न हो मैने अपने दो दोस्तों रविंद्र यादव और अंकित कुमार को पैसों का लालच देकर अपने साथ मिला लिया। 1 अक्टूबर को तीनों ने मिलकर कंपनी से बाहर की चाबी, लॉकर से कैश और शिपमेंट चोरी कर लिया था। इस मामले में पांच अक्टूबर को फ्लिपकार्ट कंपनी के प्रबंधन ने थाना सेक्टर.58 पुलिस से शिकायत की। उन्होंने शिकायत में बताया कि फ्लिपकार्ट आफिस ए-2ए सेक्टर.57, नोएडा के कैशियर सीकेश व कंपनी के तीन अन्य कर्मचारी नवीन, मोनू, दीपक 1 अक्टूबर की रात को ऑफिस का ताला लगाकर गये थे। रात की शिफ्ट के कर्मचारी ऑफिस आया तो उसे ऑफिस का शटर खुला मिला।

अन्दर देखा कि लॉकर में रखा कैश गायब था। कैमरे चैक करने पर दो व्यक्ति हेलमेल लगाकर ऑफिस में घुसते व कैश चोरी कर बाहर निकलते हए दिखाई दिए।

'मैं तो जेल जाऊंगी कहकर दरोगा को चप्पलों से पीटा'

● महिला बीच सड़क पर मारती रही, हाथ जोड़ने पर भी नहीं रुकी, पुलिस ने पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में मंगलवार को ई-रिक्शा चलाने वाली महिला ने ट्रैफिक पुलिस के सब-इंस्पेक्टर को पीट दिया। बीच सड़क पर महिला ने मैं जेल जाऊंगी कहकर दरोगा को चप्पलों से जमकर पीटा। सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

राहगीरों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। फिलहाल, पुलिस ने एक्शन लेते हुए महिला को हिरासत में ले लिया है। ये पूरा मामला इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे.9 स्थित कनावनी.पुस्ता रोड का है। वीडियो में एक महिला चप्पल से दरोगा को पीटती हुई दिखाई दे रही है। इस दौरान दरोगा की कैप भी सड़क पर गिर गई। दरोगा ने कई बार महिला को चले जाने के लिए कहा। कई बार हाथ भी जोड़े, लेकिन महिला उसको बार-बार मारती रही। इस दौरान दरोगा ने भी एक थप्पड़ महिला को मारा। महिला ने दरोगा से कहा. मैं तुझे बता रही हूं, मैं तो जेल जाऊंगी। ये कहते हुए वह दरोगा से हाथापाई करती रही।

पदोन्नति में धांधली का आरोप लगा नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

गाजियाबाद। नगर निगम में हुई कर्मचारियों की प्रान्नति को लेकर विवाद पैदा हो गया। बहुजन मुक्ति पार्टी की ओर से इस मामले में नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार मकवाना की ओर से दिया गया। हाल ही कुछ समय पहले ही नगर निगम के कर्मचारियों का प्रमोशन हुआ है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि की डीपीसी को बनी कमेटी की ओर से गलत तरीके से कर्मचारियों को प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने ज्ञापन में नगर आयुक्त से मांग की है कि वह इस मामले की जांच कराए। ज्ञापन में का गया है कि महागस्त में समूह घ चतुर्थ श्रेणी से समूह गे में पदोन्नति की गई है वह नियमानुसार नही हुई है।

संक्षिप्त समाचार

जांच शिविर में यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की डॉक्टरों की टीम।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर लगा स्वास्थ्य शिविर

गाजियाबाद। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें लोगों को काउंस्लिंग एवं उपचार प्रदान किया गया। इस अवसर पर 70 पोस्टरों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को दुरूस्त रखने हेतु संदेश दिये गये एवं हॉस्पिटल में सुन्दर रंगोली बनाकर अवसाद में रह रहे लोगों को हर्ष प्रदान किया गया। डॉक्टर संदीप गोविल, वरिष्ठ न्यूरोसाईकैट्रिस्ट ने इस अवसर पर कहा कि यदि हमारे अन्दर छोटे-2 मानसिक बदलाव आते हैं, जो 2 घंटे से ज्यादा नहीं रहते, ऐसे बदलावों की ज्यादा चिंता नहीं करनी हैं, किन्तु ऐसे बदलाव जो बार-बार और ज्यादा समय तक रहते हैं, उनको हमें गम्भीरता से लेते हुए मानसिक रोग विशेषज्ञ से मिलना चाहिए। डॉक्टर सोनल वरमानी, मानसिक रोग विशेषज्ञ ने भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य की ही तरह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा शारीरिक स्वास्थ्य यदि ठीक भी हो, किन्तु मानसिक स्वास्थ्य ठीक न हो तो जीवन में सुख रंगों की कमी हो जाती है, जोकि अवसाद का कारण बनती है। डॉ शोभा शर्मा, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ ने कहा कि मानसिक रोगों से बचने हेतु हमें तीन मुख्य बातों का ध्यान रखना चाहिए।

भाकिपा का प्राधिकरण पर दिन-रात का धरना शुरू

नोएडा। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान परिषद ने एक बार फिर नोएडा प्राधिकरण पर दिन-रात का धरना शुरू कर दिया है। धरने की शुरुआत आज सुखवीर खलीफा ने हवन करके की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। अब तक केवल आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि जब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा हम यहां से हटेंगे नहीं। बता दें कि किसानों का आरोप है कि पूर्व में चले धरना.प्रदर्शन के बाद प्राधिकरण ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए वादा किया था, लेकिन प्राधिकरण अपना वादा भूल गया। अब तक एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

सोसाइटी के गेट पर रोका तो भड़क उठे नाइजीरियन

नोएडा। यूपी में ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र की एक सोसायटी में देर रात अफ्रीकी मूल के नागरिकों ने एंट्री से रोके जाने के बाद बड़ा बवाल किया। विदेशी नागरिकों ने इस दौरान सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ बुरी तरह मारपीट की तथा उसे जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के कारण पीड़ित को काफी चोटें आई हैं। ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 में स्लेटर सिग्मा-4 के स्टेट मैनेजर जीतू चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि देर रात दो गाडियों में सवार होकर कुछ अफ्रीकी मूल के नागरिक सोसायटी में पहुंचे। गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने विदेशी नागरिकों को एंट्री से रोक दिया। जिसके बाद दोनों गाडियों में सवार नाइजीरियन नागरिक कार से बाहर निकल गाए और हंगामा शुरू कर दिया।

कराची टू नोएडा फिल्म की शूटिंग शुरू

नोएडा। पाकिस्तान से नोएडा आने वाली सीमा हैदर जमकर सुर्खियों में रहीं। सीमा पर बन रही फिल्म कराची टू नोएडा की शूटिंग मंगलवार को शुरू हो गई। सीमा सचिन की लव स्टोरी पर बन रही ये फिल्म प्रोड्यूसर अमित जानी बना रहे है। आज से फिल्म की शूटिंग का काम भी चालू हो गया है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में फिल्म की शूटिंग की जाएगी। मंगलवार को प्रोड्यूसर अमित जानी ने नारियल फोड़कर फिल्म की शूटिंग शुरू की। फिल्म में अभिनय करने वाले कलाकार दीप राज राणा, रोहित चौधरी, अहसान खान, फरहीन फलक, आदित्य राघव, महंत बिजेन्दर नाथ, मनोज बख्शी समेत क्रू सोनीपत पहुंचा है।

AXIS BANK LTD.

शुद्धिपत्र

कृपया इस समाचार पत्र में दिनांक 06-10-2023 को प्रकाशित पूर्व विज्ञापन "स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना" देखें।
यह नोट करें कि विज्ञापन का अंतिम पाठ मुद्रित करते समय असावधानी के चलने एक टंकण त्रुटि हुई है जिसमें निम्नलिखित ऋणखातों में "सकल भार" एवं "शुद्ध भार" का विवरण प्रकाशित विवरण के स्थान पर नीचे दिए विवरण के अनुसार पढ़ें।

क्र. सं.	ग्राहक का नाम	ऋण खाता संख्या	सकल भार	शुद्ध भार	शाखा नाम
1	राहुल कुमार शर्मा	XXXXXXXXXXX2550	74.000	71.950	दरियागंज, दिल्ली (डीएल)
2	मुस्कान	XXXXXXXXXXX7106	22.400	21.600	ज्योति नगर दिल्ली (डीएल)
3	सुमित बिधूडी,	XXXXXXXXXXX8542	176.600	165.200	कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल)
4	संजय सिंह	XXXXXXXXXXX7825	18.700	18.160	मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल)
5	जगजीत कौर	XXXXXXXXXXX5632	16.500	15.600	रोहिणी, दिल्ली (डीएल)
6	बोबी	XXXXXXXXXXX0498	17.800	17.000	रोहिणी, दिल्ली (डीएल)
7	सरबजीत कौर	XXXXXXXXXXX6879	72.100	68.850	रोहिणी, दिल्ली (डीएल)
8	अभिषेक	XXXXXXXXXXX8412	18.600	18.140	फरीदाबाद (एचआर)
9	मोनू	XXXXXXXXXXX0932	47.300	45.200	फरीदाबाद (एचआर)
10	क्षितिज शर्मा	XXXXXXXXXXX0659	122.700	102.780	फरीदाबाद (एचआर)
11	रवीन्द्र शीशराम	XXXXXXXXXXX4640	27.100	26.100	पैराडाइज मॉल एस गुर एचआर
12	मोनिका	XXXXXXXXXXX4672	42.100	40.200	सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर)
13	अनिमेष आदित्य	XXXXXXXXXXX2904	36.400	34.900	नोएडा (यूपी)

यह शुद्धिपत्र उक्त प्रकाशन की निरंतरता में पढ़ा जाना चाहिए। अन्य सभी मदें अपरिवर्तित रहेंगी।
स्थान : दिल्ली तिथि : 11-10-2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	पवन कुमार/परवीन यादव LBBWD00004662969	यूनिट नंबर 4003, दूसरी मंजिल, ब्लॉक सी, आरएलएफ ''द पार्क'', खसरा नंबर 200, 201, 202, 519/ 189, 191, 181, 518/193, 523/ 193 और 192, ग्राम शाहपुर, तिजारा, अलवर, राजस्थान- 301411/ अक्टूबर 06, 2023	मई 20, 2023 रु. 22,06,255.00/-	गुड़गाँव/ तिजारा

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : अक्टूबर 11, 2023
स्थान : गुड़गाँव
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	प्रवीण कुमार मल्होत्रा/ प्रियंका मल्होत्रा/ LBDEL00002414855	फ्लैट नंबर 2828, दूसरी मंज़िल, ब्लॉक-सी-1, कंट्री होम स्कीम, सुशांत लोक फेस -I गुड़गाँव, हरियाणा/ अक्टूबर 06, 2023	अप्रैल 28, 2022 रु. 31,73,188/-	दिल्ली/ एन.सी. आर.

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : अक्टूबर 11, 2023
स्थान : दिल्ली/एन.सी.आर.
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	आनंदप्रकाश नैथानी/ चिंतन नैथानी/ LBGHZ00002941703	फ्लैट नंबर डी-503, 5वीं मंजिल (बिना छत के), ब्लॉक-डी, राजहंस प्रीमियर अपार्टमेंट ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर-4/4 पर, अहिंसा खंड-1, इंदिरापुरम गाजियाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद-201001/ अक्टूबर 06, 2023	अप्रैल 25, 2023 रु. 28,84,415/-	दिल्ली एवं एनसीआर
2.	अनिता/ रूपेश दुबे/ LBDEL00002900950	फ्लैट नंबर सी/504, 5वीं मंजिल, टॉवर-सी, मोती रेजीडेंसी, खसरा नंबर 238 पर स्थित, गाँव-मोर्टा, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58 के पास, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद/ अक्टूबर 06, 2023	मई 16, 2023/ रु. 32,78,902/-	दिल्ली एवं एनसीआर
3.	अर्जुन शर्मा/ कुसुम शर्मा/ टॉय अड्डा/ LBNOD00005308499/ LBNOD00005319044	फ्लैट नंबर-बी5/402, चौथी मंजिल, पंचशील प्राइम-390 मुख्य हापुड रोड पर स्थित, ग्राम हर्सौ, गाजियाबाद- 201001/ अक्टूबर 06, 2023	जून 20, 2023/ रु. 44,96,798/-	दिल्ली एवं एनसीआर
4.	रविकुमार गोयल/प्रतिक्षा गोयल/ LBNOD00004857927	यूनिट नंबर-टी4/1102, 11वीं मंजिल, ड्रीम होम्स, वेव सिटी, एनएच 24, सेक्टर 5, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201001/ अक्टूबर 06, 2023	मई 18, 2023/ रु. 20,36,203/-	दिल्ली एवं एनसीआर
5.	देवीशरण चौहान/पम्मी चौहान/ LBGHZ00003511039	फ्लैट नंबर-ए-1009, 10वीं मंजिल ''प्लेटिनम 321'', टॉवर ए, खसरा नंबर 897, एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद/ अक्टूबर 06, 2023	अप्रैल 25, 2023 रु. 28,59,241/-	दिल्ली एवं एनसीआर
6.	अन्नपूर्णा श्रीवास्तव/ सान्वी श्रीवास्तव-नाबालिग/ समृद्ध श्रीवास्तव-नाबालिग/ LBNOD00005214796	प्लॉट नंबर 515, ब्लॉक ए, सेक्टर 46, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा/ अक्टूबर 06, 2023	जून 15, 2023/ रु. 1,28,36,385/-	दिल्ली एवं एनसीआर
7.	प्रभुनारायण मिश्रा/ गौरी मिश्रा/ LBNOD00002182273	फ्लैट बियरिंग नंबर जीएफ 17, ग्राउंड फ्लोर, टॉवर-बी, ''गार्डेनिया गेटवे'', प्लॉट नंबर 10 पर स्थित, इको सिटी, सेक्टर-75, गौतमबुद्ध नगर नोएडा/ अक्टूबर 06, 2023	मई 16, 2023/ रु. 65,71,941/-	दिल्ली एवं एनसीआर
8.	शशिभूषण उपाध्याय/ सुरभि उपाध्याय/ LBDEL00004928446	फ्लैट नंबर 2003, 20वीं मंजिल, टॉवर यू, ''द हाइड पार्क'', जीएच-003 पर स्थित, सेक्टर-78, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा/ अक्टूबर 06, 2023	जून 09, 2023/ रु. 79,10,942/-	दिल्

विधायक अमानतुल्लाह के घर ईडी का छापा

धन शोधन जांच से जुड़ी है कार्रवाई , दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए वित्तीय गड़बड़ी करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। पार्टी ने कहा कि उसके विधायक अमानतुल्ला खान पर ईडी द्वारा उस मामले में छापेमारी की जा रही है जिसमें उन्हें पिछले साल जमानत मिल गई थी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने खान और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत मंगलवार को दिल्ली में खान के परिसरों पर छापेमारी की।

खान (49) दिल्ली विधानसभा में ओखला सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप नेता राघव चड्ढा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा विपक्षी गठबंधन इंडिया से डरी हुई है। उन्होंने कहा, वह कहना चाहते है कि भाजपा शासित राज्यों में एजेंसियां चुप हैं जबकि गैर-भाजपा शासित राज्यों में वे आक्रामक हैं।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी द्वारा दर्ज किए गए लगभग 95 प्रतिशत मामले विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के खिलाफ हैं। जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से कांग्रेस, शिवसेना, तृणमूल कांग्रेस और अन्य सदस्य दलों के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। ए है गठबंधन का डर।

भारतीय जनता पार्टी का आप पर विशेष स्नेह होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके (आप के) नेताओं सत्येंद्र जैन, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को झूठे मामलों में गिरफ्तार किया गया, जहां गलत तरीके से अर्जित धन का कोई निशान नहीं मिला। जमानत पर अदालत का आदेश पढ़ते हुए चड्ढा ने कहा, आज वे विधायक अमानतुल्लाह खान के आवास पर छापेमारी की।

पिछले साल सितंबर में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें इसी मामले में जमानत दे दी गई थी। इस मामले पर अदालत ने एसीबी को फटकार लगाई थी। इसके अलावा, चड्ढा ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर अंतरिम आदेश पर रोक लगाने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी। अंतरिम आदेश में राज्यसभा सचिवालय को उन्हें आवंटित सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोक दिया था। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया गया, जो इसे बुधवार को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गई।

उन्होंने कहा, जब से यह मुद्दा सामने आया है, मुझे देशभर के लोगों से बहुत प्यार मिल रहा है। पहले तो मुझे भाजपा के खिलाफ मुखर होने के कारण राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया और फिर सरकारी आवास छीनने की कोशिश की जा रही है। लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे मुझे लोगों को दिलों से कैसे निकालेंगे। चड्ढा ने कहा कि वह अपनी राज्यसभा सदस्यता और अपने सरकारी आवास के लिए तथा भाजपा के अत्याचार के खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, मैं चुप नहीं रहूंगा। मैं भगत सिंह का शिष्य हूं।

अरुंधति रॉय और शेख शौकत के खिलाफ चलेगा मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अरुंधति रॉय

- उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने वर्ष 2010 में सार्वजनिक समारोह में उनके भड़काऊ भाषणों पर केस चलाने की दी मंजूरी

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ उनके कथित भड़काऊ भाषणों के एक मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी।

दोनों पर वर्ष 2010 में राष्ट्रीय राजधानी में एक सेमिनार के दौरान भारत विरोधी टिप्पणी करने का आरोप था। आजादी द ओनली वे नामक एक सम्मेलन में उनके भाषणों को लेकर सुशील पंडित और 'रूट्स इन कश्मीर' नाम के एक कश्मीरी पंडित संगठन द्वारा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। उपराज्यपाल ने कहा कि अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया धारा 153ए , 153बी और 505 के तहत अपराध दर्ज करने का आदेश नई दिल्ली के मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट ने 27 नवंबर 2010 को दिया था, जिसके बाद इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने माना कि राष्ट्रीय राजधानी में एक सार्वजनिक समारोह के दौरान रॉय और केंद्रीय विश्वविद्यालय, कश्मीर के अंतर्राष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. हुसैन द्वारा दिए गए भाषणों के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए, 153 बी और 505 के तहत प्रथम दृष्टया अपराध का मामला बनता है। हालांकि, राजद्रोह का मामला बनने के बावजूद, आईपीसी (देशद्रोह) की धारा 124 ए के तहत मंजूरी नहीं दी गई है, क्योंकि 11 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय ने एक अन्य मामले में निर्देश दिया है कि आईपीसी की धारा 124ए के तहत दर्ज सभी लंबित मामलों, अपीलों और कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाए। बाद में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने इस मामले को 12 सितंबर 2023 को संविधान पीठ को भेज दिया था।

जांच एजेंसी आप नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती है तो केजरीवाल सवाल खड़ा करते हैं : सचदेवा

जन जागरण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रेस वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी व अन्य।

भाजपा के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के प्रमुख चौक चौराहों पर केजरीवाल सरकार के कथित शराब घोटाले एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों पर युवा कार्यकर्ता तख्ती लेकर खड़े रहे जिनपर नारे लिखे थे जैसे शराब की यारी पड़ गई भारी, अब तो यह स्पष्ट है केजरीवाल भ्रष्ट है।

आईटीओ चौक के पास अभियान चला रहे युवा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी जनजागरण अभियान में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सचदेवा ने कहा कि आज कोर्ट में संजय सिंह की पेशी है लेकिन उनके लोगों ने सड़कों पर उतरकर इस बात को साबित कर दिया कि उन्हें अदालत पर भरोसा नहीं है। सचदेवा ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के घर पर रेड पड़ने पर आप के सभी नेताओं में हलचल दिखने लगी है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और अगर यही जांच एजेंसी छतीसगढ़ में कार्रवाई करती है तो आप मुखिया उसका स्वागत करते हैं।

आप की लीगल सेल ने सुप्रीम कोर्ट तक निकाला मोर्चा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी दिल्ली और हरियाणा राज्य की लीगल सेल ने मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने से पहले दोपहर में पटियाला हाउस कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक मोर्चा निकाला। जिसमें बड़ी संख्या में वकीलों में हिस्सा लिया। वकील संजीव नसीयर ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंप कर मोर्चे का समापन किया।

ज्ञापन में 17,500 वकीलों के हस्ताक्षर थे। ऐसे में पूरे हिंदुस्तान के वकील इकट्ठा हो रहे हैं और अपने हक की मांग कर रहे हैं।

लीगल सेल के अध्यक्ष एवं एडवोकेट संजीव नसीयर ने कहा कि संविधान को केंद्र सरकार द्वारा कमजोर किया जा रहा है।

डीटीसी मार्शलों ने बकाया नहीं मिलने पर रास्ता रोका

- आईएसबीटी कश्मीरी गेट और तीस हजारी अदालत के बीच लगा भीषण जाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चक्का जाम करने के दौरान लगा भीषण जाम।

दिल्ली परिवहन निगम में बस मार्शल के रूप में तैनात सैकड़ों की संख्या में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने अपने बकाए के भुगतान की मांग को लेकर आईएसबीटी और तीस हजारी अदालत के बीच सड़क जाम की।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, प्रदर्शन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने बताया कि नागरिक सुरक्षा स्वंयसेवकों ने कश्मीरी गेट के समीप तीस हजारी की ओर जानी वाली सड़क को जाम कर दिया। एक अधिकारी ने बताया, वे बिना अपने यूनियन नेताओं के प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं। हमने उनसे किसी भी तरह की यातायात अव्यवस्था से बचने के लिए तुरंत सड़कें खाली करने का अनुरोध किया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने यात्रियों को इन रास्तों पर यात्रा न करने की सलाह दी है। यातायात पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रदर्शन के कारण आईएसबीटी कश्मीरी गेट से तीस हजारी की ओर जाने वाली सड़क के लाला हरदेव सहाय मार्ग पर यातायात प्रभावित है। यातायात पुलिस ने यात्रियों को इस रास्ते पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

प्रदर्शन कर रहे यूनियन के एक सदस्य ने कहा, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को पिछले चार महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। उनका परिवार कैसे जीवनयापन करेगा? आज अपना विरोध दर्ज कराने के लिए स्वयंसेवक उपराज्यपाल आवास का घेराव करना चाहते थे। उन्हें यह भी सुनने में आया है कि उनकी नौकरियों पर भी तलवार लटकी हुई है।

आबकारी मामला: संजय सिंह की ईडी हिरासत 13 तक बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- विशेष न्यायाधीश ने केंद्रीय जांच एजेंसी के दायर एक आवेदन पर दिया आदेश

राजधानी की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। ईडी अब तीन और दिन सिंह से पूछताछ कर सकेगी।

विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन पर यह आदेश दिया। ईडी ने संजय सिंह पर जांच में सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए उनकी हिरासत की अवधि पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था। सिंह की हिरासत अवधि मंगलवार को समाप्त हो रही थी।

ईडी की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि मामले में भारी-भरकम राशि का लेनदेन हुआ, जिसका पता लगाने के लिए सिंह से और पूछताछ करने की आवश्यकता है। सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने दावा किया कि ईडी के पास इस मामले में आप नेता की हिरासत बढ़ाने की मांग करने का कोई आधार नहीं है क्योंकि यह सह-अभियुक्त अमित अरोड़ा के बदलते बयानों पर आधारित है। उन्होंने अदालत से कहा, मैं (सिंह) आपके मनगढ़ंत आरोपों को स्वीकार नहीं करूंगा। हिरासत बढ़ाने को लेकर हुई जिरह के अंत में, सिंह ने न्यायाधीश के सामने दावा किया कि ईडी ने उन्हें गुप्त उद्देश्य से अपने कार्यालय से बाहर निकालने की कोशिश की। सिंह ने न्यायाधीश से कहा, सुनवाई की पिछली तारीख पर आपके द्वारा (ईडी को) रिमांड दिए जाने के बाद, रात 10 बजे मुझे बताया गया कि मुझे कहीं और ले जाया जा रहा है। मैंने पूछा कि उन्होंने अदालत को सूचित क्यों नहीं किया। उन्होंने (ईडी अधिकारियों ने) कहा कि रासायनिक कीटनाशक के छिड़काव का कुछ मुद्दा है।

उन्होंने कहा कि उनके पास ऊपर से लोगों के फोन आए हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं अदालत के आदेश के बिना बाहर नहीं जाऊंगा। उन्होंने मुझसे यह बात लिखित में देने को कहा।

आप नेता ने दावा किया, अगले दिन उन्होंने (ईडी अधिकारियों ने) वही बात कही। उनका कुछ गुप्त उद्देश्य था। मैंने पूछा कि अगर मैं मुठभेड़ में मारा गया तो क्या होगा, कौन जिम्मेदार होगा? उन्होंने कहा कि वे जिम्मेदार होंगे।

धूल रोधी मानदंडों का उल्लंघन करने पर एनबीसीसी को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- निर्माण अपशिष्ट को खुले फेंका गया और एंटी-स्मॉग गन काम नहीं कर रहे थे

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को एक परियोजना स्थल पर धूल नियंत्रण मानदंडों के कथित उल्लंघन के लिए केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली निर्माण कंपनी एनबीसीसी इंडिया को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार के धूल-रोधी अभियान के तहत गोपाल राय ने मंगलवार को कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन के पास एनबीसीसी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि निर्माण अपशिष्ट को खुले में ही फेंका जा रहा था और एंटी-स्मॉग गन काम नहीं कर रहे थे।

पर्यावरण मंत्री ने डीपीसीसी को फर्म को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया और कहा कि यदि उल्लंघनकर्ता 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब देने में विफल रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। गोपाल राय ने शनिवार को राजधानी में धूल प्रदूषण को रोकने के लिए एक महीने तक चलने वाला अभियान शुरू किया और कहा कि प्रासंगिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। धूल-रोधी अभियान में 500 वर्ग मीटर से अधिक के सभी स्थलों पर धूल नियंत्रण उपकरण की स्थापना जैसे उपाय शामिल हैं तथा एक वेब पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि धूल-कण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 591 टीम गठित की गई हैं, 530 वाटर स्प्रिंकलर (जल छिड़काव मशीनों) की मदद ली जा रही है तथा 258 धूल-कण रोधी सचल उपकरणों की भी सेवा ली जा रही है। राय ने कहा कि दिल्ली में सबसे अधिक प्रदूषण वाले 13 स्थानों के लिए अलग-अलग एवं विशिष्ट कार्ययोजनाएं तैयार की गई हैं और उसके लिए 40 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के वायु गुणवत्ता आंकड़ों को आधार बनाया गया है।

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में मंगलवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से रिपोर्ट मांगी।

पीठ ने सर्दी के दौरान वायु प्रदूषण की समस्या और पराली जलाए जाने को लेकर न्याय मित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहीं वरिष्ठ वकील की दलीलों पर गौर किया। अदालत ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर को तय की है। न्यायमित्र ने सर्दी आने पर पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को चिह्नित किया और कहा है कि ए मुद्दे सीएक्यूएम के समक्ष हैं।

दो गुटों के झड़प में दो लोगों की मौत

- तीनों उत्तर पश्चिमी दिल्ली में आपराधिक मामलों आरोपी हैं और उनका दूसरे समूह के साथ पैसों का था विवाद : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में दो गुटों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना सोमवार को हुई और मृतकों की पहचान रघु तथा भूरा के रूप में की गई है। रघु, भूरा और इनके एक साथी ने सोमवार रात आठ बजे अशोक विहार के जेलर वाला बाग में निजी दुश्मनी को लेकर रविकांत उर्फ डब्लू पर कथित तौर पर हमला किया था। रघु और भूरा ने डब्लू पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, इसके कुछ देर बाद डब्लू के साथियों ने रघु और भूरा पर चाकू तथा पत्थरों से हमला कर दिया।

किसी ने दोनों पर गोली भी चलाई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि रघु और भूरा का साथी किसी तरह वहां से भाग निकला।

अधिकारी के मुताबिक, डब्लू को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले में आगे की जांच जारी है।

सरकारी बंगला आवंटन विवाद

राघव चड्ढा ने निचली अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्यसभा सचिवालय ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को आवंटित किए सरकारी बंगले का आवंटन रद्द कर दिया है। इस पर रोक के लिए चड्ढा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। चड्ढा ने उन्हें आवंटित सरकारी बंगले को खाली कराने से राज्यसभा सचिवालय को रोकने वाले एक अंतरिम आदेश को रद्द करने के एक निचली अदालत के फैसले को मंगलवार को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका आई। मामले की सुनवाई बुधवार को होगी। चड्ढा की वकील ने अदालत को बताया कि सांसद को नोटिस जारी किया गया है और बंगला खाली कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें बंगले के आवंटन को रद्द करने पर निचली अदालत ने रोक लगा दी थी जिसे अब हटा लिया गया है। निचली अदालत ने पांच अक्टूबर के एक आदेश में कहा था कि चड्ढा यह दावा नहीं कर सकते कि उन्हें आवंटन रद्द होने के बाद भी राज्यसभा सांसद के रूप में अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सरकारी बंगला रखने का अधिकार है। निचली अदालत ने 18 अप्रैल को पारित एक अंतरिम आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की थी, जिसमें राज्यसभा सचिवालय को चड्ढा से सरकारी बंगला खाली नहीं कराने का निर्देश दिया गया था। निचली अदालत ने कहा था कि चड्ढा को उचित कानूनी प्रक्रिया के बिना अंतरिम राहत दी गई थी।

निचली अदालत ने इस दलील को खारिज कर दिया था कि सांसद के रूप में आवास के आवंटन को सदस्य के पूरे कार्यकाल के दौरान किसी भी परिस्थिति में निरस्त नहीं किया जा सकता। चड्ढा को पिछले साल छह जुलाई को पंडारा पार्क में टाइप 6 बंगला आवंटित किया गया था लेकिन उन्होंने 29 अगस्त को राज्यसभा के सभापति को ज्ञापन सौंपकर टाइप 7 बंगला आवंटित करने का अनुरोध किया था। इसके बाद उन्हें पंडारा रोड पर एक अन्य बंगला आवंटित कर दिया गया।

कुल्लू दशहरा के लिए तैयार हिमाचल प्रदेश

- रामलीला समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने राजधानी में दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश हाल ही में आई आपदा पर मरहम लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय कुल्लू महोत्सव के लिए तैयार है। यह बात मंगलवार को राजधानी में आयोजित कुल्लू दशहरा महोत्सव के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में मुख्य संसदीय सचिव एवं दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुन्दर सिंह ठाकुर ने कही। इसके साथ ही भारत अंतरराष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत उत्सव के 9वें संस्करण की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर हिमाचाल सरकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य संसदीय सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुन्दर सिंह ठाकुर ने दशहरा उत्सव पर एक टीजर जारी कर एक पुस्तिका विमोचन किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने आपदा के उपरान्त युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का संचालन किया है। इस अवसर पर सुन्दर सिंह ठाकुर ने कहा इस वर्ष 24 से 30 अक्तूबर तक यह उत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशहरा उत्सव में 25 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय कार्निवल तथा 30 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवल भी आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे। इस उत्सव में लगभग 20 देशों को भी प्रतिभाग के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि, दिल्ली में राज्य सरकार की सलाहकार नंदिता गुप्ता, प्रधान आवासीय आयुक्त सुशील कुमार सिंगला आदि मौजूद थे। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि अटल टनल के खुलने से चंडीगढ़ से कुल्लू तक की सड़क मार्ग से यात्रा समय दो घंटे कम हो गया है। पहले यात्रा में छह घंटे लगते थे जो जबकि अब सिर्फ चार घंटे लगेंगे। उन्होंने कहा कि मार्ग में 15 में से 13 यातायात सुरंगें वाहनों के लिए खुल चुकी हैं।

17वीं शताब्दी से महोत्सव का आयोजन

सुन्दर सिंह ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव 17वीं शताब्दी से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ इस उत्सव का आगाज होता है और इसमें 300 से अधिक स्थानीय देवी-देवता भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशहरा उत्सव में 25 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय कार्निवल तथा 30 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवल भी आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे।

कॉलेज उत्सवों की सुरक्षा में चूक अफसरों की उदासीनता : कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- उच्च न्यायालय ने घटनाओं का स्वतः संज्ञान लिया है और अधिकारियों को इस दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया

उच्च न्यायालय ने कॉलेज में आयोजित उत्सवों की सुरक्षा में सेंधमारी की घटनाओं का स्वतः संज्ञान लिया है और अधिकारियों को इस दिशा में कार्वाई करने का निर्देश दिया है। न्यायालय का यह निर्देश आआईटी-दिल्ली में हुई घटना के बाद आया है।

इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कई छात्राओं ने आरोप लगाया है कि संस्थान में आयोजित उत्सव के दौरान एक फैशन शो के लिए आईआईटी-दिल्ली के वॉशरूम में कपड़े बदलते समय गुप्त रूप से उनका वीडियो बनाया गया था। मामले में सुनवाई 10 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश सतीश शर्मा की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने सोमवार को पारित आदेश में कहा कि यह जरूरी है कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षा में सेंधमारी की ऐसी घटनाओं का सामना करने के डर के बिना इस तरह के आयोजनों में हिस्सा ले सकें।

उच्च न्यायालय के समक्ष इससे पहले फरवरी 2020 में दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में आयोजित एक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न का मामला भी सामने आया था। उसने कहा कि दुर्भाग्य से इस अदालत के सामने ऐसे आयोजनों के दौरान छात्राओं के उत्पीड़न के कई और मामले आ रहे हैं।

इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति सुरक्षा व्यवस्था लागू करने के मामले में ऐसे उत्सवों का आयोजन करने वाले अधिकारियों के उदासीन रवैए को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले या शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पीठ ने कहा, ऐसे में उपरोक्त मामले के मद्देनजर यह अदालत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कॉलेजाविश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित उत्सवों में, विशेष रूप से छात्राओं के संबंध में सुरक्षा में सेंधमारी के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेना उचित समझती है।

बैंक, एटीएम की सुरक्षा को लेकर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बैंकों और एटीएम की सुरक्षा को लेकर डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह ने बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्हें निर्देश दिए कि बैंक और एटीएम की सुरक्षा पुख्ता की जाए। दोनों स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाएं, ताकि कोई अप्रिय घटना हो तो आरोपियों की पहचान करना आसान हो सके।

पुलिस आयुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में जिला के सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ

डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह ने ली बैंकों के अधिकारियों की बैठक

डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह ने संवेदीकरण बैठक ली। डीसीपी ने बैंकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एटीएम और बैंक परिसरों में अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सेल कैमरे लगाने का सुझाव दिया। मीटिंग के माध्यम

गुरुग्राम के बैंक अधिकारियों की बैठक लेते डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह।

से बताया गया कि सभी एटीएम के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाएं, ताकि एटीएम मे प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके। साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में रात के दौरान एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए। बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस हेल्पलाइन नंबर-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचित किया जाए। इस मीटिंग में पुलिस उपायुक्त विजय प्रताप सिंह द्वारा सुझाव दिया गया कि सभी बैंकों को समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा लगाए गए कैमरे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। इस मीटिंग के माध्यम से सभी बैंक प्रबंधकों के साथ चर्चा की गई कि जब भी किसी मामले में पुलिस द्वारा बैंक से कोई जानकारी मांगी जाए तो बैंक उस जानकारी को प्राथमिकता से लें। मामले से संबधित जानकारी जल्द उपलब्ध करवाने का प्रयास करें, ताकि अपराधियों की पहचान कर मामले में आगे की कार्रवाई कर सके। सभी बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे सभी हेल्पलाइन नंबरों को अपने-अपने बैंकों में बोर्ड/एटीएम पर प्रदर्शित करें। खाता खुलवाने आये सभी बैंक कस्टमर का वेरिफिकेशन करें। इस मीटिंग के दौरान बैंकों की सुरक्षा से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और सुरक्षा से सम्बंधित सभी मुद्दों का हल निकालने के प्रयास करने पर जोर दिया गया।

नागरिक अस्पताल में दो लैब टेक्नीशियन ने महिला गार्ड से की छेड़छाड़

शराब पीकर ड्यूटी कर रहे थे दोनों टेक्नीशियन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में दो लैब टेक्नीशियन ने रात की ड्यूटी के दौरान वहां तैनात महिला गार्ड के साथ छेड़छाड़ की। दोनों लैब टेक्नीशियन शराब के नशे में थे। महिला गार्ड ने रात को ही पुलिस को सूचना दी। इस घटना की सूचना पर अस्पताल प्रबंधन भी हरकत में आया और दोनों आरोपियों के सेंपल लिए। अस्पताल प्रबंधन ने अपनी आंतरिक कमेटी से जांच की बात कही है।

नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में हिमांशु चौहान हिमांशु यादव बतौर लैब टेक्नीशियन कार्यरत हैं। एक एलटी ब्लड बैंक में है तो दूसरा अन्य विभाग में। सोमवार की रात को वे अस्पताल में ड्यूटी पर थे। वहां पर एक महिला गार्ड की भी ड्यूटी थी। बताया जा रहा है कि दोनों ने महिला गार्ड के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू की। जब वे नहीं माने तो महिला गार्ड ने शोर मचाया।

सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल।

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल की चौकी और सेक्टर-10 थाना से पुलिस अधिकारी रात को ही अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में रात्रि ड्यूटी पर तैनात एसएमओ ने दोनों आरोपियों के सेंपल लिए और पीआई भेजी। जांच में यह साबित हुआ कि दोनों ने ड्यूटी पर तैनाती के दौरान शराब पी रखी थी। अस्पताल की एसएमओ ने दोनों लैब टेक्नीशियन के खिलाफ एक्शन लेते हुए इस घटना की जांच के लिए कमेटी गठित की है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई पुलिस कार्रवाई नहीं हुई थी।

> **मेरे** संज्ञान में आया है कि दो लैब टेक्नीशियन ने रात को ड्रिंक कर रखी थी। सूचना मिलने पर ड्यूटी पर तैनात एसएमओ ने उनके सेंपल लिए और पीआई भेजी। दोनों ने शराब पी रखी थी, इसे देखते हुए कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए कमेटी बनाई गई है, जो तीन वर्किंग डे में रिपोर्ट देगी।
>
> **-जयमाला, पीएमओ, सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल**

अस्पताल में रोज निकलती हैं शराब की बोतलें, कार्यवाही कुछ नहीं

जिला नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में कर्मचारियों द्वारा शराब पीने की यह घटना पहली बार नहीं हुई है। अस्पताल की पार्क, कोने, छत, सीढ़ियों आदि में लगभग रोज शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलती हैं। जब सफाई कर्मचारी अस्पताल में सफाई करते हैं तो उनके आगे शराब की बोलतें आती हैं। सफाई के बाद अस्पताल के कूड़ा घर में शराब की खाली बोतलों का ढेर मिलता है। शराब की बोतलें मिलना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अस्पताल में शराब पीने वालों पर नजर कभी नहीं रखी गयी। अस्पताल परिसर में हाई क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। कोई भी कर्मचारी शराब की बोतलें लेकर अस्पताल पहुंचता है। शराब पीकर बोतलों की कहीं रखता है तो कैमरों की नजर से कैसे बचता है। इन सब की जांच शायद ही कभी की गई हो। हां, अस्पताल के पूर्व पीएमओ की तरफ से अस्पताल परिसर में शराब पीते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने जैसे लेटर जारी जरूर किए गए थे। शराबी कर्मचारियों पर शायद ही अब तक कोई कार्रवाई की गई हो। लैब टेक्नीशियन के द्वारा महिला गार्ड के साथ की गई छेड़छाड़ की घटना ने यहां अस्पताल प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े किए हैं। अस्पताल के अधिकारियों को भी पूरी जानकारी है कि यहां शराब पी जाती है। फिर भी इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखाई गई।

बोधराज सीकरी ने 45 श्रद्धालुओं को कराया गंगा स्नान तीर्थ

गुरुग्राम से समाजसेवी बोधराज सीकरी की ओर से सुविधा उपलब्ध कराने के बाद हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालु।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

समाजसेवी बोधराज सीकरी ने शहर के 45 श्रद्धालुओं को गंगा स्नान तीर्थ कराकर पुण्य कमाया। सीकरी कहते हैं कि तीर्थ यात्रा अध्यात्मक की ओर जाने का सुमार्ग है। हम सभी को किसी न किसी तीर्थ स्थल का भ्रमण करना चाहिए।

शहर के मदनपुरी एवं अन्य स्थानों के 45 श्रद्धालुओं को गंगा स्नान तीर्थ कराने के लिए समाजसेवी जगदीश सचदेव द्वारा बोधराज सीकरी से आग्रह किया गया। उन्होंने तुरंत ही तीर्थ यात्रियों के आने-जाने के दौरान उनके जलपान व्यवस्था व हरिद्वार में निशुल्क दो दिन के लिए जामपुर भवन में रहने की व्यवस्था की। इससे पहले भी वे हरिद्वार व वृंदावन श्रद्धालुओं को भेज चुके हैं।

लोगों ने उनके इस नेक कार्य को सराहा

अंधविद्यालय से भी बच्चां को वे तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं। बोधराज सीकरी ने कहा कि समय-समय पर तीर्थ यात्रा करने से दैनिक जीवन में चल रही परेशानियों से कुछ समय के लिए मुक्ति मिल जाती है।

मंदिर में आने वाले भक्तों के नकारात्मक विचार नष्ट होते हैं और सोच सकारात्मक बनती है। आमतौर पर अधिकतर प्राचीन तीर्थ और मंदिर ऐसी जगहों पर बनाए गए हैं, जहां का प्राकृतिक वातावरण हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। प्राचीन संस्कृति को जानने का मौका मिलता है। भगवान और भक्ति से जुड़ी मान्यताओं की जानकारी मिलती है। जिसका लाभ दैनिक जीवन की पूजा में मिलता है।

संक्षिप्त समाचार

मंगलवार को बस न चलने से छात्राओं को हुई परेशानी

मंगलवार को गुरुग्राम शिक्षा प्राप्ति के लिए जाने वाली छात्राएं बस का विशेष बस का इंतजार करते हुए।

सोहना। मंगलवार को गुरुग्राम और सोहना के बीच विशेष बस न जाने से छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस का काफी इंतजार करने के बाद छात्राओं ने सामान्य बस, सोसायटी और निजी वाहनों में बैठकर गुरुग्राम के लिए जाना पड़ा। प्रदेश सरकार के आदेशनुसार गुरुग्राम शिक्षा प्राप्ती के लिए जाने वाली छात्राओं के लिए हरियाणा रोडवेज ने विशेष बस चलाई हुई है। लेकिन कभी-कभी उक्त बस दो से तीन दिन के लिए बंद हो जाती है। जिससे छात्राओं को गुरुग्राम अपने शिक्षण संस्थान में समय पर नहीं पहुंच पाती है। क्योकि विशेष बस के न आने से छात्राओं को अन्य वाहनों का सहारा लेना होता है। ऐसा ही मंगलवार को हुआ। जब छात्राओं के लिए चलने वाली विशेष बस नहीं आई। यह बस सुबह साढ़े 7 बजे सोहना सामान्य बस स्टैंड से चलती है। लेकिन मंगलवार को 8 बजे तक छात्राओं के साथ उन्हे छोड़ने आए अभिभावक खड़े रहे। आखिर 8 बजे के बाद छात्राओं ने अन्य वाहनों में बैठकर गुरुग्राम के लिए जाना पड़ा। अक्सर होती है बस मिश छात्रा साक्षी का कहना है कि बस कई बार बीच-बीच में बंद हो जाती है। जिससे छात्राओं को परेशानी होती है। इससे पहले भी तीन दिन तक बस बंद रही थी। स्नेह लता का कहना है कि रोड़वेज को एक बस के न आने पर दूसरी बस छात्राओं के लिए भेजनी चाहिए। बस स्टैंड निरीक्षक गोबिंद बोकन ने कहा कि छात्राओं के लिए चलने वाली विशेष बस के परिचालक को जरुरी कार्य के कारण छुट्टी जाना पड़ा। जिससे बस नहीं जा सकी। भविष्य में छात्राओं को बस की समस्या नहीं आएगी। एक बस के न आने पर दूसरी बस को भेजा जाएगा।

महिला ने पति व ससुर के खिलाफ कराया मारपीट का मामला दर्ज

सोहना। दिव्यांग विवाहिता ने पति और ससुर पर लगाया कमरे में बंद करके जवान बेटी के संग लाठियों से हमला करके मारने का आरोप। पीड़ित मां-बेटी को उपचार के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने मां व बेटी को उपचार के लिए गुरुग्राम के सेंक्टर 10 नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपी पति व ससुर के खिलाफमामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है। खंड के गांव सहजावास निवासी विवाहिता गीता ने पुलिस को बताया कि उसके चार बच्चें है। चार बच्चों में तीन बेटियां बड़ी और सबसे छोटा बेटा है। दो बेटियां जवान और शादी करने योग्य है। लेकिन उसका पति ज्ञानपाल व ससुर उसे शादी के बाद से ही मारपीट करते रहे है। जिनका यह व्यवहार चार बच्चें होने के बाद भी नहीं बदला है। गीता ने बताया कि वह दाए पैर से दिव्यांग होते हुए अपने चारों बच्चों को पालन पोषण कपड़ों की सिलाई करके व पिता के घर से खर्चा मंगवाकर कर रही है। जब भी वह परिवार के पालन पोषण का खर्चा मांगती है। तभी पति व ससुर उसे बच्चों संग मारते है और घर छोड़कर चले जाने को कहते है। अब उसकी दो बेटियां तो शादी करने योग्य है। जिसको लेकर उसका पति व ससुर का ध्यान नहीं जाता है। गीता ने बताया कि आए दिन उसके तथा उसके चारों बच्चों को पिटना व जान से मार देने की धमकियां सुन सुनकर वह और बच्चें तंग आ चुके है। पीडिता दिव्यांग महिला ने बताया कि उसने पुलिस को पहले भी पति व ससुर के खिलाफ शिकायतें देती रही है। लेकिन पुलिस ने उसकी पीढ़ा को न समझते हुए आरोपियों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की।

एसडीएम कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री पंजीकरण की कवायद शुरु

सोहना एसडीएम कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री का पंजीकरण कार्य शुरु हो गया है। एक दिन में 10 से 12 रजिस्ट्रियां हो रही है। मंगलवार तक करीब 50 रजिस्ट्रियां हुई है। सितम्बर माह में प्रदेश सरकार के आदेश पर राजस्व विभाग ने जमीनों की रजिस्ट्री पंजीकरण के लिए नया पोर्टल शुरु किया था। जिसके तहत तहसील कार्यालय के अलावा एसडीएम और डीआरओं कार्यालय में भी आम लोगों को अपनी जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण कराने के अनुमति दे दी गई थी। जिसमें ऑनलाइन काटे जाने वाले टोकन पर ही जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण कराने का स्थान मिल रहा था। नये पोर्टल ने अक्तबूर के पहले सप्ताह में कार्य शुरु नहीं किया था। लेकिन अब पोर्टल चालू होने के साथ ही एसडीएम और डीआरओ कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य शुरु हो गया है। एसडीएम कार्यालय में बना अलग से डैक्स जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण पोर्टल शुरु होने के साथ ही स्थानीय एसडीएम कार्यालय में बना सरल केन्द्र में विशेष बूथ स्थापित करके चालू किया है। जिस पर जमीन रजिस्ट्री पंजीकरण कराने वालों की संख्या कम आ रही है। यहा आने वाले वाले लोगों को जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण कराने वालों को अधिक देर तक इंतजार करना नहीं पड़ रहा है। जमीन की रजिस्ट्री कराने में रुची कम एसडीएम कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री वालों के एक दिन में 30 से 35 टोकन पंजीकृत हो रहे है। लेकिन यहा पर 10 से 12 लोग ही पंजीकरण कराने के लिए आ रहे है। सूत्रों के अनुसार यहा पर लोग अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराने में कम रुची ले रहे है। यही कारण है रजिस्ट्री पंजीकरण के लिए बार-बार ऑनलाइन टोकन काट रहे है। पहली बार में न सही दूसरी बार में टोकन का नंबर तहसील कार्यालय में आने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इस विषय में एसडीएम सोहना प्रदीप सिंह ने कहा कि जमीन रजिस्ट्री पंजीकरण का नया पोर्टल शुरु होने के साथ ही उन्होने काउंटर चालू करा दिया है, जिससे तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों को सुविधा होने के साथ वहां लगने वाली लंबी लाइन कम हो जाएगी।

सोहना एसडीएम कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री पंजीकरण के लिए बना नया डैक्स।

स्थानीय उद्यमों व छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए लगेगा पांच दिवसीय व्यापार मेला : हितेश मीणा

गुरुग्राम में व्यापार मेले को लेकर बैठक लेते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला में छोटे उद्यमों व व्यवसायियों को बढ़ावा देने, उनके उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन व्यापार मेला लगाएगा। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर इस पांच दिवसीय व्यापार मेले की रूपरेखा की तैयारियों की समीक्षा की।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि स्थानीय उद्यमों और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जिले में वर्ष में एक बार जिला व्यापार मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन व्यापार मेलों का उद्देश्य स्थानीय उद्यम विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठन को बढ़ावा देना, उद्यमों और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देना और ऐसे स्थानीय उद्यमों को एक बड़े बाजार तक पहुंचने के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में लेजर वैली ग्राउंड में पांच दिवसीय 25 से 29 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक जिला व्यापार मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एक्सपो का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में कुल 400 स्टाल रहेंगे, जिसमें 300 स्टाल एक्सपो व 100 स्टाल जिला व्यापार मेले की लगाई जाएंगी। हर साल सूरजकुंड में लगने वाले हस्त शिल्प मेले की तर्ज पर इस मेले में

एडीसी मीणा ने व्यापार मेले को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

लेजर वैली ग्राउंड में 25 से 29 अक्तूबर तक लगेगा जिला व्यापार मेला

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीण अंचल में लघु उद्योग चलाने वाले लोगों के लिए भी स्टॉल लगाने का अवसर प्रदान किया गया है। मेले में आमजन का प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है।

एमएसएमई गुरुग्राम से संयुक्त निदेशक सतीश कुमार ने बताया कि जिला व्यापार मेले में स्टाल बुक करने के जो भी इच्छुक संस्थान, यूनिवर्सिटी, हरियाणा ट्रेडर वेलफेयर के सदस्य, स्वयं सहायता समूह, शिल्पकार व ऐसे व्यक्ति या समूह जो सरकारी योजना का लाभ लेकर सफलतापूर्वक अपने उद्योगों का संचालन कर रहे हैं आदि अपने आवेदन 20 अक्टूबर से पहले a d - grg.msme@hry.gov.in पर भेज सकते हैं। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, एलडीएम अशोक कुमार जुलाहा, इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट एसोसिएशन के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को मिला नेशनल इमर्जिंग यूनिवर्सिटी अवार्ड

न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा के हाथों कुलपति डॉ. राज नेहरू ने ग्रहण किया अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को नेशनल इमर्जिंग यूनिवर्सिटी अवार्ड से नवाजा गया है। सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा ने कुलपति डॉ. राज नेहरू को यह सम्मान प्रदान किया। भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा दिल्ली में आयोजित इस समारोह में शिक्षा और न्याय के क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय श्रेणी में यह पुरस्कार मिला है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस पुरस्कार के लिए भागीदारी जन सहयोग समिति के प्रति कृतज्ञता जताई है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने दोहरी शिक्षा प्राणली के मॉडल को विकसित किया है। इसके माध्यम से न केवल नवाचार

न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा एवं भागीदारी जन सहयोग समिति के पदाधिकारियों से पुरस्कार प्राप्त करते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू।

हो रहा है, बल्कि कौशल आधारित अन्वेषण को भी बढ़ावा मिला है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि कौशल शिक्षा के माध्यम से बेरोजगारी की चुनौती से पार पाना हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। उसमें हमें सफलता भी मिल रही है। देश के दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के सामने बेहतर विकल्प और अवधारणा प्रस्तुत करना हमारा उद्देश्य है।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल पर चल कर दूसरे संस्थान भी युवाओं को जॉब रेडी बना सकते हैं। उन्होंने कहा प्रगति और उपलब्धियों के सफर में इस तरह के पुरस्कार प्रोत्साहन का काम करते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार देने के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू ने भागीदारी जन सहयोग समिति के मुख्य संस्थापक एवं गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर केके अग्रवाल, संरक्षक डॉ. राजेंद्र धर और महासचिव विजय गौड़ सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार मिलने पर कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा, डीन एकेडमिक्स अफेयर्स प्रोफेसर आर एस राठौड़, डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव और परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर निर्मल सिंह सहित विभिन्न अधिकारियों ने बधाई दी और विश्वविद्यालय को और नए मुकाम पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

नूंह हिंसा में गोली मारने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। नूंह दंगों में गोली चलाने वाले एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे सोहना में इंद्री मोड़ से काबू किया गया है। उसकी पहचान रीफाकत निवासी सोहना के रूप में हुई है। उप-निरीक्षक सत्यप्रकाश अपराध शाखा सोहना की टीम ने उसे काबू किया है। जानकारी के अनुसार 31 जुलाई 2023 को एक व्यक्ति ने थाना शहर सोहना में शिकायत देकर कहा कि 31 जुलाई को जब वह सोहना बाजार से जिम करके अंबेडकर चौक की तरफ जा रहा था, तभी उसके पैर में चोट लगी तथा खून बहने लगा।

वह घायल होकर अस्पताल पहुंचा। उपचार के दौरान पता लगा कि उसको गोली लगी है। सांप्रदायिक दंगों के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से इस पर गोली चलाई। इस शिकायत पर थाना शहर सोहना में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो आरोपियों मोहम्मद कैफ व मुस्तफा को पहले गिरफ्तार किया था। अब एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदूषण बढ़ाने वाली प्रतिबंधित गतिविधियों पर नजर रख रहा नगर निगम गुरुग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू किए गए ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की पालना सभी नागरिक सुनिश्चित करें। इसके तहत ऐसी कोई भी गतिविधि ना करें, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़े। नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में जीआरएपी की पालना सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग टीमें क्षेत्र में निगरानी रख रही हैं। अगर कोई व्यक्ति जीआरएपी की अवहेलना करता है, तो उसके चालान किए जा रहे हैं।

जीआरएपी लागू होने के बाद अब तक नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 23 उल्लंघनकर्ताओं के 98500 रूपए के चालान किए गए हैं। इनमें कचरा जलाने के मामले में एक उल्लंघनकर्ता पर 5000 रूपए, सीएंडडी वेस्ट मामले में 5 उल्लंघनकर्ताओं पर 50 हजार रूपए तथा ठोस कचरा प्रबंधन की अवहेलना पर 17 उल्लंघनकर्ताओं पर 43500 रूपए के चालान शामिल हैं। ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान के तहत किसी भी प्रकार के कचरे में आग लगाना, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा व मलबा फेंकना, बिना ढके निर्माण सामग्री रखना व ट्रांसपोर्ट करना प्रतिबंधित है।

इसके साथ ही निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों में पर्यावरणीय नियमों की पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति इन नियमों की अवहेलना करता है तो विभिन्न नियमों के तहत उसका चालान करने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जीआरएपी को चार चरणों में लागू किया जाएगा तथा प्रत्येक चरण में अलग-अलग प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। फिलहाल जीआरएपी का प्रथम चरण लागू है, जिसमें कई प्रकार की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए मैकेनाईज्ड स्वीपिंग, सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए हुए हैं।

एडोर ग्रुप ने अपने अगले लक्जरी प्रोजेक्ट के लिए सेक्टर-84 फ़रीदाबाद में 15 एकड़ भूमि खरीदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एनसीआर के प्रमुख रियल एस्टेट प्लेयर एडोर ग्रुप ने एक लक्जरी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए सेक्टर-84, फरीदाबाद में 15 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। आधुनिक आर्किटेक्चर वाले इस प्रीमियम प्रोजेक्ट में हाई राइज बिल्डिंग के साथ-साथ लो-राइज़ बिल्डर फ्लोर भी शामिल होंगे।

प्रोजेक्ट पूरा होने पर करीब 500 परिवारों को घर मिलेगा। इससे लगभग 700 करोड़ रुपये का टोटल सलेबल वैल्यू होने की उम्मीद है। एडोर ग्रुप के को-फ़ाउंडर और डायरेक्टर जितेश गुप्ता ने कहा, ''हम आधुनिक सुविधाओं के साथ लो-राइज़ हाउसिंग प्रोजेक्ट ले कर आ रहे है, फरीदाबाद में यह पहली बार होगा। हमारे प्रोजेक्ट में में शानदार क्लब हाउस से लेकर इंटरनेशनल क्वालिटी वाले स्विमिंग पूल और कई अन्य मॉडर्न एमिनिटीज़ शामिल होंगी। फरीदाबाद में घर खरीदने वालों की पसंद बहुत तेज़ी से बदल रही हैं। मॉडर्न और टॉप क्लास एमिनिटीज़ के साथ प्रीमियम प्रॉपर्टीज़ की सबसे ज़्यादा माँग है। इसी लिए हमने लक्ज़री लो-राइज़ प्रोजेक्ट लॉंच करने का फ़ैसला किया है जो मार्केट की डिमांड को पूरा करने में सक्षम होगा।''

सेक्टर-84 में स्थित यह प्रोजेक्ट निवेश के लिए भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। फ़रीदाबाद बाईपास केवल 2 किमी की दूरी पर है, जो इसे एनसीआर के अन्य हिस्सों से अच्छी तरह से जोड़ती है। बाटा चौक मेट्रो स्टेशन करीब (9 6 किमी) है। इस क्षेत्र में बहुत सारे क्वालिटी स्कूल, कॉलेज और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं हैं, जो स्थानीय लोगों को बेहतर रहने योग्य सेवाएँ प्रदान करती हैं।

2015 से शुरू होकर, एडोर ग्रुप वर्तमान में एनसीआर के रियल एस्टेट इंडस्ट्री में एक प्रसिद्ध नाम है। अब तक, यह 10 मिलियन वर्ग फुट से अधिक के क्षेत्र के साथ 20 से अधिक प्रोजैक्ट्स पर काम कर रहा है।

किसानों को खेतों की पलेवट के लिए नहीं मिल रहा नहरी पानी

पदम सिंह घुघेरा। पलवल

अक्टूबर महीना रबी की फसलों की बिजाई के लिए पलेवट करने का सबसे बेहतर समय है। परंतु इस समय किसानों को नहरों से खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों की बिजाई के लिए सकंट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि समय पर खेतों की पलेवट नहीं होने से बिजाई में देरी होगी। जिससे रबी की फसल की पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा, इससे पैदावार कम होगी।

आस-पास के गांवों के किसानों का कहना है कि इस समय किसान अपनी खरीफ की फसलों की कटाई-उठाई मे लगे हुए हैं। वहीं इस समय किसान रबी की

बिजाई में देरी होने से फसलों की पैदावार हो सकती है प्रभावित

फसल सरसों, जौ, गेहूं, तरा, राई, बरसीम, जई, मंसूर आदि की बिजाई के लिए खेतों की पलेवट आदि कर रहे है। परंतु इस समय किसानों को नहरों से फसलों की सिचांई के लिए नहरी पानी नहीं मिल रहा है। जिससे खेतों की पलेवट में देरी होगस और पैदावार पर बुरा असर पड़ेगा।

किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगभग 70 हजार हेक्टेयर भूमि की नहरों की सिंचाई पर आधारित है। परंतु अब इस जमीन के लिए नहरों में पानी नहीं मिलने से

किसानों को अपने खेतों की पलेवट आदि में देरी होगी। जिससे आगे चलकर पैदावार बुरी तरह से प्रभावित होगी। किसानों का कहना है कि कुछ किसान इस समय अपनी जमीन पर पालक, गाजर, मूली, बथुआ, सिंगरी, बाकला, शलजम, चकुंदर आदि सब्जियों की बिजाई भी करते हैं। परंतु नहरी पानी नहीं मिलने से सब्जी की बिजाई व सिंचाई में भी देरी हो रही है। जिससे देरी से सब्जियों की बिजाई होगी। इससे किसानों को उचित दाम नहीं मिलेगा और उन्हें घाटा होगा। किसानों का कहना है कि रबी की फसल के समय पर बिजाई होने से फसलें सर्दी व पाले के प्रकोप से बच जाती हैं। जिससे पैदावार बेहतर होती है। इससे फसल का दाना भी मोटा होता है। जिससे फसलें अधिक होती हैं। जिससे किसानों को फायदा रहता है। किसानों का कहना है कि नहरी विभाग को फसलों की सिंचाई के लिए रजवाहों, माइनर, डिस्ट्रीब्यूटरियों में तुरंत नहरी पानी छोड़ना चाहिए। जिससे किसान अपने खेतों की समय पर पलेवट करके आगे फसल की बिजाई कर सकें।

नहरों व रजवाहों में पानी नहीं आने से आस-पास के गांव घुघेरा, धतीर, ककराली, मेघपुर, यादूपुर, अल्लिका, महेशपुर, मंडकौला, आमरू, दूधौला, भुर्जा, सिंकदरपुर, जैंदापुर, टहरकी, स्यारौली, बहीन, मानपुर, नांगल, दुर्गापुर, भंगूरी, अहरवां, रतीपुर, रायपुर, लालवा, कैराका, रजौला, औरंगाबाद, मित्रोल आदि गांवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।

नहरों, रजवाहों में पानी नहीं होने से किसान इस समय अपने खेतों की पलेवट नहीं कर पा रहे हैं। जिससे बिजाई प्रभावित होगी।
-रतन सिंह, किसान

इस समय किसानों को अपनी रबी की फसलों की पलेवट के लिए नहरी पानी नहीं मिल रहा है। इससे आगे पैदावार प्रभावित होगी
-भगत सिंह, किसान

रबी की फसलों की सिंचाई के लिए जल्द ही सभी नहरों, रजवाहों, माइनरों में नहरी पानी छोड़ा जाएगा। जिससे किसान अपने खेतों की पलेवट आदि का कार्य समय पर कर सकें।
-लखन कुमार, उपमंडल अभियंता नहरी विभाग

दहेज के लिए नव विवाहिता को जहर देकर मारने का प्रयास

पति ने बनाए अप्राकृतिक संबंध, 11 के खिलाफ केस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नव विवाहिता को पति ने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर अप्राकृतिक यौन संबंधन बनाने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं दहेज न लाने पर पागल बताकर मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ भी खिलाया गया। विवाहिता की शिकायत पर हसनपुर थाने में पति सहित 11 के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी फरीदाबाद के एक गांव में नवंबर 2022 में हुई थी। शादी में साढ़े आठ लाख नकद व कार न मिलने पर विवाहिता को परेशान किया जाने लगा। इतना ही नहीं उसे मानसिक रूप से ससुराली इतना परेशान करने लगे कि वह पागल घोषित की जा सके।

उसे मंदबुद्धि व पागल कहकर बात-बात पर ताने देना, मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़िता कई माह तक उनके तानों को सहती भी रही, लेकिन ससुराल वाले अपनी बातों से बाज नहीं आए। इतना ही नहीं शादी के बाद जब वह पहली बार अपने पति से मिली तो उसका पति उसके साथ हिंसक तरीके से पेश आया।

दो बार उसकी मर्जी के खिलाफ अप्राकृतिक यौन शोषण करते हुए उसे मंदबुद्धि तक कहने लगे। पीड़िता घर बसाने के चक्कर में इन बातों को अपने मायके तक नहीं बताती थी, लेकिन जब ज्यादा परेशान हो गई तो उसने अपने मायके में आपबीती सुनाई।

जिसके बाद दोनों पक्षों की पंच-पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वाले अपनी दहेज की मांग पर अड़े रहे। उसे पागल घोषित करने के लिए ससुराल वालों ने खाने में कोई पदार्थ मिलाकर खिला दिया, जिससे वह बीमार हो गई और अपने मायके आ गई।

मायके वालों ने उसका इलाज कराया, ससुराल वालों ने कहा कि अब यह ससुराल नहीं आएगी और यदि आएगी तो जिंदा वापस नहीं जाएगी। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रेन से कटकर अज्ञात बुजुर्ग की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

दिल्ली-आगरा रेलवे लाइन पर बामनीखेड़ा रेलवे स्टेशन के निकट एक बुजुर्ग व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान व पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

जीआरपी जांच अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह सूचना मिली कि बामनीखेड़ा गांव के निकट करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर रेलवे स्टेशन पर ले जाकर उसकी पहचान कराने

का प्रयास किया, लेकिन बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी।

मृतक बुजुर्ग के पास एक सफेद चादर, सफेद बनियान, गले में तुलसी की माला व कंबल बरामद हुआ है। जीआरपी के अनुसार मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 70 वर्ष है। साढ़े पांच फीट लंबाई व सफेद रंग की दाढ़ी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व पहचान के लिए जिला नागरिक अस्पताल पलवल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

पृथला क्षेत्र का विकास करवाना मेरा दायित्व : नयनपाल रावत

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पूरे पृथला क्षेत्र में विकास की लहर चल रही है। सड़कों का नवीनीकरण किया जा रहा है, वहीं गांवों में भी हरसंभव विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 विकास को समर्पित है, इसलिए इस साल इतना विकास करवाया जाएगा, जितना विकास पहले कभी नहीं हुआ।

श्री रावत 2.5 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाली अलावलपुर से सदरपुर तक की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए काफिले के साथ शिलान्यास स्थल पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। रावत ने कहा कि चुनाव जीतने के कुछ महीने बाद ही कोरोना महामारी ने न केवल क्षेत्र के विकास पर रोक लगा दी, बल्कि लोगों की दूरियां भी बढ़ा दीं।

करीब ढाई साल इस बीमारी के चलते पूरा देश जूझता रहा, अब जब यह बीमारी खत्म हो गई है तो क्षेत्र का विकास करवाना उनका दायित्व है और वर्ष 2023 में उनका प्रयास रहेगा कि वह अपने हर वायदे को पूरा करके क्षेत्र के सभी गांवों में समान विकास करवाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांवों की समस्याओं को लेकर मांगपत्र रखा, जिसमें अंकित मांगों को श्री रावत ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रथम सरपंच, रामनिवास तंवर मौजूद थे।

प्रीवोकेशनल प्रशिक्षण का हुआ समापन

फरीदाबाद। एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के निर्देशों की अनुपालना व डाइट पाली प्राचार्य रामदिया गागत के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय मास्टर प्रशिक्षण प्रीवोकेशनल एजुकेशन प्रशिक्षण फेस-दो राजकीय संस्कृति व.मा. विद्यालय सेक्टर-28 फरीदाबाद में पूर्ण हुआ। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रियंका नासा, रिचा शर्मा, मधु भसीन, रजनीश व महावीर सिंह ने प्रीवोकेशनल शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण में बहुत सारी गतिविधियां करवाई गईं। इसके प्रशिक्षण में खंड फरीदाबाद से 89 अध्यापकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों से फीड बैक व प्री टेस्ट को भी करवाया। अंत में डाइट पाली की तरफ से आइएफआइसी विभाग के इंचार्ज अनिल यादव ने इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, मुख्य प्रशिक्षकों, विशेष रूप से विद्यालय प्राचार्य तथा प्रशिक्षण से जुड़े सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में डाइट पाली से प्रवीन कुमार से विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

फूफा ने किया रिश्ते को शर्मसार, स्टेट क्राइम ब्रांच ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा की स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, स्टेट क्राइम ब्रांच ने नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रिश्ते में पीड़ित लड़की का रिश्ते में फूफा लगता है। मामले को दबाने के लिए आरोपी पक्ष द्वारा पंचायत भी की गई थी, लेकिन आरोपी बच न सका। मामले की जांच अनुसंधान अधिकारी डीएसपी विवेक चौधरी द्वारा की गई थी और स्टेट क्राइम ब्रांच टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पीड़िता को फोटो वायरल करने की धमकी दी थी और फरीदाबाद के निजी होटल में ले जाकर गलत काम किया था। पीड़िता ने अपने परिवार को सच्चाई बताई तो मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीड़िता अंशिका (काल्पनिक नाम) ने अपनी शिकायत में बताया कि जब भी वह अपनी बुआ के घर जाती थी तो आरोपी फूफा उसके साथ छेड़छाड़ करता था। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता की कुछ अश्लील फोटो खींच ली और ब्लैकमेल करते हुए फरीदाबाद जिले के बड़खल में एक निजी होटल ले गया और मर्जी के बिना गलत काम को अंजाम दिया। पीड़िता को आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसकी फोटो वायरल कर देगा और उसके परिवार को मार देगा। पीड़िता ने डरते हुए सभी बातें अपने परिवारजनों को बता दीं। पीड़िता की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने मार्च 2023 में महिला थाना बल्लभगढ़ में दर्ज किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन पुलिस महानिदेशक ने केस को आगामी अनुसंधान के लिए जुलाई माह में स्टेट क्राइम ब्रांच, हरियाणा को सौंप दिया। संजीदा केस होने के कारण तत्काल ही केस की जिम्मेदारी उच्चाधिकारियों द्वारा डीएसपी विवेक चौधरी को सौंपी गई। मामले में कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन किया गया। डीएसपी विवेक चौधरी के नेतृत्व में योगेश को गिरफ्तार कर लिया।

जोड़ों के दर्द निवारण के लिए अस्पताल को दवाइयां दीं

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ शहर, सेक्टर-3 राजकीय अस्पातल में भारत भूषण व बंगाली समाज के सेन गुप्ता द्वारा जोड़ों के दर्द की 3000 डोज दवाइयां अस्पताल को दान की गई। यह दवाइयां बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं आदि के जोड़ों के दर्द में राहत के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस अवसर पर अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर मान सिंह, डॉक्टर तरुण, जिला सुशासन प्रमुख रमेश भारद्वाज, समाजसेवी संत सिंह हुड्डा व अस्पताल की समस्त टीम मौजूद रही। भारत भूषण ने सेन गुप्ता को धन्यवाद देते हुए इस तरह के सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने व समाज में सुचारु रूप से समाज सेवा करने के लिए उनकी प्रशंसा की। अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर मान सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि डॉक्टर मान सिंह बहुत ही मिलनसार व समाज के हित में काम करने वाले व्यक्ति हैं और उनकी समस्त टीम को इस तरह के कार्य में साथ देने के लिए बधाई दी।

मोदी-मनोहर की नीतियों से संतुष्ट है जनता : नगेंद्र भड़ाना

पूर्व विधायक ने एनआईटी क्षेत्र में पूरे किए जनसंपर्क अभियान के 50 दिन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों के प्रति जनता में उत्साह नजर आ रहा है। लोग मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से संतुष्ट हैं और फिर से तीसरी बार देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं।

श्री भड़ाना एनआईटी क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत जगह-जगह आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व विधायक का लोगों ने जगह-जगह फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नगेंद्र भड़ाना ने कहा

कि जनसंपर्क अभियान के तहत वह क्षेत्र की गली-गली व गांव-गांव पहुंचे हैं, जहां न केवल उन्होंने लोगों की समस्याएं जानीं, बल्कि यह भी जाना कि पिछले नौ सालों में जितना विकास एनआईटी क्षेत्र का हुआ है, उतना विकास आज तक किसी भी सरकार में नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में मोदी-मनोहर की जोड़ी विकास की नई इबादत लिख रही है और एनआईटी क्षेत्र भी इससे अछूता है। इस क्षेत्र में भी अब तक करोड़ों रुपये के कार्य संपन्न हो चुके हैं और बिजली, पानी, सड़कें व सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के प्रयासों व आशीर्वाद से इस क्षेत्र में विकास की कभी कोई कमी नहीं रही। जब-जब उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं, तब-तब दिल खोलकर क्षेत्र के विकास के लिए ग्रांटें दी गई।

श्री भड़ाना ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के 50 दिन पूरे होने के बाद लोगों का जो प्यार व आशीर्वाद उन्हें मिला है, उससे स्पष्ट है कि आने वाले चुनावों में न केवल देश बल्कि हरियाणा में भी भारतीय जनता पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी।

बारहवीं की छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को दस साल कैद

फरीदाबाद। जिला अदालत ने दुष्कर्म मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल कैद और 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत में विचाराधीन था। आरोपी ने पीड़िता से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती की थी। उसने पीड़िता को जन्मदिन के बहाने गेस्ट हाउस में बुलाकर वारदात को अंजाम दिया था। लीगल सेल के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया पीड़िता (17) ने महिला थाना एनआईटी में दी शिकायत में बताया था कि वह 12वीं क्लास में पढ़ती थी। दिसंबर 2017 में फेसबुक के जरिए उसकी दोस्ती डबुआ कॉलोनी निवासी जगदीप कुमार (23) से हुई। 24 दिसंबर 2017 को जगदीप ने पीड़िता को फोन कर दशहरा ग्राउंड के पास मिलने के लिए बुलाया और घुमाता रहा। 24 जनवरी 2018 को जगदीप ने कहा कि आज उसका जन्मदिन है, मेट्रो मोड़ पर मिलने आ जाओ और फिर दुष्कर्म किया।

नया गांव व अलीगढ़ रोड पर अवैध निर्माण ढहाए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिला नगर योजनाकार पलवल द्वारा नया गांव व पलवल-अलीगढ रोड पर लगभग पांच एकड़ में

पनप रही दो अवैध कॉलोनियों में 20 डीपीसी, दो बाउंड्रीवाल व 500 मीटर रोड नेटवर्क को तोड़ा गया।

तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ और पुलिस बल मौजूद था। जिला नगर योजनाकार पलवल नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी के निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

संक्षिप्त समाचार

नेहरू कॉलेज में सात दिवसीय मतदान पंजीकरण शिविर का शुभारंभ

फरीदाबाद। पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में सात दिवसीय मतदान पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका संचालन डॉ. अंशू भट्ट ने किया। महाविद्यालय के सैकडों विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर व डॉ. सबीना सिंह एसोसिएट प्रोफेसर ने शिविर का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिन विद्यार्थियों तथा परिवार के सदस्यों की अभी तक वोट नहीं बनी है, ऐसे सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों के महाविद्यालय में चलाए गए मतदान शिविर में अपना-अपना मतदान पंजीकरण प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी को जमा करवाए। महाविद्यालय में प्रारंभिक दिन 93 विद्यार्थियों ने प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी के पास जमा करवाया। महाविद्यालय द्वारा सभी फॉर्म को निर्वाचन कार्यालय जमा करवा दिया गया है। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर अंशु भट्ट एवं टीम अशोक अहलावत संजीव कुमार, निधि गुप्ता, रजनी, कंचन जमीर, सीता डागर एवं सुषमा आदि सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

गृह क्लेश के चलते चूहे मारने की दवाई निगली

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव में एक महिला ने गृह क्लेश के चलते घर में रखी चूहे मारने वाली दवाई खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते घर वालों ने उसे इलाज के लिए बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचा दिया। जहां पर इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार दिया। डॉक्टर गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला की स्थिति फिलहाल सामान्य है और उसे प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी जा रही है।

आज से शुरू होगा सुधांशु महाराज का पांच दिवसीय सत्संग

फरीदाबाद। विश्व जागृति मिशन फरीदाबाद मंडल द्वारा प्रसिद्ध हनुमान मंदिर एनआईटी तीन नंबर, फरीदाबाद में संस्थापक विश्व विख्यात संत सुधांशु जी महाराज का आगमन होगा। यह जानकारी विश्व जागृति मिशन फरीदाबाद मंडल के प्रधान राज कुमार अरोड़ा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए कौशल विकास केंद्र, निशुल्क ज्ञान दीप कन्या विद्यालय, धर्मार्थ चिकित्सालय एवं परिवार जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 11 से 15 अक्टूबर को शाम पांच से सात बजे तक सेक्टर-12, नजदीक सेल्स टैक्स आफिस (टाउन पार्क के सामने) दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12, 13 और 14 अक्टूबर को सुबह आठ से 10 बजे तक विशेष मंत्र सिद्धी व ध्यान साधना और 14 अक्टूबर को ही सुबह 11 बजे मत्र दीक्षा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में मेडिटेशन सप्ताह शुरू हुआ

पलवल रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन मंगलवार से प्रारंभ किया गया। स्कूल के मनोविज्ञान विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बेहतर जागरूकता पैदा करने के लिए दिनभर कई गतिविधियां आयोजित कीं। गतिविधियों में माइंडफुलनेस मेडिटेसन सत्र पर एक वीडियो शामिल की। शालिनी ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, इससे जुड़े कलंक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए छात्र क्या कर सकते हैं, इस पर संबोधित किया। सुबह की शुरुआत ग्रेड 3 से ग्रेड 8 तक सभी कक्षाओं के लिए आयु-उपयुक्त माइंडफुलनेस मेडिटेशन सत्र के साथ हुई। गतिविधि की पंच लाइन थी वर्तमान को जीना और वर्तमान में जीना। ये अभ्यास चिंता को कम करने और एकाग्रता के स्तर को बढ़ाने के लिए अपने विचारों और भावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने सभी छात्र-छात्राओं को एकाग्रचित्त होने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के नियमों से अवगत कराया व सभी को प्रेरित किया।

सरस्वती महिला कॉलेज में प्रेरणा समारोह का आयोजन

पलवल। मंगलवार को सरस्वती महिला महाविद्यालय में प्रबंधन विभाग द्वारा प्रेरणा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एमबीए प्रथम वर्ष की नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय की आचरण संहिता से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉली भारद्वाज ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन विभाग की डॉ. रुचिका तुली, रचना सौरोत व प्रियंका जैन का विशेष योगदान रहा।

लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल ने 11 स्ट्रेचर भेंट किए

फरीदाबाद। जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल और रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सौजन्य से 11 स्ट्रेचर अस्पताल को मदद के रूप में भेंट किए गए। इस मौके पर जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव विशेष रूप से मौजूद रही। लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की ओर से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप सिंगला और चीफ कोर्डिनेटर आरके चिलाना ने उनका बुके द्वारा स्वागत किया। इस मौके पर फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एनके गुप्ता ने आए हुए सभी लायंस मेंबर्स शिव कुमार अग्रवाल, चेयरमैन लायन आरके गुप्ता, चीफ कोर्डिनेटर लायन आरके चिलाना, लायन एसएम नागपाल, लायन जयप्रकाश गुप्ता, लायन मुकेश अरोरा आदि मौजूद थे।

हमास का हमला

राजनीतिक मतभेद

इस्राइल-हमास युद्ध ने एक बार फिर भारत की पार्टियों में राजनीतिक मतभेद उजागर कर दिए हैं। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव की प्रतिध्वनि भारत में भी सुनाई देने लगी है। इसने एक राजनीतिक बहस का रूप ले लिया है जिसमें विभिन्न पार्टियों का दृष्टिकोण व स्वार्थ सामने आ रहे हैं। अपने घटक दलों की विचारधाराओं में जटिलता के कारण 'इंडिया' समूह भी इस पर संयुक्त बयान तक नहीं जारी कर सका है। भाजपा ने इस अवसर का लाभ उठा कर नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियां रेखांकित की हैं जिसमें आतंकवाद के प्रति पूर्ण अस्वीकृति तथा राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत करना शामिल हैं। संप्रग युग में मुंबई आतंकी हमले के साथ ही दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर, बैंगलुरू व अहमदाबाद में अनेक आतंकी धमाके हुए थे। उससे तुलना कर भाजपा ने कहा है कि आज देश ज्यादा सुरक्षित है। पार्टी ने ये तर्क इस्राइल की हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के समर्थन के संदर्भ में देते हुए कहा है कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोच्च है। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने भारतीय विदेश नीति को स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय हितों पर केन्द्रित किया है, लेकिन विडंबना है कि कांग्रेस व विपक्ष की कई पार्टियां अब भी 'अतीत के कैदी' वाली सोच से ग्रस्त हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू को इस्राइल के विपक्ष ने एकजुट होकर समर्थन किया है, जबकि भारत में 'विभाजनकारी राजनीति' जारी है। इस्राइल ने हमेशा सुरक्षा हितों के मामलों में भारत का साथ दिया है तथा उसे दुश्मन देशों के षडयंत्रों से आगाह किया है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि कांग्रेस सरकारें इस्राइल से संबंधों को अपनी 'तुष्टीकरण' नीतियों के कारण औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं करती थीं। भाजपा ने वस्तुस्थिति को स्वीकार करते हुए भारत-इस्राइल संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

'इंडिया' समूह में इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव पर विभिन्न दृष्टिकोणों और हितों वाली पार्टियां शामिल हैं जिससे वह इस मुद्दे पर एक दृष्टिकोण नहीं अपना सका है। कांग्रेस ने इस्राइल के खिलाफ हिंसा की निन्दा करते हुए फिलिस्तीनियों की 'वैध आकांक्षाओं' के प्रति एकजुटता भी प्रदर्शित की है। सीताराम येचुरी के नेतृत्व वाली माकपा के विचार भी लगभग ऐसे ही हैं। उसने इस्राइल तथा गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ हमलों की निन्दा करते हुए फिलिस्तीनी हताहतों का उल्लेख किया है। लेकिन लगता है कि उनको अकारण हमास के हमले में इस्राइल के भारी नुकसान से कोई सरोकार नहीं है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि अक्सर दुनिया को इस्राइल-फिलिस्तीन परिदृश्य की सच्चाई समझने के लिए 'मौत और विनाश' की जरूरत पड़ती है। इस प्रकार परोक्ष रूप से उन्होंने हमास की आतंकी हिंसा को उचित ठहराने का प्रयास किया है। समाजवादी पार्टी ने भी संसद पर हमले की ओर संकेत करते हुए भाजपा पर निशाना लगाया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत के राजनीतिक दलों के बीच मतभेदों को सही नहीं कहा जा सकता है। पिछले 9 साल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ाया है। भारत का सम्मान इस्राइल व अरब देशों में समान रूप से बढ़ा है। भारत ने हमास के आतंकी हमले के खिलाफ इस्राइल का समर्थन कर दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता उजागर की है। कुछ साल पहले फिलिस्तीनी नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस्राइल-फिलिस्तीन संबंध सुधारने में उनके योगदान की इच्छा व्यक्त की थी। लेकिन विडंबना है कि अब फिलिस्तीनी नेतृत्व पर हमास जैसे कट्टरपंथी हावी हो गए हैं। ऐसे में इस्राइल-फिलिस्तीन समस्या का समाधान और जटिल हो गया है।

जाति गणना का औचित्य?

जाति गणना को भेदभाव पैदा करने वाला माना जाता है। सबके लिए समान अधिकारों की मांग करने वाले इसका विरोध करते हैं। इसके प्रभाव पर भी भारी मतभेद है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जाति गणना या जातीय जनगणना पर वर्तमान समय में काफी बहस और विचार-विमर्श जारी है। इस संबंध में अनेक सवाल उठते हैं। सवाल है कि क्या भारत को जातीय जनगणना की जरूरत है? सवाल यह भी है कि यदि इसे कराया भी जाए तो इसके नतीजे सकारात्मक होंगे या नकारात्मक? इस मुद्दे पर बहस बहुत तीखी होती जा रही है। मुख्यत: इसके संभावित लाभों या हानियों के कारण मतभेद बहुत तीखे हो गए हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जातियों की लंबे समय से उपस्थिति बनी हुई है अत: जाति गणना या जातीय जनगणना जरूरी है, जबकि दूसरों को चिन्ता है कि इसके अत्यधिक नकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। इस बहस या विमर्श के राजनीतिक आयाम स्पष्ट हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारियां करते समय राजनीतिक पार्टियां हाशियाकृत समूहों से अपने संबंध और मजबूत करना चाहती हैं। इसके कारण जातीय जनगणना की मांग भी तेज हो रही है।

बिहार के मुख्यमंत्री तथा जनता दल युनाईटेड-जदयू नेता नीतीश कुमार ने बिहार में जाति गणना करवा कर इस बहस को और तेज कर दिया है। उन्होंने 2 अक्टूबर को राज्य में जाति गणना के नतीजे जारी किए तथा स्वयं को हाशियाकृत समुदायों के मसीहा की तरह पेश करने का प्रयास किया। जाति गणना की रिपोर्ट से आरक्षण का दायरा बढ़ाने की मांग भी तेज हो सकती है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में सर्वोच्च न्यायालय ने 'आरक्षण' पर 50 प्रतिशत सीमा लगा रखी है। जाति गणना के पैरोकार आरक्षण की यह सीमा बढ़ाने की मांग शुरू कर चुके हैं। हाल ही में मुंबई में नवगठित विपक्षी समूह 'आई.एन.डी.आई.ए' या 'इंडिया' ने जातीय जनगणना की मांग की है। महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड ने जाति गणना कराने पर सहमति प्रकट की है, जबकि पश्चिम बंगाल ने अभी इस बारे में निर्णय नहीं लिया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी सत्ता में आने पर जाति गणना कराने का वादा किया है। यही स्थिति अन्य कांग्रेस शासित राज्य सरकारों की भी लगती है।

जाति गणना या जातीय जनगणना के बारे में लोगों की राय अलग-अलग है। इस बहस में वे सभी तत्व शामिल हैं जिनका प्रभाव चुनावों या समुदायों पर पड़ सकता है। कुछ लोगों की राय है कि 1931 के बाद से विभिन्न जातियों के बारे में अधूरे आंकड़े होने के कारण अब जाति गणना करने की जरूरत है ताकि इस संबंध में ज्यादा विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। कुछ लोग जातीय जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, पर यह एक प्रकार से अंधेरे में तीर चलाने की तरह हैं। 1931 के पहले दशकीय जनगणना में जाति के आंकड़े शामिल होते थे। 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण जनगणना नहीं कराई गई थी। इसके बाद 1951 से लेकर 2011 तक भारत के सभी स्वतंत्रता जनगणना आंकडों संबंधी सूचना में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जातियों के बारे में सूचनायें उपलब्ध थीं, पर इनमें अन्य जातियों के बारे में कोई सूचनायें नहीं थीं।

भारत ने जनगणना के माध्यम से आंकड़े एकत्र करने को एक महत्वपूर्ण काम माना है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक उद्देश्यों से देश की जनसंख्या संरचना का पता लगाना था, लेकिन इसमें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की तरह जातियों के संबंध में आंकड़े एकत्र नहीं किए गए थे। देश की स्वतंत्रता के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। उनके बाद भी दशकों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस सरकारों ने जातीय जनगणना का विरोध किया। उस समय कांग्रेस की विचारधारा देश में जातीय विभाजन को अनदेखा करने की थी। उल्लेखनीय है कि जब देश में पहली बार जनता पार्टी के नेतृत्व में गैर-कांग्रेस सरकार का गठन हुआ तब उसने अन्य पिछड़े वर्गों में शामिल जातियों की संख्या और उनकी स्थिति का पता लगाने के लिए मंडल आयोग का गठन 1979 में किया।

मंडल रिपोर्ट आने के एक दशक बाद जनता दल सरकार के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा कर दी। हालांकि, 2001 की जनगणना में जाति को एक श्रेणी में दर्ज करने का प्रयास किया था, पर व्यावहारिक कारणों तथा अन्य चिन्ताओं के कारण इसका क्रियान्वयन नहीं किया गया। लेकिन 2010 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ने जातियों का आर्थिक सर्वेक्षण-एसईसीसी कराया था। लेकिन इसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए थे जिसके अनेक कारण बताए गए थे। इसके बाद 2021 की जनगणना कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण नहीं कराई गई और तब से जनगणना नहीं हुई है। अब कांग्रेस का दृष्टिकोण बदल गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति संबंधी मुद्दों के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक' शब्दों का प्रयोग किया है। हालांकि, 2011 में कराए आर्थिक सर्वेक्षण-एसईसीसी में जातियों के बारे में सूचना थी, पर उसका मुख्य फोकस जनता की जीवन स्थितियों व वित्तीय स्तर पर था। मोदी सरकार ने 2015 में एसईसीसी के वित्तीय आयामों को जारी किया था, पर इसमें जातियों की गणना वाले आयाम को शामिल नहीं किया गया था।

दुर्भाग्य से 2021 की दशकीय जनगणना कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण टाल दी गई थी। चूंकि, 'जाति' एक जटिल मुद्दा है, इसलिए जो लोग सबके लिए समान अवसरों तथा समान अधिकारों की बात करते हैं वे जाति पर आधारित इस प्रकार के भेदभाव का विरोध करते हैं। भाजपा ने अब तक आधिकारिक रूप से जातीय जनगणना पर कोई आधिकारिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया है। इस मांग को सबसे पहले राजद व जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों ने उठाया था, पर इसके बाद अधिकांश अन्य विपक्षी दलों ने इसका समर्थन किया है। संभवत: भाजपा ऐसे लोगों में शामिल है जिनका विश्वास है कि जातीय जनगणना कराने से पैदा होने वाली राजनीतिक व लाजिस्टिक चुनौतियों के कारण ज्यादा एकजुट समाज बनाना कठिन होगा।

इतिहास पर नजर डालें तो दिसंबर, 1946 और नवंबर, 1949 के बीच संविधान सभा ने स्वतंत्रता के बाद भारत का संविधान बनाने के लिए अनेक बैठकें कीं। संविधान सभा में डा. बी.आर. अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू व सरदार पटेल जैसे नेताओं ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जिनमें सरकार की संरचना, नागरिकों के अधिकार व मूलाधिकार, आदि शामिल थे। उनका योगदान नए गणतंत्र का संविधान बनाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण था। संविधान ने अतीत के सामाजिक अन्ययों का सामना करने के लिए सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति दी। लेकिन उस समय जातीय जनगणना जैसे विशेष आंकड़े एकत्र करने पर शायद ज्यादा चर्चा नहीं हुई थी। जातीय जनगणना के पक्ष और विपक्ष में अनेक वैध तर्क हैं। अंतत: जातीय जनगणना का निर्णय अनेक राजनीतिक आयामों, जनता की भावनाओं तथा सत्तारूढ़ दल की प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। सरकार की कार्रवाई पर जनता की मांगों तथा उसकी जागरूकता के स्तर का भी प्रभाव पड़ता है। वर्तमान समय में जातीय जनगणना का महत्व स्वीकारने के लिए उपयुक्त परिवेश जरूरी है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि महात्मा गांधी व लोहिया समेत अनेक नेताओं का मानना था कि जातीय भेदभाव से समाज कमजोर होता है।

लोकसभा में बहुमत होने के बावजूद भाजपा जातीय जनगणना का समर्थन करने से हिचकती है। लेकिन जाति-आधारित पार्टियां इसके पक्ष में हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियों का जातीय मुद्दे उठाने से प्रभाव बढ़ा है। कांग्रेस, द्रमुक व जदयू जातीय जनगणना के समर्थन में हैं। बिहार जाति गणना करा चुका है और अन्य राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह स्थिति मोदी की राजनीतिक इच्छाशक्ति की मांग करती है। वीपी सिंह की गलतियां दुहराने से बचने के लिए मोदी को इस मुद्दे पर सहमति बनाने तथा उसके प्रभावों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए। समय ज्यादा न होने के कारण भाजपा को इस मुद्दे पर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

पर्यावरण की अनदेखी का परिणाम आपदाएं

> **"हमें जलवायु सुधार और उपचार के प्रति अपनी जिम्मेदारी बढ़ाने की जरूरत है। हमें जलवायु-समर्थक समाधानों में निवेश करना चाहिए।"**

कीर्ति वाधवान
(लेखिका, असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)

21वीं सदी में जलवायु की स्थिति पहले से कहीं अधिक नाजुक होती जा रही है। 1970 के दशक में गढ़ा गया एडम टूज़ शब्द आज अपने हर अर्थ को सिद्ध कर रहा है। पॉलीक्राइसिस का मूल कारण अधिक मात्रा में मानवजनित कारण हैं; कुछ प्राकृतिक कारणों से, जिनसे हममें से कोई भी इनकार नहीं कर सकता। दुर्भाग्य से मनुष्य ने अपने लालच को इस हद तक बढ़ा दिया है कि आज बदलती जलवायु परिस्थितियों के कारण एक साथ कई संकट पैदा हो गए हैं।

सबसे हालिया ग्लेशियर झील विस्फोट त्रासदी और दक्षिण लोनाक झील के पानी के तीस्ता बैंक की ओर बढ़ने से सिक्किम के विशाल क्षेत्रों में बाढ़ की तबाही मच गई, यह पूरी मानव जाति के लिए एक खतरे की घंटी है कि हम शोषण की अपनी सीमाएं पार कर रहे हैं। आज भारत के तीन प्रमुख राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अब सिक्किम में नदी आधारित बाढ़ बहुत आम होती जा रही है। वहां बहुत सारे लोग लापता हैं, अभूतपूर्व हिमस्खलन के कारण पर्यटक फंस गए और बाढ़ का पानी पूरे चुंगथांग बांध को अपने साथ बहा ले गया. उत्तराखंड के तपोवन हाइडल पावर प्रोजेक्ट के बाद यह हिमालय क्षेत्र का दूसरा बड़ा बांध होगा, जो प्रभावित होगा. बादल फटने, भूमि धंसने और धंसने, दरारें पड़ने और भूस्खलन की बार-बार घटनाएं सामने आई हैं। यह संपूर्ण पॉलीक्राइसिस कहानी का नवीनतम अनुपात होगा।

आइए दूसरे परिप्रेक्ष्य पर भी ध्यान दें, हममें से अधिकांश लोग खराब वायु गुणवत्ता के परिदृश्य में रह रहे हैं। जिस हवा में हम सांस लेते हैं उसकी गुणवत्ता कभी-कभी हमारे आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की सीमा के आधार पर बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में बदल जाती है।

विकसित और विकासशील देश नेट ज़ीरो को पूरा करने के लिए समय सीमा तय करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अफसोस की बात है कि हम केवल कागजों पर समय सीमा बढ़ा रहे हैं, और बड़े परिप्रेक्ष्य से कोई वास्तविक सुधार नहीं हुआ है। शुद्ध शून्य उत्सर्जन, कार्बन तटस्थता, कार्बन लेखांकन, और कार्बन सिंक निर्माण आज जलवायु परिवर्तन से संबंधित दायित्वों को पूरा करने के लिए नेताओं द्वारा केवल बड़ी बातें हैं। लेकिन विचार करने की बात यह है कि हम किसी बड़े मकसद के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील टिटिकाका की हालत देखिए, वह आज खत्म हो रही है। आसपास रहने वाले मूलनिवासी समुदाय वहां अत्यधिक सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं, जिससे उनका जीवित रहना मुश्किल हो रहा है। एक बार फिर एशियाई महाद्वीप की ओर लौटते हुए, सिकुड़ता हुआ अरल सागर भी हम सभी के लिए एक चिंताजनक कहानी प्रस्तुत करता है। दुनिया भर के अधिकांश देशों में जल निकायों और झीलों का लुप्त होना और सिकुड़ना एक आम कहानी है। अभी कुछ दिन पहले ही नेपाल को भूकंप के झटके और झटकों का सामना करना पड़ा था. जिससे यूपी के इलाकों में भी कंपन मच जाता है.

पॉलीक्राइसिस का दुष्चक्र, जो एक साथ और ओवरलैपिंग संकट पैदा कर रहा है, बड़े पैमाने पर परेशानियां पैदा कर रहा है। जलवायु बहुत तेज़ी से बदल रही है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे जल स्तर बढ़ रहा है और पानी बाढ़ का कारण बन रहा है और फिर जान-माल और बुनियादी ढांचे की हानि हो रही है। संकट का चक्र किसी न किसी रूप में घूमता रहता है। लेकिन हम लगातार किसी न किसी तरह से हमारे सामने आने वाले सभी संकटों का प्रबंधन करने में जल्दबाजी नहीं कर सकते। हां, ये सभी आपदाएं हमने ही पैदा की हैं और अब यह हम इंसानों की जिम्मेदारी है कि हम बहुसंख्यक संकट के इस खतरे से बाहर निकलने का प्रयास करें। हमें पर्यावरण समर्थक बनने की जरूरत है और इस समस्या के कारण का अध्ययन करना होगा। यदि संकट का आरंभिक बिंदु ही तय कर लिया जाए तो हमारी कई परेशानियां स्वत- ही ठीक हो जाएंगी।

हमें जलवायु सुधार और उपचार के प्रति अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही बढ़ाने की जरूरत है। हम सभी को जलवायु-समर्थक समाधान बनाने में अपना निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है।

शमन प्रयासों के लिए सहयोग बढ़ाएं, और संकट-मुक्त समाज के लिए टिकाऊ और व्यवहार्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करें। आइए प्रकृति को शांति और प्राकृतिक प्रवाह की उसकी मूल स्थिति में वापस जाने में मदद करें। आइए हम अपने अंदर के पर्यावरण व्यवहार का पालन करें और प्रतिज्ञा करें कि हम कभी भी अपने निहित स्वार्थों के लिए जलवायु को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

आप की बात

विधानसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के साथ ही मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम व तेलंगाना में चुनावी बिगुल बज गया है। सभी राजनीतिक दल राजनीतिक बिसात बिछाने और गोटियां फिट करने लगे हैं। यह चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमी फाइनल है जिस पर देशभर की निगाहें लगी है। चुनावों का परिणाम भी लोकसभा चुनाव को प्रभावित कर सकता है। उत्तर भारत के तीन राज्यों में मुख्य लड़ाई भाजपा व कांग्रेस में होगी। यहां इंडिया अथवा राजग की कोई विशेष भूमिका नहीं होगी। यदि कांग्रेस इन तीनों राज्यों में चुनाव जीत जाती है तो इंडिया गठबंधन में उसकी भूमिका मजबूत होगी। यदि इसके उलट कांग्रेस भाजपा तीनों राज्यों में सरकार बनती है तब मोदी की पोजीशन और मजबूत होगी। तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव परिणाम देश की राजनीति को ज्यादा प्रभावित नहीं करेंगे। यदि तेलंगाना में भाजपा की स्थिति मजबूत होती है तो लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत में उसे अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलेगा। वैसे मध्य प्रदेश में भाजपा तथा राजस्थान में कांग्रेस का जीतना कठिन है, पर चुनाव में अंत समय तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। उम्मीद है कि इन चुनावों से निर्वाचन आयोग का सम्मान भी बढ़ेगा।

-वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

कांग्रेस की नीयत

इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर कांग्रेस ने फिलिस्तीन के लोगों का समर्थन करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से बुलाई कार्यसमिति बैठक में आखिरी समय इसे लेकर प्रस्ताव पास हुआ। फिलिस्तीन के बर्बर आतंकवादियों के अमानवीय क्रूरतापूर्ण वीडियो देखने से ही लोग व्यथित हो जाते हैं। ऐसे घृणित खूंखार आतंकवादियो का समर्थन करके कांग्रेस ने वोटों के लिए केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मामले में विपरीत प्रस्ताव पास करके अपनी असली नीयत का खुलासा कर दिया है। स्पष्ट है कि तुष्टीकरण नीति व मुस्लिम वोटों के लालच में कांग्रेस को इस्लामवादियों, जिहादियों, आतंकियों व हमास के अत्याचार दिखाई नहीं पड़ते हैं। गठबंधन में शामिल पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस परोक्ष रूप से हमास का समर्थन करते दिख रहे हैं। देश के अनेक मौलाना हमास के आतंकियों का समर्थन करने के साथ ही ऐसे तत्वों का हौसला बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आशा है कि आगामी चुनाव में जागरूक मतदाता हमास आतंकियों को परोक्ष समर्थन देने वाली कांग्रेस की नीयत को मतदान के समय जरूर याद रखेंगे।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

आतंक के समर्थक

आतंकी हमास द्वारा इजराइली नागरिकों पर बर्बरता के खिलाफ जबसे इजराइल आक्रामक हुआ है, तबसे समाज के एक वर्ग में रोने-धोने और प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हो गया है। यह समझ से परे है कि कोई आतंक का समर्थन कैसे कर सकता है? अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों का समर्थन में प्रदर्शन तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी का फिलिस्तीन के समर्थन में बयान आश्चर्यजनक है। तथ्य यह है कि अतीत में अरब देशों, जिहादियों तथा खासकर फिलिस्तीनियों ने इस्राइल का अस्तित्व स्वीकारने से भी इनकार कर दिया था। इस्राइल को अपने जन्म से ही अनेक हमलों का सामना करना पड़ा है। अतीत में यहूदी धर्म के सभी धर्मस्थलों को नष्ट कर पूरी यहूदी कौम को बदनाम करने व गुलाम बनाने के सुनियोजित षडयंत्र कट्टरपंथी इस्लामवादियों की ओर से हुए हैं। आज भी ईरान, हिजबुल्ला व हमास इस्राइल को मिटा देने की अवधारणा पर डटे हुए हैं। हमास का हमला इसी घृणित सोच का नतीजा है। ऐसे में इजराइल को अपने ऊपर हुए घातक आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का पूरा अधिकार है।

- मनोज पुरुषार्थी, मेरठ

योगी का साहस

बरसों से हम राष्ट्रगान जन-गण-मन में सिंध की याद करते हैं। देश के हर सिंधी भाई को दु:ख है कि उसका जन्म स्थान सिंध आज भी उसका अपना नहीं है। अत्यन्त प्रसन्नता की बात है कि पहली बार उत्तर प्रदेश के साहसी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा है कि जब भारत में 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो रहा है तो कोई कारण नहीं है कि भविष्य में सिंध भी भारत का अंग होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने इस बयान से न केवल भारत और दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले सिंधी भाइयों का दिल जीता है, बल्कि समस्त भारतीयों व हिंदुओं में उत्साह की भावना पैदा कर दी है। पाकिस्तान का सिंध प्रांत लगातार हिंदू-विरोधी उत्पीड़न का शिकार है जिससे वहां विभाजन के बाद हिंदुओं की संख्या 25 प्रतिशत से घट कर अब इकाई में पहुंच गई है। अनेक सिंधी संगठन दुनिया भर में पाकिस्तान में सिंधियों, खासकर हिंदू सिंधियों के उत्पीड़न का सवाल उठा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद आशा है कि भारत सरकार भी यह मुद्दा उठाएगी।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

रोजगार सृजन का नया गंतव्य बनकर उभरा है यूपी: मुख्यमंत्री

योगी ने निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को वितरित किए नियुक्ति पत्र

● सीएम ने कहा, छह वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को दी सरकारी नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार विगत 6 वर्ष में 6 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। ये नौजवान पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तर प्रदेश को कोई बीमारू नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यूपी को एक समर्थ और समृद्ध राज्य बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। आज उत्तर प्रदेश देश के अंदर नए रोजगार सृजन का गंतव्य बनकर उभर रहा है।

सीएम योगी ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यात्रा शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। इसी का नतीजा है कि ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद हमेशा से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग प्राचीन काल से भारत की परंपरा के साथ जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का उपयोग गांवों में लोग किसी न किसी रूप में करते रहे हैं लेकिन पहली बार आयुर्वेद, योग, प्रकृति चिकित्सा, सिद्धा और होम्योपैथ को मिलाकर जब आयुष मंत्रालय का गठन होता है तो इससे भारत की ट्रेडिशनल मेडिसिन को एक नई पहचान मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि कोविड कालखंड में आयुष काढ़ा लोगों का सहारा बना। 2014 के बाद जिस तरह से इस दिशा में कार्य होना प्रारम्भ हुआ, आज उसी का परिणाम है कि देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

चयनित फार्मासिस्ट से किया संवाद

कार्यक्रम में सीएम योगी ने चयनित हुए कुछ होम्योपैथिक फार्मासिस्ट से संवाद भी किया। इस दौरान हरदोई के मोहम्मद आरिफ ने अपने चयन पर भावुक होते हुए बताया कि वह अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिनका चयन सरकारी सेवा में हुआ है। उन्होंने सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे। प्रयागराज के विवेक मिश्र ने कहा कि उनका चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ है। इसके लिए सीएम योगी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार द्वारा दिए गए सभी कार्यों को वह पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। देवरिया की संजना भारती ने कहा कि सीएम योगी द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वह किसान परिवार से हैं। बचपन से ही उनका सपना था कि वह आत्मनिर्भर बनें और सीएम योगी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अपनाई गई निष्पक्ष एवं पारदर्शी नीति की वजह से आज उनका यह सपना पूरा हो पाया है। संजना ने कहा कि अब वह गर्व से कह सकती हैं कि आत्मनिर्भर प्रदेश की आत्मनिर्भर बेटी बन चुकी हैं। कार्यक्रम में आयुष विभाग के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव आयुष विभाग दीना जौहरी, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार, राजधानी लखनऊ के जनप्रतिनिधि और आयुष विभाग के अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

नवरात्र से आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिलेगा गर्म और पौष्टिक आहार

● मुख्यमंत्री ने बाल विकास, सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा बैठक में हॉट कुक्ड फूड योजना शुरू करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तीन से छह वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार एवं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के नामांकन के साथ उपस्थिति में सुधार लाने को हॉट कुक्ड मील योजना शारदीय नवरात्र में शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्री प्राइमरी की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने किराये पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवन में संचालित करने एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आंगनबाड़ी सहायिका के खाली पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी के बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शारदीय नवरात्र में हॉट कुक्ड मील योजना को शुरू करने के निर्देश दिये। मालूम हो कि योजना के तहत आंगनबाड़ी के तीन से छह वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्हे मौसमी फल भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाने के बर्तनों को नगर निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि हॉट कुक्ड मीड में श्रीअन्न को शामिल किया जाए। बच्चों को मोटे अनाज के बिस्किट संग अन्य चीजें उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में किराये पर चल रहे 12800 आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मोहल्लावार पार्क के एक कोने में आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाएं। इन भवनों को निजी कंपनियों के सीएसआर फंड, नगर विकास के फंड के साथ अन्य संभ्रांत लोगों की सहायता से बनाया जाए। वहीं जरूरत पड़ने पर शासन से भी धनराशि को स्वीकृत किए जाए। उन्होंने कहा कि प्री प्राइमरी की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित किया जाए। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त 24473 पदों और आंगनबाड़ी सहायिका के 26007 पदों पर जल्द भर्ती की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि टेक होम राशन का शत-प्रतिशत लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों में बढ़ोत्तरी की जाए। विभाग की ओर से बताया गया कि प्रदेश भर में वर्तमान में 163 पुष्टाहार उत्पादन इकाइयां संचालित हो रही हैं जबकि 204 इकाइयों के लिए टेंडर जारी किए गए थे। इस पर उन्होंने शेष इकाइयों को जल्द से जल्द संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुष्टाहार का लाभ सही लाभार्थी तक पहुंचे इसके लिए टेक होम राशन के पैकेट में क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाए। इससे जहां पारदर्शिता आएगी, वहीं निर्धारित समय पर पैकेट लाभार्थी तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टेक होम राशन में श्रीअन्न को भी शामिल कर इसमें बाजरा, रागी समेत अन्य मोटे अनाज की पौष्टिक चीजों को उपलब्ध कराया जाए।

सितंबर माह में 109221 बार बसों की हुई जांच, करीब 30 लाख रुपए की हुई वसूली

● उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रवर्तन दल कर रहे बसों की नियमित निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के पारदर्शी संचालन के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए प्रतिमाह निगम के प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जा रही है। इसी क्रम में सितंबर 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 109221 बार जांच की गयी। जांच दल द्वारा इस दौरान करीब 30 लाख रुपए (कुल 29 लाख 60 हजार 305 रुपए) का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी, परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट इत्यादि की जांच होती है।

प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि सितंबर माह में जांच दलों (मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इण्टर सेण्टर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल) द्वारा जांच के दौरान कुल 4577 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जबकि 113.40 टन बिना बुक भार पकड़ा गया। 8 हजार 538 चालकों/परिचालकों का मार्ग पर चेकिंग के दौरान ब्रेथ एनलाईजर मशीन द्वारा एल्कोहल जांच की गई। परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गाजियाबाद, हरदोई, मेरठ, देवीपाटन, नोएडा, आगरा, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद एवं बरेली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों,सेवा प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रत्येक बस को 6000 किलोमीटर प्रति वाहन संचालित करने, गैर-टिकट राजस्व मे बढ़ोत्तरी, प्रतिदिन की आउट शेडिंग, अनुपयोगी बसें, ईधन अवसत एवं बस स्टेशनो पर कैन्टींस/स्टाल्स किराए पर उठाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा ऑनलाइन रिजर्वेशन सिस्टम को सदृढ़ किए जाने, बस रिजर्वेशन कैंसिलेशन किसी भी दशा में न किए जाने एवं हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को श्रेणीबद्ध कर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

डिपो वर्कशॉप को आधुनिक बनाने के उद्देश्य पर विचार करने के भी निर्देश दिए। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर एक कमेटी घटित कर ईधन औसत, अर्जित किलोमीटर, सेवित एवं असेवित गांव के विषय में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सपा के पूर्व विधायक मोहम्मद फिरोज आफताब कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद सहारनपुर से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व विधायक मोहम्मद फिरोज आफताब एवं सपा नेता मिस्बाहुल हक, जनपद लखनऊ से श्याम बली, दुलीचंद, जनपद बिजनौर से मुनेन्द्र सिंह, जनपद कुशीनगर से राम लाल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं अखिल भातरीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रदीप नरवाल के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद खान, शाहनवाज आलम, पूर्व विधायक राकेश राठौर, राजेश सिंह काली, अनिल शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि इस अवसर पर आगन्तुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनको आगे बढ़ाने की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सोच में लोग भरोसा व्यक्त कर रहे हैं।

आयुष्मान कार्ड बनाने में यूपी टॉप पर, बने 3.71 करोड़ कार्ड

लखनऊ। देश में यूपी सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने वाला राज्य बन गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी में अब तक 3.71 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। बीते दिनों आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश ने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। एक दिन में 6.42 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए थे। इस रिकार्ड को तोड़ते हुए एक दिन में 6.63 लाख कार्ड बनाए थे। स्वास्थ्य कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन से काम कर रहे हैं। आयुष्मान भव अभियान के सकारात्मक नतीजे भी सामने आ रहे हैं। इस अभियान को थमने नहीं देना है। सभी पात्र परिवारी का आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत कैंसर, हृदय, किडनी समेत दूसरी जटिल बीमारियों से पीड़ितों को बिना किसी रूकावट के इलाज मिल रहा है।

सर्वाधिक कॉल प्राप्त करने में यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर मिला तीसरा पुरस्कार

लखनऊ। स्वस्थ मन स्वस्थ तन की थीम पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बड़े राज्यों की श्रेणी में सर्वाधिक कॉल प्राप्त करने के लिए तीसरा पुरुस्कार यूपी को दिया गया है। यह पुरुस्कार मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र डॉ पिंकी जोवल को दिया गया है। कोविड महामारी के दुष्प्रभाव के कारण बच्चों एवं किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का विस्तार हुआ है एवं निरंतर मोबाइल उपयोग करने के कारण मानसिक विकार एवं अवसाद जैसी स्थितियों का सामना आज का समाज कर रहा है। अत: टेलीमानस अंतर्गत सेवाएं सभी व्यक्तियों के लिए टोल फ्री नंबर 14416 अथवा 1800.914416 के माध्यम से नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में चार टेली मानस सेल बीआरटी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान आगरा, मानसिक अस्पताल बरेली एवं मानसिक अस्पताल वाराणसी में प्रशिक्षित काउंसलर्स के माध्यम से संपूर्ण मानसिक काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है।

पिछड़ो, दलितों व अल्पसंख्यकों के सम्मान की लड़ाई लड़ते रहे मुलायम: उदय प्रताप

● सपा मुख्यालय में आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में श्रद्धांजलि सभा में मुलायम के त्याग, संघर्ष को याद करते हुए उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव के चित्र पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने की।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव से सम्बन्धित संस्मरण सुना और उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुलायम यादव पिछड़ो, दलितों, वंचितों तथा अल्पसंख्यकों के हितों एवं सम्मान की लड़ाई लड़ते रहे। जनता से जुड़ाव के चलते ही उन्हें धरतीपुत्र तथा नेताजी कहा गया।

इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, अताउर्रहमान, राम अचल राजभर, ऊषा मौर्या, समरपाल सिंह, आशुतोष सिन्हा, शाहनवाज खां सभी विधायकगण, रवीन्द्र नाथ बेहरा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उड़ीसा, राजकुमार मिश्र, रीबू श्रीवास्तव, जुगल किशोर बाल्मीकि, कृष्ण कन्हैया पाल, स्वामी चेतनानंद शास्त्री, प्रेमप्रकाश वर्मा, किरन यादव, शांती सिंह, पायल सिंह किन्नर, अच्छे लाल सोनी, मोहम्मद एबाद, संगीता यादव, दिलीप कमलापुरी, राशिद हुसेन, हिमांशु तिवारी, अमित यादव, राधेश्याम सिंह, ज्योत्सना सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सपा संस्थापक को भारत रत्न देने की मांग को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान

लखनऊ। मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर समाजवादी छात्र सभा की ओर से समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में नेताजी को भारत रत्न दिए जाने की मांग को लेकर व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान इदरीश ने इस मौके पर कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान नेताजी के जन्मदिन 22 नवम्बर 2023 तक अनवरत चलता रहेगा। हस्ताक्षर अभियान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल द्वारा हस्ताक्षर कर प्रारम्भ किया गया। प्रयागराज में संदीप यादव समाजवादी लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष द्वारा शुरू हस्ताक्षर अभियान में पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल, कमल यादव, मेराज आरिफ, पप्पू निषाद, गीता पासी विधायक, सैय्यद इफ्तिखार हुसैन ने भी शिरकत की। लखनऊ में इस हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मधुकर त्रिवेदी, अरविन्द यादव, अभिषेक सिंह, मनोज पासवान, दिलीप कृष्णा, अजीत सिंह, सिद्धार्थ सिंह, हजहरूद्दीन, वसीम अकरम, कौश्तुक तिवारी, शुभम यादव, कमल पाल, अंशू यादव, इरफान खान, विश्वजीत, राजीव, रंजीत, शरद यादव, सौरभ यादव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर केजीएमयू को भेंट किए दो स्ट्रेचर व एक व्हीलचेयर

लखनऊ। सपा संस्थापक एवं पूर्व रक्षामंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में लखनऊ नगर निगम पार्षद दल के उपनेता देवेन्द्र सिंह जीतू तथा वरिष्ठ नेता नवीन धवन बंटी के सौजन्य से दो स्ट्रेचर तथा एक ह्वील चेयर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने भेंट किया। मेडिकल कॉलेज के शताब्दी अस्पताल के मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट की ओर से डॉ. यशदीप सिंह यादव ने भेंट स्वीकार की और आभार पत्र दिया। इस अवसर पर मेडिकल परिसर में तीमारदारों को भोजन भी वितरित कि या गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया, रामसागर, जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, तारा यादव, डॉ. हमजा विलाल, धर्मपाल, रामसुन्दर आदि ने भी सहयोग किया।

हाई स्पीड से जुड़ेगी यूपी पुलिस, 3 जी की जगह अब 4 जी सिम देने की तैयारी

● डीजीपी मुख्यालय ने बीएसएनएल को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस में इस्तेमाल होने वाले सीयूजी नंबर के सिम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिए हैं, जिस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके 3 जी सिम की जगह 4 जी सिम देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर डीजीपी मुख्यालय के अधिकारियों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को निर्देशित किया है। 4 जी सिम मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को हाई स्पीड से जोड़ा जा सकेगा। उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा डाटा मिलेगा और उनकी कनेक्टिवटी भी बेहतर होगी, जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

यूपी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी कई वर्षों से 3 जी सिम से काम चला रहे हैं। इसमें अब तकनीकी समस्याएं भी आने लगी हैं। मोबाइल टेक्नोलॉजी में बदलाव की वजह से जल्द ही 5 जी इस्तेमाल होने लगेगा। वहीं वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे 3 जी सिम की वजह से कई जगहों पर नेटवर्क की समस्या का सामना भी करना पड़ता है, जिसे इस पहल से दूर किया जा सकेगा। इसके अलावा ट्राई की गाइडलाइन के मुताबिक मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को पुलिस के सीयूजी से होने वाली कॉल को प्राथमिकता देनी होगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जगह बड़ी घटना होने पर आमजन के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लग जाता है, तो वहां मौजूद बीटीएस अधिक संख्या में कॉल करने की वजह से जाम हो जाता है।

इस समस्या को देखते हुए ट्राई ने कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया है कि वह पुलिस के सीयूजी सिम से होने वाली कॉल को प्राथमिकता प्रदान करे, ताकि आपात स्थिति में इमरजेंसी सेवाओं में देरी न हो।

सेफसिटी परियोजना

पहले चरण में 9 शहरों के 20 धार्मिक स्थलों को मिलेंगे पिंक बूथ

● 550 थानों की 1100 महिला बीट आरक्षियों को दी जाएगी पिंक स्कूटी

● महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने 17.26 लाख के दो प्रस्ताव शासन को सौंपे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश भर की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश भर में तीन हजार पिंक बूथ और सभी 10417 महिला बीटों को पिंक स्कूटी देने का फैसला किया था। वहीं परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहरों के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ के निर्माण का निर्णय लिया गया था जबकि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 1100 महिला बीट आरक्षियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। पहले चरण में पिंक बूथ निर्माण और इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया था। इस पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने एक प्रस्ताव बनाकर शासन को उपलब्ध कराया है, जिस पर मुहर लगते ही इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में सेफसिटी परियोजना तीन फेज में पूरी की जानी है। इसमें पहले फेज में 17 नगर निगमों के साथ गौतमबुद्धनगर शामिल है। वहीं दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालय की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहर के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ का निर्माण किया जाएगा। इसमें वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, मीरजापुर, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, बलरामपुर और चित्रकूट शामिल हैं। सभी जगह सिंगल स्टोरी के पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसके लिए विभाग की ओर से गृह विभाग को 1.66 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके साथ ही सभी नौ जिलों के पुलिस अधिकारियों को पिंक बूथ के लिए जमीन चिन्हित कर जानकारी साझा करने के लिए पत्र लिखा गया था जिसमें से कई जिलों से रिपोर्ट आ गयी है। एडीजी ने बताया कि गृह विभाग से बजट जारी होते ही बूथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना के दूसरे चरण में प्रदेश के नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 501 पिंक बूथ बनाए जाएंगे जबकि तीसरे चरण में प्रदेश के शेष शहरों में 2480 पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसी तरह परियोजना के पहले चरण में मंडल मुख्यालय और गौतमबुद्धनगर के 550 थानों को दो-दो जीपीएस लैस पिंक स्कूटी सौंपी जाएगी, जिससे 1100 महिला बीट आरक्षी इस्तेमाल करेंगी। इसके लिए गृह विभाग को 15.60 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही पिंक स्कूटी को 550 थानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। शासन द्वारा इस माह में दोनों प्रस्ताव को हरी झंडी मिल सकती है। वहीं दूसरे और तीसरे चरण के लिए विभाग की ओर से योजना तैयार की जा रही है। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने सेफ सिटी परियोजना के तहत पहले चरण में 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिलाओं और बेटियों को जागरुक करने के लिए 6 माह का कैलेंडर तैयार कर सूचना एवं जन संपर्क विभाग को सौंप दिया। वर्तमान में विभाग की ओर से पहले चरण के सभी जिलों प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही विभाग की ओर से एफएम जिंगल्स, कम्यूनिटी रेडिया के माध्यम से भी जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला पंचायत सभागार में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने शिरकत की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ नरेन्द्र सिंह व सीएमओ डॉ संतोष गुप्ताए सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत जन जागरूकता रैली से की गई जो शहर के प्रमुख मार्गो से निकालकर की गई। जिस के बाद एक गोष्ठी का आयोजन पंचायत सभागार में हुआ। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश और केंद्र की डबल इंजन की सरकार स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है और इसी कड़ी में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही इलाज की सुविधा भी सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे मानसिक रोगियों को गांव.गांव तक इलाज की सुविधा मिल सके। सरकार द्वारा निशुल्क दावाओ की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को आवश्यकता से अधिक कुछ नहीं करना चाहिए। न काम करना चाहिए और ना ही अधिक सोंचना चाहिए। ऐसा करने पर आप दिमागी रूप से परेशान हो सकते हैं और इसके बाद इसका प्रभाव आपके शरीर पर भी दिखने लगता हैए परंतु अगर समय पर इलाज कराया जाए तो मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर बेहद गंभीरता से काम किया जा रहा है। आज तमाम योजनाएं आम जनमानस और खासकर गरीबों के लिए चलाई जा रही है। जिससे आम जनमानस खुश है। वहीं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से लोगों को जो निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। वह गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि जिलेभर में मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा जिस तरह से गांव.गांव तक पहुंच कर मानसिक रोगियों का इलाज किया जा रहा है उससे आज ग्रामीण स्तर तक मानसिक रोगों को पहचान और इलाज करने को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। यही कारण है की जिला अस्पताल सहित सीएचसी पर लगने वाले मानसिक स्वास्थ्य कैंपों में अधिक मरीज पहुंच रहे हैं और सभी को निशुल्क चिकित्सा और दवाई उपलब्ध कराई जा रही हैं।

डॉण् शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों में भी मानसिक रोगों के होने की संभावनाएं रहती हैं। इसलिए जरूरी है कि किसी भी तरह का लक्षण देखने पर तत्काल उनका इलाज करवा और बुजुर्गों को अपना समय अवश्य दें। उनके साथ बैठकर अपनेपन के साथ बात जरूर करें। यह एक अच्छी थैरिपी हैए मानसिक रोगों से बचने के लिए।

मुलायम सिंह की पुप्यतिथि पर विचार गोष्ठी

संवाददाता। गाजीपुर

● नेता जी सत्ता की राजनीति नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए करते रहे आजीवन संघर्ष- विधायक जयकिशन

जनपद में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पूरे जिले में ब्लाक स्तर पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक,देश के रक्षा मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के संरक्षक रहे श्रृद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर भी विचार गोष्ठी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर इस देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में सबसे पहले समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रजनीकांत यादव एवं उनके साथियों ने अपने समाजवादी गीत के माध्यम से नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस गोष्ठी में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सर्वसमाज का नेता बताया और कहा कि वह लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉ लोहिया के बाद समाजवादी आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे। वह लोकतंत्र के सजग प्रहरी थे। वह सामाजिक न्याय और और धर्म निरपेक्षता के प्रबल पक्षधर और सशक्त पैरोकार थे। सदर विधायक जै किशन साहू ने नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेता जी अपने कार्यों, विचारों, वसूलों और सिद्धान्तों के लिए हमेशा याद किए जायेंगे। नेता जी अमर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह जैसे नेता आज भारत की राजनीति में दुर्लभ हो गए है। उनके अंदर संघर्ष करने की अद्भुत क्षमता थी। उनके मन में गरीबों के लिए गहरी वेदना और पीड़ा थी। जब भी अवसर मिला गरीबों ही नहीं समाज के हर तबके के लिए दिल खोलकर कलम चलाई। वह सत्ता की राजनीति नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। उनके संघर्षों से प्रेरणा लेकर हमें समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव ने कहा कि नेता जी ने हमेशा हम सबको संघर्ष का पाठ पढ़ाया और वह गरीबों पिछड़ों के सवाल पर आजीवन संघर्ष करते रहे। नेता जी साहस और सत्य के पर्याय थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा,सिंकदर कन्नौजिया,अशोक कुमार बिंद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस विचार गोष्ठी का संचालन सदर विधानसभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद ने किया।

बायरस फैलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाए मोहल्ले-मोहल्ले कैंप

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

नगर से लेकर ग्रामों तक क्षेत्र में मौतों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है नगर के लगभग हर वार्ड में हर घर में कोई न कोई बीमार है एएक वर्ष पहले मोहल्ला सरैया में संक्रमण फैलने के चलते सात बच्चों की मृत्यु हो जाने से हड़कंप मच गया थाएबीती रात फिर एक 11 वर्षीय बच्चे की बुखार आने से मौत हो गईए जिससे मोहल्ले वासी घरों में दुबकने को मजबूर है जबकि सरैयाए पश्चिमी लकपेड़ा शुकलापुर मोहल्ला सहित नगर के हर वार्ड में व मोहल्ले में तमाम लोग डेंगू ए टाइफाइड मलेरिया के बुखार से पीड़ित नजर आ रहे है ए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी टीम के साथ साथ मोहल्ले मोहल्ले टीम लगातार जाचे और दवाइयों का वितरण कर रही हैए शुकलापुरए सरैया सहित अन्य मोहल्लों मे अधीक्षक डाण्मयक मिश्रा व डाक्टर धर्मेंद्र वर्मा के माध्यम से जांच टीम जांच करने में लगी हैए वही अधीक्षक ने बताया कि गंदगी की वजह से यह वाइरस और तेजी से फैल रहा है इस बीमारी से फैलने को रोकने के लिएे कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है तथा जागरूकता अभियान के तहत सभी से सहयोग करने का निवेदन भी किया गया है वही सभी लोगों को सफाई व्यवस्था को अपने.अपने तरीके से सहयोग करने की अपील की है वही उप जिलाधिकारी डाक्टर अवनीश कुमार लगातार बैठके करके इसकी मानीटरिंग कर रहे उन्होंने अधिशासी अधिकारी से फागिगए छिडकाव सफाईएको और तेजी के साथ कराने के निर्देश दिऐ है।

भारतीय जनता पार्टी की सम्मेलन के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। गाजीपुर

भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति सम्मेलन के तैयारी को लेकर जिले के सभी 34 मंडलों की कार्यशाला आज अलग अलग स्थानों पर मंडल अध्यक्षों कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के मौजूद पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार के गुणवत्ता पूर्ण मानकों के अनुसार समाज के गरीब और कमजोर लोगों के लिए चलाए गए कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। गाजीपुर सदर पश्चिमी मंडल की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय छावनी लाइन पर मंडल अध्यक्ष गोपाल राय की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला मंत्री सुरेश बिन्द ने बताया कि 2014 के बाद में विकास कार्यों का जो मापकता तय हुई है उससे देश की बुनियाद और समाज का हर वर्ग मजबूत हुआ है। जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि देश का आज आर्थिक विकास दर लगातार बढ रहा है हर जाति वर्ग के लोगों का विकास और सामाजिक सम्मान समृद्ध हुआ है। कार्यशाला में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज बिंद ने वृत्त निवेदन किया।

कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं वंदेमातरम गायन से हुआ। संचालन मंडल महामंत्री मुरली कुशवाहा ने किया।

बैठक में कल्पना कुशवाहा, हर्षित सिंह, अरविंद सिंह, काशी चौहान, परवेज खान, बाबूलाल बिंद, राकेश पासवान,उदय प्रताप सिंह, संजय बिंद,गौरव श्रीवास्तव एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी केंद्र संयोजक प्रभारी उपस्थित थे।

रेलवे ग्राउंड के कुणाल का ओपन नेशनल और नेशनल गेम्स में चयन

बरेली। स्टेट कंपटीशन मैं शानदार प्रदर्शन के बाद कुणाल चौधरी का चयन 11से14 अक्टूबर को होने वाले ओपन नेशनल और 26 अक्टूबर से 9 नवंबर को होने वाले नेशनल गेम्स गोवा के लिए हुआ है.घुटने की इंजरी के बाद से कुणाल चौधरी का यह दूसरा सबसे बड़ा कंपटीशन है.इस कंपटीशन से सभी को कुणाल से काफी उम्मीदें हैं. कुणाल पूर्वोत्तर रेलवे में कार्य अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं और नियमित रूप से रेलवे ग्राउंड में कोच अजय कश्यप से प्रशिक्षण लेते हैं, इस समय कुणाल बिलासपुर में इंडियन रेलवे के कैंप में हैं, कुणाल का मानना है कि यदि उनके पिता मनोज कुमार जो स्वयं एक अच्छे एथलीट रहे हैं.और कोच अजय कश्यप साथ ना होता तो शायद मैं दोबारा खेल मैदान में वापसी नहीं कर पाते, आज सभी खिलाड़ियों को कुणाल से काफी उम्मीदें हैं, कुणाल के चयन पर सभी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

क्विक न्यूज

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरेली। एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस में लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी स्थित बसंत विहार कॉलोनी में रहने वाले अमन पुत्र मुन्नाशाह ने पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली मृतक के बड़े भाई मोनू ने बताया कि अमन कोहाडापीर स्थित एक ऑटोमोबाइल की दुकान पर काम करता था और कम पढ़ा लिखा होने के कारण लगभग 3 महीने से वह गांव में ही ट्यूशन पढ़ने के लिए जाता था कल रात लगभग 9 बजे जब उसकी मां नदीमा घर में खाना बना रही थी तो उसने मा से कहा कि वह ट्यूशन का काम करने के लिए कमरे में जा रहा है जबकि पिता पास कहीं कमरे में सो रहा था जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मां ने उसको कमरे में जाकर आवाज लगाई तब देखा कि अमन की लाश फांसी पर लटकी हुई है मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें उसने अपनी मौत के लिए ऑटोमोबाइल दुकान दार को जिम्मेदार बताया उसी दुकान पर वह काम करता था पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।

क्षत्रिय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए महा जनसंपर्क अभियान

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के तत्वाधान में 25 अक्टूबर को गांधी भवन टाउन हाल में आयोजित होने वाले क्षत्रिय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए आज महा जनसंपर्क अभियान के लिए कांट और मदनापुर विकास खंडों में गांव गांव जा कर सभी क्षत्रिय बंधुओ से अपील की गई इस मौके पर अखील भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष पदम सिंह एवं जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने अपने सयुक्त बयान में कहा कि 25 अक्टूबर का कार्यक्रम यादगार और इतिहासिक बनने के लिय सभी क्षत्रिय बंधुओ को लगने की जरूरत है वर्तमान परिस्थितियो में यह सम्मेलन अति आवश्यक है और हम एकजुट होकर एकता का संदेश देना है उन्होंने ने आगे कहा की यह महासम्मेलन जनपद के क्षत्रियों को नई दिशा देगा और समाज को मजबूती प्रदान करेगा !कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह एब वरिष्ट राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर,ब्रज प्रदेश के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ई भुनेश्वर सिंह आदि लोग उपस्थित होगे! इसमें मौके पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट,जिला संयोजक सुमित भदौरिया,जिला संगठन मंत्री गठन आदि लोग उपस्थित रहे!

नगर निगम में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफसफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनाें। जन सुनवाई दिवस में 04 समस्यायें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 03 समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायें। नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी आशीष त्रिवेदी, कर अधीक्षक सदानंद एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

जिला जेल के कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बरेली। जिला जेल में बंद कैदी की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई मृतक के घर वालों ने मारपीट का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी।भुता थाना क्षेत्र के गांव डभौरा निवासी 50 वर्षीय वीरपाल पुत्र टीकाराम की बीती रात जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि वीरपाल का 29 सितंबर को गांव में ही एक दरोगा से विवाद हो गया था घटना के समय वीरपाल गांव के लोगों के साथ बैठा था दरोगा ने उसे पर शराब पीने का आरोप लगाया था जिसको लेकर झगड़ा हुआ था और इसी के बाद उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और 5 अक्टूबर को दरोगा ने उसे गिरफ्तार कर लिया घर वालों ने आरोप लगाया कि दरोगा का वीरपाल के पड़ोसी के घर आना जाना था जिसके चलते पड़ोसी के कहने पर वीरपाल को गिरफ्तार किया गया उसकी आज जमानत होनी थी लेकिन रात में उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने उसको पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया।

फांसी पर लटकी मिली लापता युवक की लाश

बरेली। पितृपक्ष में पत्नी की ननिहाल जाने के लिए घर से निकला एक युवक अचानक लापता हो गया उसकी लाश दो दिन बाद आज सुबह घर से दूर एक पेड़ पर फांसी पलट की पाई गई मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव जोगीठेर निवासी हरपाल सिंह के 25 वर्षीय बेटे हरीश की लाश आज सुबह अलीगंज थाना क्षेत्र में अलीगंज आवला मार्ग पर झाले के पास एक पेड़ पर बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि हरीश रविवार को पितृपक्ष में अपनी पत्नी शिखा की रिठौरा के गांव खाता स्थित ननिहाल जाने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा तब घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला आज सुबह आवला अलीगंज मार्ग पर ग्राम प्रधान ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और उसके गांव के प्रधान को सूचना दी।

अस्पताल में दो मौतों पर जमकर हुआ हंगामा

संवाददाता। बरेली

अस्पताल में क्या सबके लिए भर्ती कराई गई दो महिलाओं की मौत से हड़कप मच गया परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए काफी देर हंगामा किया सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा शांत करें अस्पताल प्रशास ने कहा कि दोनों मरीजों मरीजों की हालत काफी गंभीर थी दोनो महिला प्रसाद के लिए आई थी जिनके पेट में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया जिससे सेप्टिक फैल गया और उनकी मौत हो गई।थाना कैंट क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी अंकुर ने अपनी पत्नी को तीन दिन पहले थाना सुभाष नगर क्षेत्र के गन्ना मिल के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था उसकी पत्नी गर्भवती थी एक दिन पहले उसके बच्चे की मौत और आज सुबह चार बजे उसकी पत्नी की मौत हो गई परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि अस्पताल की इलाज में लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हो गई वहीँ दूसरी मौत अस्पताल सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिपुरी निवासी महेश की पत्नी मिथलेश की सोमवार को रात सात बजे मौत हो गई उसे भी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था बताया जा रहा है उसके भी मरा हुआ बच्चा हुआ था जिसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया काफी देर तक हंगामा होता रहा घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहूंच गई और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया इस दौरान एक महिला के परिजन शव लेकर चले गए ।अस्पताल में चार मरीजों की मौत की सूचना से हड़कप मच गया जिसके बाद वहां हंगामा हो गया लेकिन दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है जिनमें अवनीश पुत्र शिवलाल निवासी औध मोहम्मदनगर थाना मूसाझाग बदांयू की हालात गम्भीर बताई जा रही है उसको डेंगू हैडेंगू की बजह से लीवर ने काम करना बंद कर दिया है अस्पताल की डॉक्टर वृन्दा जौहरी ने बताया दोनों ही महिलाओं के पेट में मरे हुए बच्चे थे जिससे उनके शरीर में जहर फैल गया प्रियंका के हीमोग्लोबिन की कमी,निमोनिया व जहर फैल गया था। सेप्टिक की बजह से दोनों की मौत हो गई और अस्पताल पर लगा लापरवाही का आरोप गलत है ।

दशहरा व दुर्गा पूजा की तैयारियों के संबंध में बैठक

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दशहरा एवं दुर्गा पूजा की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने उपस्थित संभरान्त नागरिकों से अपील की कि वह दशहरा एवं दुर्गा पूजा को हर्षल्लास के साथ मनाएं परंतु इसके साथ ही जिले की शांति व्यवस्था भंग ना हो इसके लिए जिला प्रशासन की पूरी मदद करें ।शहर के कुछ नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी से जल निगम की कार्यशैली को लेकर शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को फटकार लगाते हुए कहा कि वह अपने अधिकतम कार्यों को रात्रि के समय में पूर्ण करने का प्रयास करें जिससे आम जनमानस को कोई समस्या ना हो ।जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह साफ सफाई तथा बिजली के तारों इत्यादि को भली भांति जांच ले । जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक शोभायात्रा के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे ।उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहनी चाहिए ।बिजली विभाग को उन्होंने निर्देश दिया कि जो तार ढीली होकर लटक रहे हैं उन्हें बंच लाइन करना सुनिश्चित करें । डीएम ने कहा कि आबकारी विभाग शोभायात्रा निकालने के समय शराब की सभी दुकानें बंद कराना सुनिश्चित करेगा ।शोभा यात्रा के दिन मीट की दुकान भी बंद रहेंगी ।डीएम ने सीवर लाइन को ढकने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह पुतले की ऊंचाई तथा उसमें प्रयुक्त होने वाले विस्फोटक इत्यादि के मानकों पर नजर बनाए रखेंगे ।

बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक स्टैंडबाई जनरेटर आवश्यक रूप से रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि शोभा यात्रा निकलते वक्त यह ध्यान रखा जाए की कोई नई परंपरा ना डाली जाए ।उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपना ह्यूमन इंटेलिजेंस बढ़ाने के निर्देश दिए ।

इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता 12 तक

संवाददाता। बरेली

डिस्ट्रिक्ट बैडमिन्टन एसोशिएशन बरेली के तत्वाधान में आयोजित योनेक्स सनराईस डा0 अखिलेष दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिग बैडमिन्टन प्रतियोगिता जो 6 से 12 अक्टूबर 2023 तक स्पोर्टस स्टेडियम बरेली मे आयोजित की जा रही है जिसके आज दिनांक को तीसरे दिन प्रारम्भ हुए मुख्य ड्रा के मैचों का बरेली के महापौर डा0 उमेष गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उदघाटन किया। डा0 उमेष गौतम के द्वारा बाहर से आये हुए सभी खिलाड़ियों, बरेली की जनता और विषेष रूप से जिला बैडमिन्टन संघ का धन्यवाद किया गया और कहा कि बरेली शहर में लगातार इतनी बड़ी प्रतियोगिता का होना ही अपने आप में एक कीर्तिमान है। हमारी ओर से जो भी सहयोग होगा उसे मैं खिलाड़ियों के हित में अवष्य पूरा करूंगा। इस अवसर पर एसोसियेषन के अध्यक्ष डी.एल.खटरर, अनिल मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष बसन्त चतुर्वेदी, जेड.ए.खान विष्णु शंकर शर्मा आदि ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसियेषन के उपाध्यक्ष श्रीकुमार अग्रवाल, जगदीष खण्डेलवाल, मेम्बर गौरव भसीन, सुनील शर्मा, राकेष टण्टन, देवेन्द्र थापा, दीपक धवन, हिमांक सिंह, अरून नेगी, अजय कुमार जैन, राजेष तनेजा, विमल मेहरोत्रा, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसी के साथ कल दिनांक 08 अक्टूबर को बरेली कैन्ट विधायक संजीव अग्रवाल बैडमिन्टन हाल में पधारे। उन्होंने सभी खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उनका हौंसला बढ़ाया। सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने सचिव को आष्वस्त किया कि बरेली में आप लोगों के द्वारा जो लगातार 1978 से ऑल इण्डिया टूर्नामेन्ट कराया जा रहा है उसके लिए मैं आपकी प्रषंसा करता हूं साथ ही उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग भी प्रदान करने का आष्वासन दिया। सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि कल मेन ड्रा के दूसरे राउण्ड के मैचेस प्रात: 9 बजे से खेले जायेंगे।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया मिशन इंद्रधनुष अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा मंगलवार को मिशन इंद्रधनुष फेस 3 का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह व सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया। डिप्टी सीएमओध् जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण का आगाज 10 अक्टूबर से हुआ है। इस अभियान के अंतर्गत 18998 छूटे हुए बच्चों को और 4745 गर्भवती माता को टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए 3065 सेशन जिलेभर में आयोजित किए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में संपूर्ण जनपद में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे पहले मिशन इंद्रधनुष फेज वन जो अगस्त माह में आयोजित हुआ था में लक्ष्य के सापेक्ष 88 प्रतिशत टीकाकरण किया गया था। वहीं सितंबर माह में चलाए गए मिशन इंद्रधनुष फेस टू में 85 प्रतिशत छूते हुए बच्चों का टीकाकरण किया

गया था। तीसरे व अंतिम पेज में लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत छूते हुए बच्चों और गर्भवती माता के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके सापेक्ष वृहद स्तर पर अभियान चलाकर मिशन इंद्रधनुष अभियान को पूरा किया जा रहा है या अभियान 10 से 16 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉण् विकास सिंह यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहानए अनिकेत व अंकित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद है।

शक्ति कलश का किया स्वागत

संवाददाता। शाहजहांपुर

108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त शांतिकुंज हरिद्वार से आए शक्ति कलश ने मिर्जापुर कलान जलालाबाद और अल्लाहगंज के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरण कर लोगों से 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पहुंचने का आवाहन किया। इस अवसर पर युग ऋषि संदेशवाहक सूरज वर्मा ने कहा कि गायत्री महायज्ञ नारी सशक्तिकरण वर्ष,राष्ट्र जागरण अभियान के अंतर्गत संपन्न हो रहा है ।युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने कहा है कि जब तक देश में नारी सशक्त नहीं होगी तब तक देश विकसित नहीं हो सकता इसलिए नारी सशक्तिकरण वर्ष के अंतर्गत इस 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । इसमें आपकी सहभागिता आवश्यक है । गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा से शक्ति कलश मिर्जापुर पहुंचा । रामनिवास पाठक दुर्गा मंदिर के पुजारी रईस जी,शिव प्रसाद पंडित जी, ऋषि पंडित शिव शंकर जी, मोरपाल प्रजापति शक्ति कलश का पूजन कर स्वागत किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को लेकर सूक्ष्म गोष्ठी संपन्न हुई। कलश यात्रा तहसील कलान पहुंची। कलान चेयरमैन हरि नारायण गुप्ता ,अखिलेश मिश्रा भंवर पाल , रोचक जी परिजनों सहित कलश का पूजन कर भव्य स्वागत किया गया। ,चेयरमैन को यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र दिया। जगह जगह स्वागत क्रम में डॉ. मोहित मिश्र, विनोद गुप्ता जी, प्रशांत जी के साथ परिजनों के साथ पूजन कर भव्य स्वागत किया। सायं सेठ काशीनाथ ज्वैलर्स की दुकान के पास दीपयज्ञ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अनिल जी ने सपत्नीक पूजन किया।सभी को 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भावभरा आमंत्रण दिया गया। शक्ति कलश के साथ युग ऋषि संदेशवाहक सूरज भैया जी, सविता दीदी, मनसा बहन, ज्ञानप्रकाश रामपाल उपस्थित रहे। इसके बाद शक्ति कलश जलालाबाद पहुंचा ।छोटे लाल वर्मा, सत्यप्रकाश ने सपरिवार शक्ति कलश का पूजन कर टीम का स्वागत भी किया। कलश यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। खंडहर में भी महेंद्र,मीरा,मयंक,चांदनी,देवेश पांडेय ने परिवार के साथ स्वागत किया। लोगो ने जगह जगह शक्ति कलश पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आनंद पाठक,कमलेश शर्मा आदि ने वहां स्वागत किया ।सपत्नीक, ऋषभ, स्नेहा ने परिवार सहित शक्ति कलश का स्वागत किया। शक्ति कलश यात्रा अल्लागंज पहुंची। अल्लागंज चेयरमैन श्रीमती शिवानी वर्मा,पूर्व चेयरमैन चंद्रेश गुप्ता ,नरेंद्र मोहन सक्सेना,रोशनी सक्सेना, सुरेंद्र, ऋतु सभी परिजनों ने शक्ति कलश का भव्य स्वागत किया। नगर पंचायत चेयरमैन को एवं सभी परिजनों को यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र दिया गया। गायत्री परिजन रोशनी सक्सेना जी घर के पास यहां दीपयज्ञ संपन्न हुआ। यहां सभी को 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भावभरा आमंत्रण दिया गया। शक्ति कलश के साथ युग ऋषि संदेशवाहक सूरज भैया जी

बाल विवाह उन्मूलन में सहयोग करेगा पौराणिक तीर्थ चित्रकूट का संत समाज

संवाददाता। चित्रकूट

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन एवं जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के संयुक्त तत्वावधान में शहर के कामदगिरि रेस्टोरेन्ट में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महाराज ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। जिसके उन्मूलन को चलाये जा रहे अभियान में चित्रकूट के संत समाज सहयोग करेगा।

वहीं नगर पालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सामूहिक सहयोग से कुरीतियों का उन्मूलन किया जायेगा। वहीं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि चित्रकूट का व्यापारी इस मुहिम में संस्था के साथ है।

मंगलवार को हुई प्रेसवार्ता में जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल पयासी ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की स्थापना नोबल सम्मान विजेता कैलाश सत्यार्थी ने बच्चों की सुरक्षा को की थी। बच्चों के खिलाफ हिंसा एवं शोषण मुक्त भारत बनाने को कार्यरत हैं। बाल विवाह सामाजिक बुराई है। जो बच्चों के अधिकारों व बचपन पर दुष्प्रभाव डालती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू है। विश्वास है कि बाल विवाह समाजिक बुराई को खत्म करने को कानून के प्रभावी क्रियान्वयन समेत लोगों में जागरूकता लाने से इस बुराई को खत्म किया जा सकता है। अभियान के लिए 14 राज्य सरकारों से समर्थन मिला है।

संस्था के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि बाल विवाह मुक्त अभियान भारत देश के तीन सौ से अधिक प्रभावित जिलों में संचालित है। ये राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक बाल विवाह का उन्मूलन करना है।

मेरी पहचान मेरा हुनर: सम्प्रेक्षण गृह में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

संवाददाता। चित्रकूट

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र के क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरंतर योग, बौद्धिक शिक्षा, संगीत, खेलकूद, पठन-पाठन, कला, निबन्ध-लेखन, वाद-विवाद प्रशिक्षण व प्रतियोगितायें की गयी।

मंगलवारको गांधी जयंती से शुरु मेरा हुनर मेरी पहचान मेला के तहत आठ अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिता हुईं। समापन पर जनपद न्यायाधीश प्रथम विकास ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समापन पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बच्चों से कहा कि व्यक्तित्व में छुपी प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से प्रतियोगितायें कराई गई हैं। समय का सदुपयोग कर अपने हुनर का विकास कर व्यक्तित्व का विकास कर समाज को सफल व्यक्ति के तौर पर स्थापित करें। जनपद न्यायाधीश ने किशोरों से कहा कि प्रस्तुत कार्यक्रम से किशोरों के अन्दर विद्यमान प्रतिभा बाहर आती है। उस ऊर्जा को सही दिशा देने की जरूरत है। कार्यक्रम की रूपरेखा अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

'वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे' के अवसर पर लगे शिविर का डीएम-एसपी ने किया शुभारंभ

- स्वस्थ्य रहने हेतु जीवन शैली में सुधार करना ही होगा-जिलाधिकारी
- परिवार में वाद-विवाद की स्थिति होने पर आपस में बात करें-एसपी

संवाददाता। उरई, जालौन

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हैल्थ डे के उपलक्ष्य में जिला पुरुष चिकित्सालय उरई में कैम्प के आयोजन का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने लोगों को आज कल के वातावरण में स्वस्थ्य रहने हेतु जीवन शैली में सुधार करना, धूम्रपान, तम्बाकू, एल्कोहल का सेवन न करना, खान-पान सही रखना, मानसिक तनाव न लेना एवं सुबह कम से कम आधा घंटा टहलना आदि की सलाह दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परिवार में सभी को मिलकर रहना चाहिए। आजकल मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या के बहुत से केस आते है। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति होने पर आपस में बात करना चाहिए जिससे मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न न हो जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी मानसिक रोग से ग्रसित किसी भी व्यक्ति को नजदीकी चिकित्सालय या जिला चिकित्सालय में स्थापित मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक पर लाकर मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाये किसी भी झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़े। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति को अकेले में न रहने दें, उससे बात करें, उसकी बात सुनें जिससे वह अपनी बात कह सके जिससे अवसाद की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला चिकित्सालय में स्थापित मन कक्ष में जाकर अपनी काउंसलिंग कराकर उचित सलाह लें।

एग्रीकल्चर इनपुट डीलर्स को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

चित्रकूट। डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स (देशी) के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान मैनेज हैदराबाद द्वारा प्रायोजित एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा वर्ष 2018-19 में आयोजित डिप्लोमा कोर्स के 37 प्रतिभागियों को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रमाण पत्र वितरित किया।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह डिप्लोमा कोर्स कृषि निवेशों के वितरण में लगे ऐसे डीलर्स के लिए आयोजित किया गया था जो निवेश वितरण के व्यवसाय में विगत कई वर्षों से लगे हुए हैं। जिनके पास कृषि निवेश व्यवसाय के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता नहीं थी। इनपुट डीलर्स को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि कृषि में बीज, खाद व कृषि रक्षा रसायन मंहगे निवेश हैं। सभी इनपुट डीलर्स इनके व्यवसाय के साथ ही उचित मात्रा में उपयोग करने के लिए सलाहकारी सेवा प्रदान करने का भी काम करते हैं। अत: सभी इनपुट डीलर्स पूरी तरह से सजग होकर बीज, खाद व कृषि रक्षा रसायनों का व्यापार सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित कीमत पर करना सुनिश्चित करेंगे। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक चित्रकूट धाम मण्डल बांदा राजीव कुमार झा, उप कृषि निदेशक राज कुमार, आदि रहे।

विद्यालयों में किया गया भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन

उरई, जालौन। मंगलवार को भारत विकास परिषद मुख्य शाखा उरई द्वारा नगर में आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में भारत को जानो प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया इसमें परिषद परिवार के सदस्यों ने सहभागिता की। श्री गांधी इंटर कॉलेज उरई में नवीन विश्वकर्मा महिपाल सिंह, सुधीर गुप्ता, विनायक एकेडमी इंटर कॉलेज उरई में संजय सुहाने एवं दिनेश अग्रवाल, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई में अरविन्द गुप्ता (मम्मा) एवं रामनरेश गुप्ता, बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में क्षेत्रिय सचिव ई. अजय इटोरिया, शिव शंकर रावत एवं दिनेश कुमार गुप्ता, भाई सरदार पटेल इंटर कालेज उरई में भूपेन्द्र कंथारिया, प्रवीण गुप्ता, डॉल्स डिलाइट पब्लिक स्कूल में प्रवीण इटोडिया, प्रभारी राहुल देव गुप्ता जी, विद्या मंदिर चिल्ड्रन जूनियर स्कूल में राजेश निगोतिया एवं रवि इटोडिया, मिलेनियम पब्लिक स्कूल में प्रमोद कठिल रानी अग्रवाल, ऊषा सिंह निरंजन, अलका ने उपस्थित रहकर परीक्षा सम्पन्न कराई गई।

किसान नेताओं ने अधिकारियों पर लगाया समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप

- किसानों की 95 प्रतिशत समस्यायें आज भी जस की तस
- सिंचाई बंधु की बैठक में किसानों ने दिखाये तेवर

संवाददाता। उरई, जालौन

मंगलवार को विकास भवन सभागार में सिंचाई बंधु की बैठक में आज खाद बिजली पानी की समस्याएं छाई रही किसानों ने संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कटघरे में खड़ा किया विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें किसानों ने ही नहीं बल्कि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

सिंचाई बंधु की बैठक में वरिष्ठ किसान नेता बलराम सिंह लंबरदार, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन, भारतीय किसान संघ के साहब सिंह चौहान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूर्य नायक के अलावा भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष डॉ. द्विजेंद्र सिंह दिनेश प्रताप सिंह गौर, आदि तमाम किसान मौजूद रहे। हर माह के दूसरे मंगलवार को होने वाली सिंचाई बंधु की बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव ने सिंचाई एवं ऊर्जा सलाहकार समिति की बैठक आहूत न करने का सचिव पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया राजवीर सिंह जादौन का कहना था कि सिंचाई एवं ऊर्जा सलाहकार समिति में मंडल के तीनों जनपदों के जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है सभी जनपदों को जिलाधिकारी भी इस बैठक में मौजूद रहते हैं लेकिन कोरोना काल के बाद से इस बैठक को आहूत नहीं किया गया।

क्विक न्यूज

मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आशा कार्यकत्रियां सम्मानित

फतेहपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। खागा विधायक कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी सी. इंदुमती, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नित्या पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर, दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती जी के चित्र पर मल्यार्पण कर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम मूक बाधिर छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुति किया। अध्यक्षता करते हुए खागा विधायक कृष्णा पासवान ने कार्यक्रम पर रोशनी डाली।

हत्यारोपी को घटना के कुछ घंटो बाद किया गिरफ्तार

कानपुर देहात। एसपी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शिवली पुलिस ने हत्या की घटना अंजाम देने वाले आरोपी को घटना के कुछ घण्टों बाद ही गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मॅगलवार को शिवली थाना क्षेत्र के प्रतापपुर अदैत गॉव में वादी ने राकेश कुमार पुत्र रामप्रसाद राजपूत के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था, शिवली कोतवाल शिव नरायण सिंह के नेतृत्व में शिवली कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त को प्रतापपुर, शिवली कल्याणपुर मार्ग में आलाकत्ल में प्रयुक्त फावड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया।

प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष भाजपा का हुआ स्वागत

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के नवांगंतुक जिलाध्यक्ष का नगर के प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नवांतुक जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का नगर के प्रथम आगमन पर मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। वही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहुर मोड़ चौराहे पर गांजे बाजे के साथ पहुंचे फूल मालाओं के साथ स्वागत किया जिसके बाद ज्वाला देवी मंदिर बाई पास के जीतू पेट्रोल पंप पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा और जिला मंत्री रोहित कश्यप के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया वही पुरानी बिंदकी स्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष सुलतान सिंह ने अपने आवास पर जिलाध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक का जनपद भ्रमण

फतेहपुर। आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज भानु भास्कर द्वारा जनपद फतेहपुर भ्रमण के दौरान महोदय का लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर उदयशंकर सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वीआईपी रोड़ फतेहपुर में आयोजित 34 वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता (बहिन) के प्लेयिंग कोर्ट का भूमि पूजन कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।

आस्था और सद्व्यवहार ही आत्म उन्नति का मार्ग

उरई, जालौन। ईश्वर के प्रति आस्था और सद व्यवहार ही आत्म उन्नति का मार्ग है जो प्राणी इस सत्य को स्वीकार कर जीवन यापन करता है उसे सही अर्थों में जीवन की सार्थकता प्राप्त होती। उक्त उदगार यहां नगर के राजेंद्र नगर हनुमान चबूतरा समीप स्थित मैदान में कीर्तिशेष वासुदेव व्यास एवं श्रीमती धनकुंवर देवी एवं बाबा दामोदर दास व्यास की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं सप्ताहिक अनुष्ठान के समापन दिवस के दौरान आचार्य गिरजा शंकर अड़जारिया ने उपस्थित भक्तगणों को कथा का श्रवण कराते हुए व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से मानव जीवन के आत्म उत्थान और व्यवहारिक जीवन की अनेकों शिक्षाएं प्रदान करते हुए जीवन की सार्थकता को प्राप्त करने का मार्ग बतलाते हुए कहा कि मानव जीवन जीव को आसान तरीके से प्राप्त नहीं हुआ है यह ईश्वर की सबसे बड़ी कृपा है जो हमें मनुष्य के शरीर में रहते हुए ईश्वर प्राप्ति के अवसर हासिल हुए हैं। अत: मनुष्य को चाहिए कि वह अपने जीवन काल में प्रभु भक्ति और सद आचरणों से अपने जीवन की सार्थकता को हासिल कर सके।

सपा अध्यक्ष अखिलेश आज रसूलाबाद में विराट दंगल का करेंगे उद्घाटन

रसूलाबाद, कानपुर देहात। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय विराट दंगल में पहुंचेंगे। इसके अलावा रसूलाबाद कस्बे में वरिष्ठ सपा नेता रहे स्व. हाजी वाजिद अली शाह के आवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

लूट और चोरी के गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

फतेहपुर। सुलतानपुर घोष पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान देवारा मोड़ के निकट से बाइक सवार चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। यह सभी बदमाश अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्य हैं जो लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी का एक ई-रिक्शा, पांच बाइक, पांच बैटरा के अलावा तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। सुलतानपुर घोष थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह सिपाहियों के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम देवारा मोड़ के निकट पहुंची तो संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जाने लगी।

पेज एक का शेष

इजराइल की...

हमले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत मिस्र और सीरिया के साथ 1973 के युद्ध के बाद से पहली बार देखी गई है। इजराइली युद्धक विमान ने मध्य गाजा सिटी के रिहायशी और व्यावसायिक जिले रीमल में निवासियों को जगह खाली करने की चेतावनी देने के बाद भीषण बमबारी की। लगातार विस्फोटों के बीच वह इमारत तबाह हो गई जिसमें फलस्तीनी दूरसंचार कंपनी का मुख्यालय स्थित था। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि गाजा पर इजराइली हवाई हमलों में 790 मकान जमींदोज हो गए हैं और 5,330 गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जल और साफ-सफाई से संबंधित तीन स्थानों पर हमले से 4,00,000 लोगों तक सेवाएं बाधित हो गई हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देते हुए कहा कि प्राधिकारी बिजली आपूर्ति बंद करेंगे और खाद्य सामग्री तथा ईंधन लेकर जाने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाएंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इजराइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के भयावह कृत्यों के लिए हमास की स्पष्ट तौर पर निंदा भी की। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि हमास की आतंकवादी कार्वाइयों का कोई औचित्य नहीं है और इसकी सार्वभौमिक रूप से निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद का कभी कोई औचित्य नहीं होता। बयान में कहा गया, हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इजराइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इजराइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं, तथा इजराइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, यह फलस्तीनी लोगों को और अधिक आतंक तथा रक्तपात के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं करता है।

प्रधानमंत्री ने...

एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने इज़राइल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर भी प्रकाश डाला। नेतन्याहू ने उन्हें पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। इज़राइल में लगभग 18,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें लगभग 900 भारतीय छात्र भी शामिल हैं। कई भारतीय मुख्य रूप से बुजुर्गों, हीरा व्यापारियों और आईटी पेशेवरों की देखभाल करने वाले के रूप में काम करते हैं। इजराइल के राजदूत नाओर गिलन ने उनके देश को भारतीयों से मिले समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, एक बार फिर शुक्रिया। हमें अपने भारतीय भाइयों और बहनों से इतना सहयोग मिला है और दुर्भाग्य से मैं आप सभी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद व्यक्त करने में असमर्थ हूं। इसे हमारे सभी मित्रों के लिए मेरे आभार के रूप मे स्वीकार किया जाए। हमास चरमपंथियों द्वारा इस सप्ताहांत में इजराइल पर किए गए अभूतपूर्व हमले के बाद इजरायल के युद्धक विमान गाजा पर निशाना साध रहे हैं। मोदी और उनके इजराइली समकक्ष के बीच वार्ता ऐसे समय हुई जब अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस ने एक संयुक्त बयान जारी कर इजराइल के लिए अपना दृढ़ समर्थन व्यक्त किया और हमास और उसके आतंकवादी कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा की। एक संयुक्त बयान में, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने हमास के कार्यों को भयावह बताया और इजराइल में मौजूदा संकट का फायदा उठाने की कोशिश करने वाले किसी भी देश के खिलाफ चेतावनी दी। बयान में कहा गया कि हम स्पष्ट करते हैं कि हमास की आतंकवादी कार्रवाइयों का कोई औचित्य नहीं है, कोई वैधता नहीं है, और इसकी सार्वभौमिक रूप से निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद का कभी भी कोई औचित्य नहीं होता है।

दिल्ली में...

में लगभग 900 इजरायली मारे गए हैं और 2,600 से अधिक घायल हुए हैं। दो साल से अधिक पहले हुई एक घटना की फिर पुनरावृत्ति न होने इसके मद्देनजर सुरक्षा उपाय और मजबूत कर दिए गये हैं। जनवरी 2021 में दिल्ली में इज़राइली दूतावास के पास एक 'बहुत कम ताकत का आईईडी विस्फोट किया था, जिससे आसपास की कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। लेकिन धमाके में कोई घायल नहीं हुआ था। पहाड़गंज में चाबड़ हाउस भारत में आने वाले सैकड़ों इजरायलियों के लिए घर से दूर घर का पहला उदाहरण है। दिल्ली के चाबड़ हाउस में आने वाले इजरायलियों की संख्या प्रति वर्ष 50,000 है। चाबड़ हाउस संभवत: भारत आने वाले इजराइलियों के लिए अपने लोगों के साथ संपर्क का पहला बिंदु है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो उन्हें विविधताओं से भरपूर भारत का पता लगाने के लिए बाहर निकलने से पहले कुछ परिचित होने की अनुमति देता है। ज्ञातव्य है कि जब आतंकवादियों ने मुंबई पर 26/11 हमला किया था तो चाबड़ हाउस को भी निशाना बनाया गया था। आतंकी फलस्तीन का बदला लेना चाहते थे और उनका मकसद इजराइली नागरिकों को मारना था। उस घटना के बाद दिल्ली और मुंबई दोनों जगह चाबड़ हाउस पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अब चाबड़ हाउस के आसपास की सड़कों पर कई सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। इज़राइली और यहूदी पर्यटक चाबड़ हाउस में आराम कर सकते हैं और इज़राइली व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। साथ ही अगर किसी तरह की जानकारी या मदद की जरूरत हो तो वह भी उपलब्ध है। चाबड़.ओआरजी पर दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में दुनिया के 85 से अधिक देशों में 3500 से अधिक चाबड़ हाउस संचालित हो रहे हैं। एक तरह से चबाड हाउस यहूदी समुदाय के लिए सामुदायिक केंद्र है, जहां उन्हें हर तरह की मदद और सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। चाहे वह बच्चों की पढ़ाई हो, रोजगार हो या बुजुर्गों की मदद करना हो। चाबड़ हाउस में इजराइलियों और यहूदियों के लिए विशेष कक्षाएं, कार्यशालाएं, व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक विषयों पर व्याख्यान भी दिये जाते हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए काउंसिलिंग और परामर्श जैसी चीजों का भी आयोजन किया जाता है। अब तक इज़राइल में रहने और काम करने वाले भारतीयों के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। यहां तक? कि तेल अवीव में भारतीय दूतावास को देश में फंसे पर्यटकों सहित अपने नागरिकों से उनके सुरक्षित निकास की सुविधा के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं। तेल अवीव में भारतीय मिशन और फलस्तीन में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने शनिवार को सलाह जारी कर संबंधित पक्षों के भारतीय नागरिकों से 'सतर्क रहने' और आपात स्थिति में 'सीधे कार्यालय से संपर्क करने' के लिए कहा है। शनिवार को इजराइल के शहरों पर हमास के रॉकेट हमले की खबरें सामने आने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह 'आतंकवादी हमलों की खबर से गहरे सदमे में हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

मातृभूमि की...

निरस्त होने के कारण वे यहां ठहरने के लिए मजबूर है। सिमोन ने कहा कि वहां पर हालात भयावह हैं। हम सब लोग डरे हुए हैं। अब हमारे पास इतने पैसे भी नहीं बचे कि हम लोग लंबे समय तक यहां ठहर सकें। चाबड़ हाउस में एक अन्य इजराइली दंपति ने बताया कि जंग के हालात में वहां उनके दोनों बेटे सैन्य अधिकारी के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं। दंपति ने कहा कि वे अपने देश जाना चाहते हैं लेकिन उनको वहां पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन उनको विश्वास है कि वे इसके बाद भी जल्द अपने देश जाएंगे। चाबड़ हाउस के पुजारी यहूदी इजाकील आइजैक मालेकर का कहना है कि वो धार्मिक किताब पढ़कर इजरायल में शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल में अभी जो भी हो रहा है वो यह सब देखकर बेहद दुखी हैं। जिस तरह के वीडियो आ रहे हैं, उसको देखने के बाद मन विचलित हो जा रहा है। मालेकर ने कहा कि हमारे रिश्तेदार अभी वहीं रहते हैं। सरकार ने सबको सुरक्षा दी है, लेकिन लोग फिर भी लोग डर हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार हमें बहुत सहयोग कर रही है। यहां सिनेगॉग में भी काफी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

भारत, इटली...

को बढ़ावा देगा। समझौते पर हस्ताक्षर को रक्षा सहयोग का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। रक्षा मंत्रालय द्वारा अगस्ता वेस्टलैंड और इसकी मूल कंपनी लियोनार्दो एसपीए पर प्रतिबंध हटाने के लगभग दो साल बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। लियोनार्दो एसपीए को पहले फिनमैकेनिका के नाम से जाना जाता था। 3,500 करोड़ रुपए के वीवीआईपी हेलीकॉप्टर सौदे में भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर फिनमैकेनिका और अगस्ता वेस्टलैंड पर 2014 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना साझा करने, नौसैना अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि सिंह ने इतालवी रक्षा कंपनियों के साथ भारतीय स्टार्ट-अप की बातचीत को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। मंगलवार को, सिंह ने 24 इतालवी रक्षा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ भी बातचीत की, जिस दौरान उन्होंने दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के एक साथ काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बाद में, सिंह इतालवी उप रक्षा मंत्री मातियो पेरेगो दी क्रेमनागो और इटली में भारतीय राजदूत नीना मल्होत्रा के साथ पेरुगिया प्रांत के मोंटोन गए, जहां उन्होंने नाइक यशवंत घाडगे तथा द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने वाले अन्य भारतीय सैनिकों के लिए हाल में बनाए गए स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

विशेषाधिकार समिति...

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इन सांसदों ने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का भी आग्रह किया था। दूसरी तरफ, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और रवि किशन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दावा किया था कि पहले अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने भी इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का आग्रह किया था। लोकसभा अध्यक्ष ने सभी शिकायतों को विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया था। मालूम हो कि संसद का विशेष सत्र समाप्त होने के एक दिन बाद भाजपा ने बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस भेजा। भड़काऊ टिप्पणियों के लिए पार्टी ने उनसे 10 दिनों में जवाब मांगा था कि इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। जहां कई विपक्षी सांसदों ने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, वहीं कुछ भाजपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि अली ने बिधूड़ी को उकसाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी भी की।

इच्छा शक्ति...

की दो मूलभूत शक्तियों के बीच एक परस्पर क्रिया है, जो हमारे भीतर 'डर' और 'विश्वास' के रूप में कूटबद्ध है। डर मन और शरीर दोनों को नष्ट कर सकता है और कैटाबोलिक हार्मोन के स्राव के माध्यम से असंख्य बीमारियों को जन्म दे सकता है। दूसरी ओर विश्वास में एनाबॉलिक हार्मोन के माध्यम से इन बीमारियों को ठीक करने की शक्ति है। यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार अपने सबसे बुरे समय का सामना करता है, जहां डर उनके मानसिक स्थान पर हावी हो सकता है। हालांकि, यह किसी के विश्वास की ताकत है। चाहे सर्वोच्च शक्ति में, ईश्वर में, या स्वयं में, जो इस यात्रा में मार्गदर्शक शक्ति के रूप में कार्य करती है। हालांकि, इन कष्टों और अहसासों के बीच, वह भाग्यशाली थे कि उन्हें अपने परिवार का अटूट समर्थन मिला। डॉ. शंकर याद करते हैं कि उनका समर्थन प्रकाश की किरण थी। एक समय घोषित नास्तिक डॉ. शंकर की मानसिक स्वास्थ्य यात्रा ने उन्हें भीतर से मार्गदर्शन करने वाली दैवीय शक्ति और विश्वास प्रणालियों की शक्ति की एक नई समझ प्रदान की। 'मुझे एहसास हुआ कि निर्माता हम में से प्रत्येक के भीतर अपनी पूरी कृपा के साथ मौजूद है। जीवन उसकी ओर वापस ले जाने वाली खोज की एक प्रक्रिया है। उन्होंने मेरे मन में उथल-पुथल मचा दी और उन्होंने मुझे इस उथल-पुथल को सामंजस्यपूर्ण संगीत में बदलना सिखाया। उसने मुझे टुकड़ों में तोड़ दिया और अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए उपचार के मार्ग पर मेरा मार्गदर्शन किया। दृढ़ विश्वास के साथ

युद्ध शुरू करने और अपराधों को अंजाम देने के लिए रूस जिम्मेदार : सुरक्षा परिषद

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

जहां मिसाइल हमले में 52 लोग मारे गए, वहां यूक्रेनी सैनिक की देख-रेख कर रहे थे नव-नाजी : रूस

संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत ने आरोप लगाया है कि जिस गांव के कैफे पर पिछले सप्ताह मिसाइल हमला किया गया था, वहां एक यूक्रेनी सैनिक की देखभाल पूर्व सैन्यकर्मी और नव नाजी कर रहे थे। वहीं सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने दोहराया कि युद्ध शुरू करने और अपराधों को अंजाम देने के लिए रूस जिम्मेदार है। कैफे पर हुए हमले में 52 लोगों की मौत हो गई थी।विश्व निकाय में रूस के राजदूत वेसिली नेनजिया ने यूक्रेन द्वारा बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक को बताया कि सैन्यकर्मी एक उच्च पद वाला यूक्रेनी नागरिक था और उसके साथ बहुत सारे नव नाजी वहां मौजूद थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में अपने शत्रुओं को नव-नाजी कहते हैं।रूसी इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइल से बृहस्पतिवार को किए गए हमले में उत्तरपूर्व खारकीव क्षेत्र के 300 लोगों की आबादी वाले ह्रोजा गांव में 15 फीसदी से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। घायलों की देख-रेख के लिए फिर से खोला गया यह कैफे हमले में पूरी तरह नष्ट हो गया और यहां मौजूद सभी परिवार खत्म हो गए।संयुक्त राष्ट्र में अल्बानिया के राजदूत फेरिट होक्सा ने कहा कि मिसाइल हमले और ह्रोजा में मौतें रूसी आक्रमण के 20 महीने बाद भी नागरिकों द्वारा भयानक कीमत चुकाए जाने की कहानी बयां करते हैं।होक्सा इस महीने सुरक्षा परिषद की बैठक के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि रूस भले ही जिम्मेदारी से इनकार कर सकता है लेकिन युद्ध उसने ही शुरू किया है और वह ही इसे जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि रूस इन भयानक अपराधों को अंजाम दे रहा है।

कूलेंट रिसाव, रूस ने कहा–अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं

मॉस्को। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की बैकअप लाइन से कूलेंट के रिसाव की सूचना है। रूसी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस की नई वैज्ञानिक प्रयोगशाला के बाहरी बैकअप रेडिएटर में कूलेंट रिसाव से आईएसएस और वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है तथा प्रयोगशाला की मुख्य ताप नियंत्रण प्रणाली ठीक तरह से काम कर रही है। कूलेंट आमतौर पर एक तरल पदार्थ होता है, जिसका इस्तेमाल सिस्टम के तापमान को कम करने या नियंत्रित रखने के लिए किया जाता है।

इजराइल को समर्थन देने के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इटली के साथ आया ब्रिटेन

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। इसके कुछ समय बाद सुनक उत्तरी लंदन के एक यहूदी उपासनागृह में आयोजित प्रार्थना में शामिल हुए और देश के यहूदी समुदाय को आश्वस्त किया कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इजराइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के भयावह कृत्यों के लिए हमास की स्पष्ट तौर पर निंदा भी की। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि हमास की आतंकवादी कार्वाइयों का कोई औचित्य नहीं है और इसकी सार्वभौमिक रूप से निंदा की जानी चाहिए। आतंकवाद का कभी कोई औचित्य नहीं होता। बयान में कहा गया, हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इजराइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इजराइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं, तथा इजराइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं।

क्विक न्यूज

चीन ने फिलिपीनी जहाज को खदेड़ने का दावा किया

बीजिंग। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलिपीन के बीच बढ़ते तनाव के दौरान चीन के तटरक्षक बल ने मंगलवार को क्षेत्र में फिलिपीनी नौसेना के एक जहाज का पीछा करने और उसे खदेड़ने का दावा किया। तट रक्षक बल के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि फिलिपीनी जहाज स्कारबोरो शोआल के बगल के जल क्षेत्र में पहुंच गया था, जिसे चीन हुआंगयान द्वीप कहता है और उसने वापस लौटने की कई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था। गान ने कहा, चीनी तट रक्षक बल ने फिलिपीनी जहाज को कानून के अनुसार क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए आवश्यक कदम उठाए, जिसमें जहाज का पीछा करना, उसे खदेड़ना और क्षेत्र छोड़ने के लिए मजबूर करना शामिल है। वही, मनीला में फिलिपीस के सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्रॉनर जूनियर ने कहा कि अधिकारी अभी कथित घटना की जांच कर रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि यह मामला दोनों पक्षों के आमने-सामने आने के बजाय चीनी दुष्प्रचार का हिस्सा अधिक प्रतीत होता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अगर हमारा कोई जहाज वहां जाता है, तो हम उसे कभी भी (हमारे) विशेष आर्थिक क्षेत्र से खदेड़े जाने की इजाजत नहीं देंगे। यह सुनिश्चित करना हमारा अधिकार है कि हमारे मछुआरे हमारे आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ सकें।

अमेरिका में चीनी दूतावास में घुसने वाले कार चालक को पुलिस ने मार गिराया

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर स्थित चीनी वाणिज्य दूतावास में सोमवार को एक कार घुस गई जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने कार चालक को मार गिराया। अधिकारियों ने दूतावास क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर जनता से इस इलाके से दूर रहने का आग्रह किया।पुलिस सार्जेंट कैथरीन विटर्स ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारियों ने वीजा कार्यालय की लॉबी में जाकर कार चालक से संपर्क किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध की जान बचाने की हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।टेलीविजन चैनल पर प्रसारित वीडियो में एक वाहन को चीनी वाणिज्य दूतावास की इमारत में टक्कर मारते देखा जा सकता है।विटर्स के मुताबिक, उन्हें यह नहीं पता है कि वाहन के इमारत से टकराने के समय कितने लोग उसके अंदर थे, लेकिन इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश विभाग और चीनी वाणिज्य दूतावास के जांचकर्ताओं के साथ पुलिस घटना की तफ्तीश में जुटी है। विटर्स ने कहा, काश मैं आपको अधिक जानकारी दे पाती, लेकिन यह एक जटिल जांच से जुड़ा मामला है।

पाकिस्तान लौटने से पहले नवाज शरीफ उमरा करने के लिए बुधवार को ब्रिटेन से सऊदी अरब जाएंगे

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले सप्ताह पाकिस्तान लौटने से पहले उमरा करने के लिए बुधवार को लंदन से सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे। पाकिस्तान की इस प्रस्तावित वापसी से उनका चार साल से चल रहा स्वनिर्वासन खत्म होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने पत्रकारों को बताया कि पीएमएल-एन सुप्रीमो उमरा (मक्का की यात्रा) करेंगे और यहां अपने प्रवास के दौरान अपने बेटे हुसैन शरीफ के साथ समय बिताएंगे। सिद्दीकी ने कहा, मेरे पास शाही परिवार के साथ उनकी मुलाकात की कोई खबर नहीं है...लेकिन वह उमरा करेंगे, अपने बेटे के साथ समय बिताएंगे...उनका ज्यादातर समय मदीना में बीतेगा। उन्होंने कहा कि 73 वर्षीय शरीफ 21 अक्टूबर को अपने अपेक्षित पाकिस्तान आगमन से दो दिन पहले संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना होंगे।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रतिष्ठित सदस्य ने कनाडा की व्यवस्था को लेकर चिंता जताई

टोरंटो। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रतिष्ठित सदस्य ने कनाडा की व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है जिसकी वजह से खालिस्तानी चरमपंथियों को उन लोगों को परेशान करने की छूट मिल रही है जो उनके नापाक इरादों का विरोध करते हैं। जून में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में खालिस्तान समर्थक एक अलगाववादी की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के बीच राजनयिक गतिरोध की पृष्ठभूमि में उन्होंने आगाह किया कि अल्पकालिक लाभ के लिए राजनीतिक तुष्टिकरण कनाडा के भविष्य के हित में नहीं है।

म्यांमा की सेना पर शिविर पर बमबारी का आरोप, करीब 30 लोगों की मौत

बैंकॉक। म्यांमा की सेना पर सोमवार को उत्तरी कचिन प्रांत में विस्थापित लोगों के एक शिविर पर हवाई हमला करने का आरोप है जिसमें करीब एक दर्जन बच्चों समेत लगभग 30 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। कचिन इंडिपेंडेंस आर्मी के प्रवक्ता कर्नल नॉर बू ने कहा कि हमलों में 16 साल से कम उम्र के 11 बच्चों समेत 29 लोग मारे गए और 57 अन्य घायल हो गए। लैजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित मुंग लाई हवीत विस्थापित शिविर में ए लोग मारे गए। इसी शहर में विद्रोही केआईए का मुख्यालय स्थित है।

ब्रिटेन : प्रदर्शनकारी ने लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर पर चमकीला पाउडर फेंका

लिवरपूल (ब्रिटेन)। ब्रिटेन में एक व्यक्ति ने सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए विपक्षी दल लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर पर चमकीला पाउडर फेंका। घटना उस समय हुई, जब वह यहां पार्टी के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रदर्शनकारी ने स्टार्मर पर चमकीला पाउडर फेंकते हुए कहा, वास्तविक लोकतंत्र नागरिकों के नेतृत्व वाला होता है। बाद में प्रदर्शनकारी को पकड़कर मंच से नीचे ले जाया गया और अपना कोट उतारने के बाद स्टार्मर ने अपना संबोधन जारी रखा।

पाकिस्तान की पंजाब सरकार कोविड जैसे प्रतिबंध लगाने की तैयारी में

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब सरकार हवा की गुणवत्ता खराब होने के मद्देनजर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाहौर में कोविड-19 जैसे प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। मंगलवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। सूत्रों के हवाले से जियो न्यूज ने खबर में बताया कि अधिकारी बुधवार को पूर्ण बंद की घोषणा कर सकते हैं, जिसके तहत सभी स्कूल, बाजार और कारखाने बंद रहेंगे। शहर के आयुक्त ने कहा कि लाहौर मंडल में खराब वायु गुणवत्ता से निपटने को लेकर दो महीने के लिए घर से काम करने की नीति की घोषणा की जा सकती है। व्यापारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है।

अफगानों को भूकंप में अब भी कई लोगों के बचने की उम्मीद

जिंदा जान (अफगानिस्तान)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए शक्तिशाली भूकंप के तीन दिन बाद भी बचावकर्मी और ग्रामीण इस उम्मीद के साथ मलबे को हटाने में जुटे है कि अब भी कई लोग जिंदा बचे हो सकते है। हेरात में शनिवार को आए 6.3 तीव्रता के भूकंप में दो हजार से अधिक लोगों की जान चली गई थी। जिंदा जान जिले में हालात दिल दहला देने वाले है। यहां कब्रों के लिए एक बंजर भूमि को बुलडोजर से साफ किया गया। स्थानीय लोगों की मदद करने वाले हजारों स्वयंसेवकों में शामिल हेरात शहर के मीर आगा ने कहा, घटना में तबाह हुए किसी घर से परिवार के किसी सदस्य का मिलना और फिर कुछ मिनट बाद ही शव को दफनाने के लिए ले जाना बहुत मुश्किल है।

आईओआरए की बैठक के लिए कोलंबो पहुंचे जयशंकर

भाषा। कोलंबो

विदेश मंत्री एस जयशंकर यहां आयोजित हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की मंत्रिपरिषद की 23वीं महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। यह बैठक बुधवार को यहां होगी जिसमें भारत क्षेत्रीय मंच के उपाध्यक्ष की भूमिका ग्रहण करेगा। हवाई अड्डे पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुरेन राघवन ने उनकी अगवानी की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कोलंबो वापस आकर खुशी हुई। मेरा स्वागत करने के लिए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुरेन राघवन को धन्यवाद। मंत्री ने कहा कि भारत-श्रीलंका संबंध प्रगति करते रहेंगे। जयशंकर ने पिछली बार जनवरी में कोलंबो का दौरा किया था, जिस दौरान उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की थी और करीबी द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं और इसे सभी क्षेत्रों में मजबूत करने के कदमों पर चर्चा की थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएगा, जिसके बाद 2025-27 में अध्यक्षीय भूमिका में होगा। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया, मंत्रिपरिषद की बैठक (सीओएम) आईओआरए की हालिया गतिविधियों की समीक्षा करेगी और भविष्य के सहयोग की रूपरेखा तैयार करेगी। मंत्रिपरिषद आईओआरए का सर्वोच्च निर्णायक निकाय है, जो 23 सदस्यों और 10 संवाद भागीदारों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। इस बैठक में श्रीलंका 2023 से 2025 की अवधि के लिए आईओआरए की अध्यक्षता संभालेगा। जयशंकर 11 अक्टूबर की बैठक में भाग लेने वाले 16 मंत्रियों में शामिल हैं, जिसमें बांग्लादेश, ईरान, मॉरीशस, मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री भी हिस्सा लेंगे। भारत के विदेश कार्यालय ने कहा कि आईओआरए की व्यस्तताओं के अलावा, जयशंकर कोलंबो में द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

जोहानिसबर्ग में महात्मा गांधी की आठ फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के टॉलस्टॉय फार्म में महात्मा गांधी की आठ फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है।गांधी ने 20वीं सदी की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में यहां एक वकील के तौर पर काम करने के दौरान इस आश्रम की स्थापना की थी।भारत के उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने रविवार को इस आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। कुमार ने प्रतिमा का अनावरण करने के दौरान कहा, यह प्रतिमा संभवतः महात्मा गांधी की तब की झलक दिखाती है जब वह दक्षिण अफ्रीका छोड़कर गए थे। हमने 1914 की महात्मा गांधी की तस्वीरें देखी है और यहां वह कहीं ज्यादा बड़े लग रहे है। मुझे लगता है कि यह टॉलस्टॉय फार्म पर उन्हें एक भव्य श्रद्धांजलि है जहां वह पांच या छह साल रहे थे। 1910 से 1914 तक वह कई बार यहां रहे। कुमार ने याद किया कि गांधी के मित्र हर्मन कैलेनबाच ने एक आत्मनिर्भर आश्रम बनाने के लिए यह खेत दान कर दिया था। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि यहां हमारे समुदाय के लोग भेदभावपूर्ण और अन्य कानून के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे।

इंटली के रक्षा मंत्री के साथ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

घर से गोपनीय दस्तावेज मिलने के मामले में बाइडन से की गई पूछताछ

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से गोपनीय दस्तावेजों से जुड़े मामले की जांच के संबंध में एक विशेष अधिकारी ने पिछले दो दिन में पूछताछ की। व्हाइट हाउस के परामर्श कार्यालय के प्रवक्ता इयान सैम्स ने सोमवार को बताया कि यह पूछताछ रविवार और सोमवार को व्हाइट हाउस में की गई। सैम्स ने कहा, राष्ट्रपति से विशेष काउंसल रॉबर्ट हुर की अगुवाई में जांच के संबंध में पूछताछ की गई। रविवार और सोमवार को दो दिन तक व्हाइट हाउस में स्वेच्छा से यह पूछताछ की गई जो सोमवार को खत्म हुई। व्हाइट हाउस ने जनवरी में बताया था कि बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास और वाशिंगटन के एक कार्यालय से कुछ गोपनीय दस्तावेज बरामद किए गए थे। बाइडन ने उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान इस कार्यालय का इस्तेमाल किया था। सैम्स ने कहा, जैसा कि हमने शुरुआत से कहा है कि राष्ट्रपति और व्हाइट हाउस इस जांच में सहयोग कर रहे हैं और हमने जांच की गोपनीयता की रक्षा करते हुए पारदर्शी रहकर कुछ प्रासंगिक जानकारियां सार्वजनिक की हैं।

जेलेंस्की सुरक्षा एवं द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए पड़ोसी देश रोमानिया पहुंचे

बुखारेस्ट। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपने देश पर रूस के आक्रमण की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय सुरक्षा तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा के लिए मंगलवार को रोमानिया रवाना हुए। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि उन्होंने रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में राष्ट्रपति क्लाउस क्लॉस इओहानिस से भेंटवार्ता की। कहा जाता है कि दोनों नेताओं ने काला सागर क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। रोमानिया पहुंचने के बाद जेलेंस्की ने इस नाटो सदस्य और यूरोपीय संघ के इस सदस्य देश को ऐसा मित्र बताया जो बुरे दौर में मदद के लिए आगे आया तथा जिसका सहयोग समय के साथ मजबूत होता गया। हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन में डैन्यूब नदी के किनारे विभिन्न बंदरगाहों पर लगातार हमले किए हैं। रूस का इरादा वैश्विक बाजार में अनाज का निर्यात करने की यूक्रेन की क्षमता को बाधित करना है। रोमानिया ने अपने क्षेत्र में ऐसे ड्रोन के टुकड़े गिरने की पुष्टि की है जिसका इस्तेमाल रूसी सेना ने यूक्रेन से सटी उसकी सीमा के समीप किया। यूक्रेन और रोमानिया ने रोमानिया के रास्ते अनाज का निर्यात की कोशिश करने और उसे बढ़ावा देने के लिए अगस्त में एक करार पर दस्तखत किए थे जिससे काला सागर के रास्ते सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित हुआ। एक महीना पहले रूस युद्धकालीन समझौते से पीछे हट गया था। रोमानिया का काला सागर बंदरगाह कॉस्टेंटा युद्ध प्रभावित यूक्रेन के अनाज के निर्यात के लिए अहम परिवहन मार्ग बन गया है।

गाजा में इजराइल के हमले के बाद फंसे हुए भारतीय वहां से निकालने की गुहार लगा रहे

भाषा। यरुशलम

गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाकर इजराइल द्वारा लगातार की जा रही बमबारी के बीच वहां रह रहे भारतीयों को अपनी जान का डर सता रहा है। गाजा में अपने परिवार के साथ रह रही एक भारतीय महिला ने मंगलवार को युद्धग्रस्त हमास शासित इलाके से तत्काल सुरक्षित निकासी की मांग की। गाजा में रह रहीं भारतीय लुबना नजीर शब्बू ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, हम यहां एक भीषण और क्रूर युद्ध का सामना कर रहे हैं और कुछ ही सेकंड में बमबारी में सब कुछ नष्ट हो जा रहा है। हम इस संघर्ष की कीमत चुका रहे हैं क्योंकि आम नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। लुबना नजीर शब्बू मूल रूप से भारत के जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं। इजराइल-हमास संघर्ष बीते चार दिन से जारी है और इसमें अब तक दोनों पक्षों के कम से कम 1,600 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से गाजा में 788 लोगों की मौत हुई है जबकि 4,100 लोग घायल हुए हैं। हमास के आतंकवादियों ने शनिवार को सुबह इजराइल के दक्षिणी इलाकों में भीषण हमले किए थे। इसके बाद जवाबी कार्वाई में इजराइल की सेना ने गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाकर भीषण हमले शुरू कर दिए हैं। लुबना नजीर शब्बू ने कहा, बमबारी की आवाजें बहुत डरावनी होती हैं और पूरा घर हिल जाता है। यह बहुत ही भयावह स्थिति है। गाजा में अपने पति नेडाल टोमन और सबसे छोटी बेटी करीमा के साथ रह रहीं लुबना ने कहा कि बिजली के अलावा पानी की आपूर्ति भी आधिकारिक तौर पर काट दी गई है। उनके दो बच्चे मिस्र की राजधानी काहिरा में पढ़ाई करते हैं।

बच्चों पर चिल्लाना औ मौखिक दुर्व्यवहार हो सकता हानिकारक

पालन-पोषण को रोकने में मदद करेगा

साउथम्पटन। एक हालिया शोध पत्र में पाया गया है कि बच्चों के साथ मौखिक दुर्व्यवहार, जिसमें उन पर चिल्लाना और उन्हें नाम से बुलाना शामिल है, खराब मूड, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अपराध (असामाजिक व्यवहार) से जुड़ा है।नए अध्ययन के लेखकों का तर्क है कि मौखिक दुर्व्यवहार को चूंकि भावनात्मक दुर्व्यवहार का एक हिस्सा माना जाता है (एक श्रेणी जिसमें बच्चों के प्रति कई अलग-अलग प्रकार के हानिकारक व्यवहार शामिल हैं, जैसे कि उनपर अपनी मर्जी थोपना, उन्हें अपमानित करना और उनसे बात न करना) इसलिए इसे अकसर नजरअंदाज कर दिया जाता है और यह एक छिपी हुई समस्यौ बन गया है। उनका कहना है कि बचपन में मौखिक दुर्व्यवहार को बाल दुर्व्यवहार की एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।हालाँकि शोध अध्ययन की सीमाएँ हैं, यह अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया है और महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस प्रकार के भावनात्मक शोषण को परिभाषित करने में मदद करने के लिए। दुर्व्यवहार को समझना- जिन बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है - जो दुर्व्यवहार और उपेक्षा का सामना करते हैं - उन्हें जीवन में बाद में खराब मानसिक स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का सामना करने की अधिक संभावना होती है। एक अध्ययन ने सुझाव दिया है कि वैश्विक स्तर पर दुर्व्यवहार में 25 प्रतिशत की कमी से दुनिया भर में चिंता और अवसाद के आठ करोड़ मामलों को रोका जा सकता है।सरकारों ने पालन-पोषण की कुछ कठोर प्रथाओं को अवैध बनाकर दुर्व्यवहार को कम करने का प्रयास किया है। उदाहरण के लिए, स्कॉटलैंड और वेल्स में थप्पड़ मारने पर प्रतिबंध है। हालाँकि, थप्पड़ मारना काफी आसानी से परिभाषित किया जा सकने वाला व्यवहार है। उस व्यवहार से निपटना कम आसान है जो भावनात्मक शोषण का कारण बनता है।लेकिन जब हम वयस्कों से पूछते हैं कि क्या उन्होंने बड़े होने के दौरान दुर्व्यवहार या उपेक्षा का अनुभव किया है।

बेहतर समाज बनाने के लिए लड़कियों की शिक्षा जरूरी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने कहा था महिलाओं का सशक्तिकरण न केवल परिवार और समाज के विकास को बढ़ावा देने में सहायक है बल्कि राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने में भी महत्वपूर्ण है। ज्ञान सपन्नता की कुंजी है और शिक्षा एक अधिकार है जिसके पुरुष और महिला दोनों हकदार हैं। समाज को शिक्षित बनाने में लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर हमें यह स्वीकार करना चाहिए की शिक्षा ही उनके सशक्तिकरण का मार्ग है। लड़कियों को शिक्षित करने के पीछे क्या उद्देश्य है, और हम कौन से उल्लेखनीय परिणामों की आशा कर सकते है ये बाते विक्रम सिंह सोलंकी हेड ऑपरेशन्स एजुकेट गर्ल्स संस्था ने कहा। गरीबी मिटाने के लिए शिक्षित होना जरूरी हैए शिक्षित लड़कियां अपनी आजीविका चला सकती हैं और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। यह कमाई पोषण, भोजनए स्वास्थ्य देखभाल, स्कूल जैसे गतिविधियों पर खर्च होगी। जिससे गरीबी के चक्र को प्रभावी ढंग से तोड़ा जा सकता है और परिवार का स्वस्थ जीवन सुनिश्चित हो सकता है। इसके अलावा, शिक्षा हमें लैंगिक समानता हासिल करने के अपने लक्ष्य के करीब जाने में मदद करती है। शिक्षित लड़कियां आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने और वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखती हैं। एक शिक्षित लड़की के ज्ञान और कौशल के जरिए उसके पूरे परिवार और समग्र रूप से समाज को प्रबुद्ध कर सकते हैं। पिछले डेढ़ दशक सेए एजुकेट गर्ल्स संस्था लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। हमारे प्रयास देश के चार राज्यों, राजस्थान, उत्तर प्रदेशए मध्य प्रदेश और बिहार के 21 हजार से अधिक गाँवों तक फैले हुए हैंए जहां बड़ी संख्या में लड़कियां शिक्षा से वंचित हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Manohar Lal S/o RD Chawla R/o 67 SFS Flats Hauz Khaz New Delhi-110016, have changed my name from Manohar Lal to Manohar Lal Chawla Vide Affidavit Dt. 05.10.2023 place Delhi.

PD(174)C

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मोहम्मद हसन ने मास्टर एन्क्लेव रेवन्यू गांव पसौंडा तहसील और जिला गाजियाबाद यू.पी. में स्थित एक प्लॉट नंबर 45, एरिया परिमाप 67 वर्ग गज यानी 56.01 वर्ग मीटर, खसरा नं. 190मी में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 19.08.1997 पुस्तक सं. 01, दस्तावेज सं. 4938 के माध्यम से मालिक हैं उस्मान अली पुत्र सकीमुद्दीन द्वारा अमीर बानो पत्नी उस्मान अली के जीपीए धारक के माध्यम से निष्पादित, बिक्री विलेख दिनांक 19.08.1997 क्रम सं. 4938 खो गया है जिसकी सूचना श्री संजय सिंह ने दिनांक 23.03.2023 को यूपी पुलिस को दिया है एफआईआर नंबर 20230000508210 है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती आरती देवी पत्नी श्री लुवो गुप्ता ने उक्त संपत्ति को पुनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रभुन लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large that **Conveyance deed** in the name of **Subhash Khanna** for **entire Property No. 109 Avtar Enclave Paschim Vihar,ND-63** wide **Reg No.15678** in **Book no.1,Vol No. 2134 on page 88-90** on this dt. **13/07/2006** have been lost/misplaced by **Shammi Khanna** S/o Subhash Khanna have already lodge a police complaint vide complaint number LR No.997909/2023 dt.10/10/23 at Police Station Paschim Vihar.If anyone has found the document kindly inform the same to below mention contact details. **Shammi Khanna # 9891148919**

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री मूल चंद शर्मा, उक्त संपत्ति Upper Ground Floor without roof rights, area measuring 62.50 sq. Yds, ie, 52.25 sq. Mtrs., out of total area measuring 125 Sq. Yds, built on Property Bearing No. B-15-A, (built on Plot No. B-15), old built on Plot No. 17-A, out of Khasra No. 477, towards Gali No. 1 side, situated at B-Block, Aruna Park, Shakarpur, in the area of village Mandawali Fazalpur, Delhi-110092 का बिक्री विलेख दिनांक 08.12.1969 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 7678 के द्वारा मालिक थी। तथा श्रीमती कान्ता देवी उनके पति श्री मूल चंद शर्मा, और उनकी पुत्री श्रीमती उषा शर्मा की मृत्यु दिनांक 24.10.2000, 29.08.2007 व 15.03.2013 को हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि मेसर्स टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। और स्व० श्रीमती कान्ता देवी व श्रीमती उषा शर्मा के विधिक उत्तराधिकारी श्री सतीश कुमार श्री सुभाष चंद्र शर्मा, और श्रीमती भावना शर्मा है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our client Smt. Soni is in process to avail the LAP against her Plot bearing No. 10 & 20 area measuring 40 sq. yards (33.44 sq. meters) (having totaled covered area measuring 100.33 sq. meters), Situated in Shalimar Housing Complex, Shalimar Garden Village Pasonda Pargana Loni Tehsil & District Ghaziabad Uttar Pradesh (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd.), having acquired vide Sale Deed dated 28.08.2023 (Doc. No. 9096) executed by Sh. Manish Yadav, Sh. Yash Yadav and Kumari Poonam Yadav.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi

हिंदू समाज को संगठित होना चाहिए: भागवत

● केरल में आरएसएस के शीर्ष नेताओं की बैठक

भाषा। तिरुवनंतपुरम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबले समेत शीर्ष 10 नेताओं ने यहां दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लिया। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आरएसएस के वरिष्ठ नेताओं की सोमवार को शुरू हुई बैठक संगठन की दो कार्यकारी बैठकों के बीच होने वाली एक नियमित बैठक है। सूत्र ने कहा, आम तौर पर ऐसी बैठकों में दो राष्ट्रीय कार्यकारी बैठकों के बीच होने वाले घटनाक्रम पर चर्चा की जाती है। अगर कोई घटनाक्रम नहीं हुआ हो तो भी ऐसी बैठकें आयोजित की जाती हैं। तिरुवनंतपुरम में आयोजित बैठक में केवल 10 शीर्ष पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। यह बैठक केरल में आयोजित की गई क्योंकि आरएसएस प्रमुख भागवत राज्य के दौरे पर हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की

भागवत ने कोझिकोड में केसरी वीकली द्वारा आयोजित अमृतशतम् व्याख्यान श्रृंखला और आठ अक्टूबर को कोल्लम में राज्य संघचालकों की बैठक समेत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। शनिवार को कोझिकोड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगठनात्मक विज्ञान विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए भागवत ने कहा कि संघ हिंदुओं को संगठित करता है क्योंकि हम सभी हिंदू हैं। उन्होंने कहा, हिंदू समाज को संगठित होना चाहिए क्योंकि संगठित समाज ही समृद्ध देश का निर्माण करता है। भागवत ने कहा, हमारी अपनी भाषाएं हैं, हमारी अपनी पूजा पद्धति हैं, हमारी अपनी जातियां और उपजातियां हैं, इतने सारे धर्म हैं, इतने सारे जीवन जीने के तरीके हैं... सब कुछ अलग है, फिर भी अनादि काल से हम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा, और जैसे-जैसे समय बीतता है, विविधता बढ़ती है। एक भाषा कई भाषाएं बन जाती हैं। यह प्राकृतिक क्रम में होता है। फिर भी, हम एक साथ हैं। क्यों? क्योंकि यह हमारा संस्कार है, यह हमारी संस्कृति है। उन्होंने आगे कहा, इस भूमि पर, हम हर किसी का भरण-पोषण करते हैं, हर विविधता को स्वीकार करते हैं, और हर विविधता का सम्मान करते हैं। हम इसे अपनी मां के रूप में मानते हैं, और हम इसे अपनी मां के रूप में पूजते हैं। यह सभी जातियों, सभी भाषाओं, सभी धर्मों में आम है। हमारा डीएनए समान है। हम एक हैं। यह हमारी मातृभूमि है... हमारे धार्मिक संप्रदाय अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा, लेकिन भारतीयों और शेष विश्व के बीच यह अंतर... बहुत आश्चर्यजनक है। यह हर जगह स्पष्ट है, चाहे कोई भी धर्म हो। यही हिंदुत्व है और ऐसा आचरण करने वाला समाज हिंदू समाज है। इससे पहले, भागवत ने यहां प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह मंदिर इस क्षेत्र में भगवान विष्णु को समर्पित प्रमुख मंदिरों में से एक है।

अंग्रेजों की विचारधारा वाले राहुल गांधी आदिवासियों में फूट डालने की कोशिश कर रहे: भाजपा

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए सत्तारूढ़ भाजपा ने मंगलवार को कहा कि वह अंग्रेजों की विचारधारा के अनुरूप आदिवासियों में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के अगले दिन शहडोल जिले के ब्यौहारी में जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने आदिवासियों के लिए वनवासी शब्द के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताई। सूबे में सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं पर आदिवासियों पर अत्याचार करने का आरोप भी लगाया। भाजपा के राज्यसभा सांसद और पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता सुमेर सिंह सोलंकी ने इंदौर में कहा, गांधी, आदिवासी, वनवासी और जनजाति सरीखे शब्दों में भेद करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। अंग्रेजों की विचारधारा आपकी मानसिकता में है और आप अपनी पार्टी (कांग्रेस) के चरित्र के मुताबिक आदिवासियों को भ्रमित करके उनमें फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं।

वाराणसी में विहिप और बजरंग दल की शौर्य सभा में बोलते जितेंद्र नंदजी महाराज

फटी जीन्स, हाफ पैंट में नहीं मिलेगा जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश

पुरी। ओडिशा के पुरी में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में अब कोई भी श्रद्धालु फटी जीन्स, बिना आस्तीन वाले वस्त्र और हाफ पैंट पहन कर प्रवेश नहीं कर सकेगा। 12वीं सदी के इस मंदिर में एक जनवरी से श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू हो जाएगा। मंदिर प्रशासन ने कहा है कि मंदिर समुद्री तट या पार्क नहीं है, मंदिर में भगवान रहते हैं, ए कोई मनोरंजन स्थल नहीं है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रमुख रंजन कुमार दास ने कहा, मंदिर की गरिमा और पवित्रता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। कुछ लोग दूसरों लोगों की धार्मिक भावनाओं की परवाह किए बिना मंदिर में आ जाते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोगों को मंदिर में फटी जीन्स, बिना आस्तीन वाले वस्त्र और हाफ पैंट पहने देखा गया मानो ए लोग समुद्री तट या पार्क में घूम रहे हों। मंदिर में भगवान रहते हैं, मंदिर मनोरंजन का कोई स्थान नहीं है। मंदिर में आने के लिए स्वीकृत पोशाकों पर निर्णय जल्द ही लिया जाएगा।

मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने इसके साथ ही यह भी बताया कि मंदिर के सिंह द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और मंदिर के अंदर प्रतिहारी सेवकों को ड्रेस कोड लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने सोमवार को बताया कि मंदिर में कुछ लोगों को अशोभनीय पोशाक में देखे जाने के बाद नीति उप-समिति की बैठक में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया। रंजन कुमार दास ने कहा, मंदिर में एक जनवरी, 2024 से ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। मंदिर के सिंह द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और मंदिर के अंदर प्रतिहारी सेवकों को ड्रेस कोड लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन मंगलवार से श्रद्धालुओं को ड्रेस कोड के संबंध में जागरूक करेगा। दास ने कहा कि हाफ-पैंट, शॉर्ट्स, फटी जीन्स, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहने लोगों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बेटी को जेल जाने से बचाने, बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के सिवाय केसीआर का कोई लक्ष्य नहीं: शाह

हैदराबाद/आदिलाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर का अपनी बेटी के. कविता को जेल जाने से बचाने और बेटे के.टी. रामाराव को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने के सिवाय और कोई लक्ष्य नहीं है। मुख्यमंत्री राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है। शाह ने यहां एक संवादात्मक सत्र में राव को चुनौती देते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कोई सिद्धांत हैं तो वह उनके बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि जब तेलंगाना का गठन (2014 में) हुआ था, तब 400 करोड़ रुपए का राजस्व अधिशेष था, लेकिन अब राज्य पर 7.5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।

भाजपा विचारधारा के आधार पर काम करती है। शाह ने कहा उनका (केसीआर का) कविता को जेल जाने से बचाने और बेटे के टी रामाराव को मुख्यमंत्री बनाने के सिवाय कोई और लक्ष्य नहीं है...। दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोप पत्र में के. कविता के नाम का जिक्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में तेलंगाना में एक जनसभा के दौरान आरोप लगाया था कि केसीआर ने अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए उनका आशीर्वाद मांगा था। शाह ने बीआरएस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वंशवादी दल लोकतंत्र का भला नहीं कर सकते। उन्होंने चंद्रशेखर राव पर तेलंगाना में सत्ता में आने से पहले किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि केसीआर को लोगों से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राजग की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में अग्रणी रहा है और देश अगले 25 वर्ष में शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। इससे पहले, शाह ने मंगलवार को आदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने अपने पिछले 10 वर्ष के शासनकाल में कभी गरीबों के लिए काम नहीं किया, बल्कि केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि वह अपने बेटे को राज्य का मुख्यमंत्री कैसे बनाएं। शाह ने आरोप लगाया कि बीआरएस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने आदिवासियों के लिए दो शयनकक्षों वाले आवास जैसे चुनावी वादे पूरे नहीं किए। शाह ने कहा, केसीआर का लक्ष्य केवल अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। लेकिन भाजपा का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आदिलाबाद के प्रत्एक आदिवासी को शिक्षा, नौकरी और किसानों को जल मिले। आपके पास दो विकल्प हैं। एक केसीआर सरकार है जो अपने बेटे और बेटी के बारे में सोचती है और दूसरी तरफ आपके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो दलितों, गरीबों और आदिवासियों के बारे में सोचते हैं।

अदालत ने पुरकायस्थ व चक्रवर्ती को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने समाचार पोर्टल न्यूज़क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और वेबसाइट के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को मंगलवार को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम (यूएपीए) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि चीन के पक्ष में प्रचार करने के लिए समाचार पोर्टल को विदेश से पैसे मिले थे। दोनों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत में अपराह्न लगभग 2:50 बजे पेश किया गया। अभियोजन ने अदालत से आग्रह किया कि दोनों को 10 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए जबकि पुरकायस्थ के वकील ने इसका कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। वकील ने कहा, मैंने कौन सा आतंकी कृत्य किया है? एक पत्रकार के रूप में, मैं ऐसा कृत्य कैसे कर सकता हूं? प्राथमिकी में क्या आरोप है? कि हमने (सरकार की) कोविड नीति और किसानों के विरोध को लेकर आलोचनात्मक रिपोर्टिंग की है। क्या यह आतंकवाद है? उन्होंने कहा कि अगर उनके अपराध के बारे में थोड़ा भी संदेह है, तो उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजना न्याय का मजाक होगा। चक्रवर्ती के वकील ने दलील दी कि वह पत्रकार नहीं हैं और न ही उन्हें कोई पैसा मिला है। ऐसा कोई आरोप नहीं है कि न्यूज़क्लिक द्वारा प्रकाशित भारत का कोई नक्शा है, जिसमें भारत को कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के बिना दिखाया गया है। दलीलों का विरोध करते हुए, विशेष लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि मामला उस चरण में है जब सबूत अभी भी एकत्र किए जा रहे हैं, और अभियोजन पक्ष ने पूरी निष्पक्षतौ के तहत आरोपियों के लिए न्यायिक हिरासत की मांग की है। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने तीन अक्टूबर को पुरकायस्थ और चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने न्यूज़क्लिक के दिल्ली स्थित कार्यालय को भी सील कर दिया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि भारत की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने और देश में असंतोष पैदा करने के लिए समाचार पोर्टल को चीन से बड़ी राशि मिली थी। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के लिए पुरकायस्थ ने पीपुल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेकुलरिज़्म (पीएडीएस) समूह के साथ मिलकर साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में नामज़द और डेटा के विश्लेषण में सामने आए संदिग्धों पर तीन अक्टूबर को दिल्ली में 88 और अन्य राज्यों में सात स्थानों पर छापे मारे गए। न्यूज़क्लिक के कार्यालयों और पत्रकारों के आवासों से करीब 300 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। छापेमारी के बाद विशेष प्रकोष्ठ ने दिल्ली और एनसीआर में नौ महिला पत्रकारों समेत 46 लोगों से पूछताछ की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुरकायस्थ और चक्रवर्ती की ओर से उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद सात दिन की पुलिस हिरासत को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 9.57 लाख करोड़

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में नौ अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.82 प्रतिशत बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्य रूप से कंपनियों और व्यक्तिगत करदाताओं की ओर से बेहतर योगदान से शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है। इसके साथ ही शुद्ध संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपए के पूरे साल के बजट अनुमान (बीई) का 52.5 प्रतिशत हो गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि नौ अक्टूबर, 2023 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के शुरुआती आंकड़ों में लगातार तेज वृद्धि देखने को मिली। बयान में कहा गया कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.07 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.95 प्रतिशत अधिक है। सकल राजस्व संग्रह में कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) की वृद्धि दर क्रमश: 7.30 प्रतिशत और 29.53 (सिर्फ पीआईटी) प्रतिशत रही। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को मिलाकर पीआईटी की वृद्धि दर 29.08 प्रतिशत रही। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.39 प्रतिशत है और पीआईटी संग्रह में यह वृद्धि 32.51 प्रतिशत (सिर्फ पीआईटी) और 31.85 प्रतिशत (एसटीटी सहित पीआईटी) है। बयान के मुताबिक, अप्रैल, 2023 से नौ अक्टूबर, 2023 तक 1.50 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया है।

पश्चिमी देशों, चीन के बीच खाई बढ़ने से भारत अच्छी स्थिति में: कौशिक बसु

नई दिल्ली। विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने कहा है कि पश्चिमी देशों और चीन के बीच बढ़ती खाई को देखते हुए भारत वैश्विक स्तर पर अच्छी स्थिति में है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत को खास बनाने वाले तीनों स्तंभ- लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया एवं धर्मनिरपेक्षता को देश पकड़े रहेगा। कॉर्नेल विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बसु ने कहा कि इन तीन स्तंभों की अब खास तौर पर जरूरत है क्योंकि दुनिया इस समय महामारी के बाद की आर्थिक और सामाजिक अनिश्चितताओं से गुजर रही है। कॉर्नेल विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर बसु के हवाले से बयान में कहा, पश्चिमी देशों और चीन के बीच बढ़ती खाई को देखते हुए भारत विश्व स्तर पर अच्छी स्थिति में है। बसु ने कहा कि पिछली सदी में आजाद हुए कई देशों में से भारत अपने लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ा रहा है।

इस्तीफा मंजूर करने की मांग को लेकर पैदल मार्च करने पर महिला डिप्टी कलेक्टर गिरफ्तार

भोपाल। मध्य प्रदेश में इस्तीफा स्वीकार करने की मांग को लेकर पैदल मार्च कर रहीं एक महिला डिप्टी कलेक्टर को शांति भंग करने के आरोप में भोपाल में गिरफ्तार कर लिया गया। वह मांग कर रही थीं कि सरकारी सेवा से उनके इस्तीफे को सरकार स्वीकार कर ले क्योंकि वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं। वह सरकार से न्याय की मांग को लेकर पैदल मार्च करते हुए प्रदेश की राजधानी पहुंचीं थीं। अधिकारी निशा बांगरे के नेतृत्व में पैदल मार्च 28 सितंबर को बैतूल जिले से शुरू हुआ और सोमवार शाम को भोपाल पहुंचा था। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मार्च में शामिल लोग मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास की ओर जाने लगे जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

बांगरे के परिवार के एक सदस्य ने कहा कि छतरपुर जिले की डिप्टी कलेक्टर बांगरे ने इस साल जून में अपना त्यागपत्र दे दिया था, लेकिन अभी तक इसे प्रदेश सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। मध्य प्रदेश में 230 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव 17 नवंबर को होंगे और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। महिला अधिकारी की पैदल यात्रा सोमवार शाम को भोपाल पहुंची। पुलिस अधिकारी ने कहा, जब उन्होंने डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास की ओर मार्च करना शुरू किया, तो पुलिस ने मार्च रोक दिया और उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 151 (शांति भंग करने के लिए पांच या अधिक की सभा) का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इस बीच, एक कांग्रेस नेता ने कहा कि जब बांगरे ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस का विरोध किया तो उनकी पोशाक फट गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे ने इस दावे का खंडन किया और कहा कि पूरा घटनाक्रम मीडिया के कैमरों में कैद है।

गिरफ्तारी के बाद बांगरे को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, लेकिन उन्होंने जमानत लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बीच, भोपाल केंद्रीय कारागार के अधिकारी सरोज मिश्रा ने कहा कि बांगरे को जेल के अंदर महिला वार्ड में रखा गया है। क्या वह जेल के अंदर भूख हड़ताल कर रही हैं? इस सवाल के जवाब में अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर लिखित में कोई सूचना नहीं दी है। बांगरे के पति सुरेश अग्रवाल ने बताया कि अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से आने वाली बांगरे ने अपने गृह नगर बैतूल के एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छुट्टी नहीं मिलने के बाद सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया।

काम और कांग्रेस पार्टी में इतना व्यस्त रहा कि शादी के बारे में सोच ही नहीं सका: राहुल गांधी

नई दिल्ली। विवाह के सवाल का अक्सर सामना करने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह अपने काम और कांग्रेस पार्टी के भीतर इतना व्यस्त हो गए कि शादी के बारे में सोच ही नहीं सके। उन्होंने जयपुर के महारानी कॉलेज की छात्राओं के एक समूह के साथ संवाद के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। राहुल गांधी पिछले दिनों जयपुर के इस कॉलेज में पहुंचे थे और वहां छात्राओं के साथ संवाद किया था। उन्होंने एक छात्रा के साथ स्कूटी की सवारी भी की थी। कांग्रेस नेता ने इसका वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया।

इस संवाद के दौरान एक छात्रा ने सवाल किया, सर, आप इतने स्मार्ट हैं, इतने अच्छे दिखते हैं, फिर अब तक शादी के बारे में क्यों नहीं सोचा? इसके जवाब में कांग्रेस नेता ने कहा, क्योंकि मैं अपने काम में, कांग्रेस पार्टी में बिल्कुल उलझ गया हूं। छात्राओं ने जाति जनगणना को लेकर भी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से सवाल किया। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरी तरह जाति जनगणना के पक्ष में हैं क्योंकि यह जाति जनगणना एक एक्स-रे की तरह है जिससे अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी), दलितों और आदिवासी समुदायों की वास्तविक स्थिति के बारे में पता चल सकेगा।

उनका कहना था, सच यह है कि ओबीसी, दलित, आदिवासी सत्ता के ढांचे में शामिल नहीं हैं। किसी को नहीं पता कि ओबीसी, दलित, आदिवासी और सामान्य वर्ग के लोग कितने हैं। आपको चोट लगती है तो सबसे पहले आप एक्स-रे कराते हैं...जाति जनगणना भी एक्स-रे है। एक छात्रा ने राहुल गांधी से उनके चेहरे की चमक का राज पूछना चाहा तो कांग्रेस नेता ने कहा कि वह अपने चेहरे को धोने के लिए साबुन और क्रीम का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि सिर्फ पानी से चेहरा साफ करते हैं।

ईडी ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो के खिलाफ धन शोधन मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो के खिलाफ धन शोधन की अपनी जांच के तहत लावा इंटरनेशनल मोबाइल कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी), चीन के एक नागरिक, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन चारों की पहचान लावा इंटरनेशनल मोबाइल कंपनी के प्रबंध निदेशक हरि ओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन कयांग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक नामक व्यक्ति के रूप में हुई है। इन चारों व्यक्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है।

लावा इंटरनेशनल कंपनी को उसकी प्रतिक्रिया के लिए भेजे गए एक ई-मेल का तत्काल जवाब नहीं मिल पाया है। भारतीय मोबाइल फोन निर्माता कंपनी लावा इंटरनेशनल स्मार्टफोन बाजार में।-2 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा करती है। एजेंसी ने वीवो और इससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर पिछले साल जुलाई में छापा मारा था तथा चीनी नागरिकों एवं कई भारतीय कंपनियों की संलिप्तता वाले एक बड़े धन शोधन गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया था।

ईडी ने तब आरोप लगाया था कि वीवो ने भारत में कर की अदायगी से बचने के लिए 62,476 करोड़ रुपए अवैध रूप से चीन भेज दिए। प्रमुख चीनी कंपनी वीवो पर यह कार्वाई संघीय जांच एजेंसी के यह पाए जाने के बाद की गई है कि चीन के तीन नागरिक--जो 2018-21 के दौरान भारत से चले गए थे-- और उस देश के एक अन्य व्यक्ति ने भारत में 23 कंपनियों को निगमित किया, जिसमें उन्हें सीए नितिन गर्ग ने भी कथित तौर पर मदद की थी।

ईडी के अनुसार, यह पाया गया कि इन 23 कंपनियों ने वीवो इंडिया को भारी मात्रा में रुपए अंतरित किए। इसके अलावा, बिक्री से प्राप्त।,25,185 करोड़ रुपए की कुल आय में से वीवो इंडिया ने 62,476 करोड़ रुपए या कारोबार का लगभग 50 प्रतिशत भारत से बाहर, मुख्य रूप से चीन भेज दिया।

इस कार्वाई को चीनी कंपनियों पर नकेल कसने के केंद्र सरकार के प्रयास के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। ए कंपनियां यहां संचालित होते हुए कथित तौर पर धन शोधन करने और कर चोरी जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों में लिप्त हैं। इस कदम को ऐसी कंपनियों और उनसे जुड़े भारतीय संचालकों पर निरंतर कार्वाई किए जाने के रूप में भी देखा जा रहा है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों के बीच तीन साल से सैन्य गतिरोध जारी रहने के बीच यह घटनाक्रम हुआ। वीवो ने पांच जुलाई, 2022 को ईडी की तलाशी के बाद कहा था कि वह जिम्मेदार कंपनी है और कानूनों का पूरी तरह अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विशेष एनआईए अदालत ने आईएसआईएस सदस्य को सात साल जेल की सजा सुनाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में एक विशेष एनआईए अदालत ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के एक सदस्य को दोषी करार दिया और सात साल जेल की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि आईएसआईएस से जुड़े होने को लेकर 29 जनवरी 2016 को गिरफ्तार किए गए अदनान हसन को यहां विशेष अदालत ने दोषी करार दिया। उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं और गैर कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल की सजा सुनाई गई तथा 4,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर एक मामला दर्ज किया था। अधिकारी ने कहा कि हसन को आईएसआईएस आबू धाबी मॉड्यूल से जुड़े मामले में दोषी पाया गया।

अजित पवार ने खुद को राकांपा का अध्यक्ष बताया

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर विभाजन पर निर्वाचन आयोग की सुनवाई के बीच, बगावती गुट के प्रमुख अजीत पवार ने मंगलवार को खुद को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया और एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के अपने कदम का बचाव किया। अजित पवार ने आठ अन्य राकांपा विधायकों के साथ शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद दो जुलाई को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के रूप में मंगलवार को 100 दिन का कार्यकाल पूरा किया। इस अवसर पर जारी एक बयान में अजित पवार ने महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री दिवंगत यशवंतराव चव्हाण को अपना प्रेरणा स्रोत बताया। हालांकि, उन्होंने अपने चाचा और राकांपा के संस्थापक शरद पवार के नाम का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने यशवंतराव चव्हाण की विरासत पर भी दावा करते हुए कहा कि राज्य के पहले मुख्यमंत्री से उन्हें लोगों के कल्याण के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है।

शरद पवार (82) यशवंतराव चव्हाण को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार समाज के सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राकांपा इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से कार्यरत है।

● पवार का जिक्र किए बिना यशवंत राव को प्रेरणा स्रोत करार दिया

स्वयं को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताते हुए अजित पवार ने एक बयान में कहा कि रोजगार, समाज के सभी वर्गों का आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सभी कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, राकांपा सत्ता के माध्यम से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। आलोचना किसी भी राजनेता के जीवन का अभिन्न अंग है। मैं हमेशा रचनात्मक आलोचना का संज्ञान लेता हूं। मैं सकारात्मक और विकासात्मक राजनीति में विश्वास करता हूं। मेरा भरोसा किसी भी काम को उसके तार्किक अंत तक ले जाने और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में है।

अजित पवार ने कहा, राकांपा छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले, शाहू महाराज, डॉ बी.आर. आंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण के आदर्शों में विश्वास करती है। मेरे नेतृत्व में पार्टी इस विरासत को जारी रखेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के राजनीतिक इतिहास में, कई शीर्ष नेताओं ने अलग-अलग राजनीतिक रुख अपनाया है। प्रत्एक नेता मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक स्थिति के आधार पर अपना रुख अपनाता है। उन्होंने कहा, मेरे नेतृत्व में राकांपा ने दो जुलाई, 2023 को इसी तरह का रुख अपनाया और राज्य सरकार में शामिल हो गई।

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नाम और चुनाव चिह्न पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के दावों पर सुनवाई की, हालांकि शरद पवार के नेतृत्व वाले पार्टी के धड़े ने तर्क दिया कि उनके प्रतिद्वंद्वी खेमे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में विसंगतियां हैं। आयोग ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न संबंधी दावों को लेकर शरद पवार तथा अजित पवार नीत खेमों की दलीलें सुनने के लिए अगली तारीख नौ नवंबर तय की। अजित पवार ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए आयोग का रुख किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र में राकांपा के 53 विधायकों में से 42, नौ विधान पार्षदों में से छह, नगालैंड में सभी सात विधायकों और राज्यसभा तथा लोकसभा में एक-एक सदस्य का समर्थन प्राप्त है।

मलान की शतकीय पारी से इंग्लैंड की जीत

भाषा। धर्मशाला

बांग्लादेश को 137 रन से रौंदा

सलामी बल्लेबाज डाविड मलान की आक्रामक शतकीय पारी के बाद रीस टोपले की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने एकदिवसीय विश्व कप के एकतरफा मुकाबले में मंगलवार को यहां बांग्लादेश को 137 रन से शिकस्त दी। अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार का सामना करने वाली इंग्लैंड की टीम ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मलान की 107 गेंद में 140 रन के दम पर नौ विकेट पर 364 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को 48.2 ओवर में 227 पर समेट दिया।मलान ने शतकीय पारी खेलने के साथ सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ (52) और पूर्व कप्तान जो रूट (82) के साथ पहले और दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारियां कर बड़े स्कोर की नींव रखी।बांग्लादेश के लिए महेदी हसन ने 71 रन पर चार जबकि शरीफुल इस्लाम ने 75 रन पर तीन विकेट लिए। बडे लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के लिए लिटन दास (76) और विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम (51) ही इंग्लैंड के गेंदबाजों का कुछ हद तक समाना कर सके। इंग्लैंड के लिए रीस टोपले ने 43 रन पर चार जबकि क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिए। मार्क वुड, आदिल राशीद, लियाम लिविंगस्टोन और सैम कुरेन को एक-एक सफलता मिली। बल्लेबाजी में बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। टोपले ने अपने शुरुआती ओवर में लगातार गेंदों पर तंजिद हसन (एक) और नजमुल हुसैन शंटो (शून्य) को आउट किया। इस गेंदबाज ने अपने तीसरे ओवर में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन (एक) को बोल्ड किया।मेहदी हसन मिराज (आठ) ने क्रिस वोक्स की गेंद पर चौके से खाता खोला लेकिन नौवें ओवर में इस गेंदबाज की बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ा कर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे टीम ने नौवें ओवर में 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए।विकेटों के इस पतझड़ के बीच सलामी बल्लेबाजी लिटन दास ने बेखौफ बल्लेबाजी की। उन्होंने पारी के शुरूआती ओवर में वोक्स के खिलाफ हैट्रिक चौका जड़ अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्हें विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम का अच्छा साथ मिला। लिटन ने टोपले की गेंद पर पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद 11वें ओवर में सैम कुरेन का चौके से स्वागत किया। इसी ओवर में उन्होंने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।मुशफिकुर ने भी 19वें ओवर में सैम कुरेन के खिलाफ दो चौके जड़े जिससे बांग्लादेश ने रनों का शतक पूरा किया। लिटन ने आदिल राशिद के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन 21वें ओवर में अपने दूसरे स्पैल की गेंदबाजी के लिए आए वोक्स ने विकेट के पीछे कप्तान बटलर के हाथों कैच कराकर उनकी पारी का अंत किया। लिटन और मुशफिकुर की पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी टूटने के साथ ही बांग्लादेश की उम्मीदें भी टूट गई। मुशफिकुर और तौहिद हृदय के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने टीम के संघर्ष को 49वें ओवर तक खींचने में सफल रहे।मुशफिकुर ने 30वें ओवर में राशिद के खिलाफ एक रन के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में टोपले उन्हें अपना चौथा शिकार बनाकर छठे विकेट के लिए हृदय के साथ उनकी 43 रन की साझेदारी को तोड़ा।

स्कोरबोर्ड

इंग्लैंड पारी: बेयरस्टॉ बो शाकिब 52,मलान बो महेदी 140, रूट का मुस्ताफिजूर बो शरीफुल 82 ,ब्रुक का लिटन बो महेदी 20, लिविंगस्टोन बो शरीफुल 00, कुरेन का शंटो बो महेदी 11,वोक्स का महेदी बो तस्कीन 14, रशीद का शंटो बो महेदी 11, वुड नाबाद 06,टोपले नाबाद 01,**अतिरिक्त:** (बाई: 01, लेग बाई: 02, वाइड: 04) 07,**कुल योग:** (50 ओवर मे नौ विकेट पर) 364 रन,**विकेट पतन:** 1-115, 2-266, 3-296, 4-307, 5-307, 6-327, 7-334, 8-352, 9-362 , **गेंदबाजी:** रहमान 10-0-70-0,अहमद 6-0-38-1, इस्लाम 10-0-75-3, हसन 8-0-71-4,हसन 10-0-52-1, मिराज 6-0-55-0

बांग्लादेश पारी: दास का बटलर बो वोक्स 76,हसन का बेयरस्टॉ बो टोपले 01,शंटो का लिविंगस्टोन बो टोपले 00,हसन बो टोपले 01, मिराजका बटलर बो वोक्स 08, रहीम का राशीद बो टोपले 51, हृदय का बटलर बो लिविंगस्टोन 39, हसन बो राशीद 14, अहमदबो कुरेन 15, इस्लाम बो वुड 12,रहमान नाबाद 03, **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 04 , वाइड: 03) 07, **विकेट पतन:** 1-14, 2-14, 3-26, 4-49, 5-121, 6-164, 7-189, 8-195, 9-221 ,**गेंदबाजी:** वोक्स 8-0-49-2,टोपले 10-1-43-4,कुरेन 7.2-0-47-1,वुड 10-0-29-1, राशिद 10-0-42-1, लिविंगस्टोन 3-0-13-1

अफगानिस्तान के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

भाषा। नई दिल्ली

पहले मैच में शुरूआती दबाव झेलने वाली भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां विश्व कप के दूसरे मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती नौ अलग अलग जगहों पर हालात के अनुरूप ढलने की होगी। चेपॉक पर धीमे और स्पिनरों के मददगार विकेट के बाद अब फिरोजशाह कोटला पर खेलना है जहां दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच पिछले सप्ताह खेले गए मैच में 700 से अधिक रन बने थे। शुभमन गिल डेंगू के कारण यह मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे ईशान किशन को एक बार फिर रोहित के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिलेगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ किशन और श्रेयस अय्यर खराब शॉट खेलकर आउट हुए थे जिससे भारत को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। उन्हें इस बार इस गलती से पार पाना होगा। गिल अगर तीन दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले उबर नहीं पाते हैं तो ईशान को एक बड़े मैच में पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। अफगानिस्तान के आक्रमण का सामना करना भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा जिसके पास मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाज नहीं हैं। मैदान छोटा होने से चौके छक्के लगने की संभावना भी अधिक है। विश्व कप से पहले पिच दोबारा बिछाई गई है जिससे उसका स्वभाव भी बदला है। यह मैच विराट कोहली के अपने शहर में हैं और वह चेन्नई में दिखाई गई लय को कायम रखना चाहेंगे। अपने नाम से बने पवेलियन के सामने खेलकर कोहली प्रशंसकों को यादगार मैच की सौगात देने को आतुर होंगे। राहुल ने पिछले महीने एशिया कप के बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम प्रबंधन ने आलोचना के बावजूद उन पर भरोसा बनाए रखा जिस पर वह खरे उतरे। गेंदबाजी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का संयोजन शानदार रहा। भारत ने बीच के ओवरों में छह विकेट लिए। भारत अगर तीन स्पिनरों को लेकर नहीं उतरता है तो आर अश्विन की जगह मोहम्मद शमी ले सकते हैं।

स्पिन खेलने में हमारी टीम बेहतर: कप्तान शाहिदी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजो के सामने संघर्ष करने वाले अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने भारत के खिलाफ वनडे विश्व कप मैच से पहले मंगलवार को यहां कहा कि उनकी टीम स्पिनरो का सामना करने के मामले मे काफी बेहतर है।बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज ने तीन-तीन विकेट लिए थे, जिससे अफगानिस्तान धर्मशाला मे 156 रन पर आउट हो गया था। शाहिदी ने उसे टीम के लिए एक खराब मैच करार देते हुए कहा कि उनके बल्लेबाज बुधवार को कुलदीप यादव की अगुवाई वाले भारतीय स्पिनरों से निपटने को तैयार है। अफगानिस्तान के पास विश्व स्तरीय स्पिनर है और राशिद खान और मुजीब उर रहमान नियमित रूप से नेट सत्र मे गेंदबाजी करते है। शाहिदी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम नेट सत्र मे बेहतर स्पिनरो के साथ खेलते है। राशिद, (मोहम्मद) नबी , नूर (अहमद) और मुजीब को देखे, तो हम उन्हे हर दिन खेलते है। इसलिए, मुझे लगता है कि स्पिन गेंदबाजी खेलने मे हमारी टीम कही बेहतर है।

जकड़न के कारण मेंडिस को अस्पताल ले जाया गया

हैदराबाद। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुशाल मेंडिस को पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप मे 122 रन की पारी खेलने के बाद जकड़न की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बयान मे कहा, पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा मैच मे शानदार पारी के बाद जकड़न के कारण कुशाल मेंडिस को अस्पताल ले जाया गया है। दुशान हेमंत उनकी जगह क्षेत्ररक्षण करेंगे जबकि सदीरा समरविक्रम विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे।

फलस्तीन के हटने से मर्डेका कप के कार्यक्रम में बदलाव

कुआलालंपुर (मलेशिया)। फलस्तीन के हटने के बाद 13 अक्टूबर से यहां होने वाला मर्डेका कप फुटबॉल टूर्नामेंट तीन टीम के नॉकआउट प्रारूप मे खेला जाएगा जिसमे भारत, ताजिकिस्तान और मेजबान मलेशिया की टीम हिस्सा लेगी। फलस्तीन के अंतिम समय मे प्रतियोगिता से हटने के बाद मलेशिया फुटबॉल संघ (एफएएम) ने मंगलवार को कार्यक्रम मे बदलाव किया।संशोधित कार्यक्रम के अनुसार भारत 90 हजार दर्शकों की क्षमता वाले बुकित जलील स्टेडियम मे यहां 13 अक्टूबर को मलेशिया से भिड़ेगा और इस मुकाबले का विजेता 17 अक्टूबर को फाइनल मे ताजिकिस्तान से खेलेगा।

विद्यालयीय तीरंदाजी 13 से

लखनऊ। 13 अक्टूबर 2023 को बप्पा श्री नारायण वोकेशनल इण्टर कालेज लखनऊ द्वारा 'जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023-24' का आयोजन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में बालकध्बालिका के लिए आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के शारिरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग केधर्मेंद्र कुमार 9919008005, आलोक भारद्वाज 9125389142 से संपर्क कर सकते हैं।

किंग कोहली के दीवाने हैं भारतीय हॉकी दिग्गज भी

नई दिल्ली। एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की नजरे देश मे हो रहे वनडे क्रिकेट के विश्व कप पर भी लगी है और उन्हे यकीन है कि रोहित शर्मा की टीम 19 नवंबर को ट्रॉफी थामेगी। भारत ने पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर विश्व कप मे अपने अभियान का शानदार आगाज किया। हांगझोउ एशियाई खेलो मे स्वर्ण जीतकर लौटे भारतीय पुरूष हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने पीटीआई कार्यालय के दौरे पर बातचीत मे कहा , मुझे लगता है कि विराट कोहली का प्रदर्शन शानदार रहेगा। विराट खेलता है तो आत्मविश्वास बढ जाता है जैसे पहले सचिन तेदुलकर के रहते होता था। उन्होने कहा , वही भरोसा अब विराट पर है।

पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक साझा किया जाना चाहिए था: मलिक

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद मलिक को इस बात का मलाल है कि हांगझोउ मे हुए एशियाई खेलो मे भारत के खिलाफ पुरुषो के फाइनल मैच के बारिश के कारण धुलने के बाद उनकी टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मलिक अफगानिस्तान की टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत आए है। मलिक ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, (हंसते हुए) स्वर्ण पदक को आधा-आधा काट देना चाहिए था। मैच रद्द हो गया था इस लिए स्वर्ण पदक को दोनो टीमो के साथ साझा किया जाना चाहिए था। रैंकिंग के आधार पर खिताब देना आदर्श स्थिति नही है।

रिजवान और शफीक के शतक से पाकिस्तान जीता

श्रीलंका को छह विकेट से हराया

भाषा। हैदराबाद

जकड़न से जूझने के बावजूद मोहम्मद रिजवान के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक के करियर के पहले शतक से पाकिस्तान ने कुसाल मेंडिस और सदीरा समरविक्रम के शतक पर पानी फेरते हुए आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के बड़े स्कोर वाले मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह विश्व कप में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत है। श्रीलंका के 345 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने रिजवान की 121 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 131 की पारी और पहला शतक जड़ने वाले शफीक (103 गेंद में 113 रन, 10 चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 176 रन की साझेदारी से 48.2 ओवर में चार विकेट पर 345 रन बनाकर जीत दर्ज की। रिजवान ने सऊद शकील (31) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी की। शफीक विश्व कप में पाकिस्तान की ओर से पदार्पण करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। श्रीलंका ने इससे पहले मेंडिस और समरविक्रम के शतक से नौ विकेट पर 344 रन बनाए जो विश्व कप में किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ टीम का सर्वोच्च स्कोर है। मेंडिस ने 77 गेंद में 122 रन की पारी खेली जो विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की ओर से सबसे तेज शतक है। समरविक्रम ने अपने पहले एकदिवसीय शतक के दौरान 89 गेंद में 108 रन की पारी खेली। मेंडिस ने पाकिस्तान के गेंदबाजों पर दबदबा बनाते हुए अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के मारे। उन्होंने पथुम निसांका (51) और समरविक्रम के साथ दो शतकीय साझेदारियां की।इस मुकाबले के दौरान पहली बार किसी विश्व कप मैच में चार शतक लगे। श्रीलंका को दिशाहीन गेंदबाजी का खामियाजा भी भुगतना पड़ा। टीम ने वाइड पर 25 रन दिए और कई कैच भी टपकाए जिससे उसे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और टीम ने आठवें ओवर में 37 रन तक ही इमाम उल हक (12) और कप्तान बाबर आजम (10) के विकेट गंवा दिया। मदुशंका ने इमाम को उछाल लेती गेंद पर फाइन लेग पर कुसाल परेरा के हाथों कैच कराने के बाद जबकि बाबर इस तेज गेंदबाज खराब गेंद को विकेटकीपर समरविक्रम के हाथों में खेल गए। विकेटकीपर मेंडिस के जकड़न के कारण क्षेत्ररक्षण नहीं करने से समरविक्रम विकेटकीपर की भूमिका निभा रहे थे। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक ने विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 48 रन तक पहुंचाया। शफीक अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने दासुन शनाका पर दो चौके जड़ने के बाद मथीसा पथिराना पर पारी का पहला छक्का मारा। शफीक ने धनंजय डिसिल्वा पर चौके के साथ 19वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन के साथ 58 गेंद में 50 रन के आंकड़े को छुआ। शफीक ने अर्धशतक जड़ने के बाद आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने धनंजय के अगले ओवर में छक्का जड़ने के बाद चरिथ असलंका की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। रिजवान ने भी दुनिथ वेलालागे पर दो चौके मारे जबकि शफीक ने भी इस स्पिनर पर छक्का और चौका जड़ा। उन्होंने मथीसा पथिराना पर चौके के साथ 58 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। शफीक ने मदुशंका पर चौके के साथ 97 गेंद में शतक पूरा किया।

स्कोरबोर्ड

श्रीलंका: निसांका का शफीक बो शादाब 51, परेरा का रिजवान बो हसन 00, मेंडिस का इमाम बो हसन 122,समरविक्रम का रिजवान बो हसन 108,असलंका का रिजवान बो अली 01, डिसिल्वा का शाहीन बो नवाज 25, शनाका का बाबर बो शाहीन 12, वेलालागे बो राउफ 10,तीक्षणा बो राउफ 00, पथिराना नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 14, **कुल:** 50 ओवर मे नौ विकेट पर: 344 रन, विकेट पतन: 1-5, 2-107, 3-218, 4-229, 5-294, 6-324, 7-335, 8-343, 9-344, **गेंदबाजी:** शाहीन 9-0-66-1, हसन 10-0-71-4, नवाज 9-0-62-1, राउफ 10-0-64-2, शादाब 8-0-55-1, इफ्तिखार 4-0-22-0

पाकिस्तान: शफीक का स्थानापन्न बो पथिराना 113, इमाम का परेरा बो मदुशंका 12, आजम का समरविक्रम बो मदुशंका 10,रिजवान नाबाद 131,शकील का वेलालागे बो तीक्षणा 31, अहमद नाबाद 22, **अतिरिक्त:** 26, **कुल:** 48.2 ओवर मे चार विकेट पर: 345 रन, विकेट पतन: 1-16, 2-37, 3-213, 4-308, **गेंदबाजी:** तीक्षणा 10-0-59-1, मदुशंका 9.2-0-62-2, शनाका 5-0-28-0, पथिराना 9-0-90-1, वेलालागे 10-0-62-0, धनंजय 4-0-36-0, असलंका 1-0-10-0

गिल की अस्पताल से छुट्टी, खेलना मुश्किल

पाकिस्तान के खिलाफ मैच से रह सकते है बाहर

भाषा। नई दिल्ली

डेंगू से जूझ रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के प्लेटलेट एक लाख से नीचे गिरने के कारण उन्हें चेन्नई में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिन्हें छुट्टी मिल गई है हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में उनका खेलना संदिग्ध है। गिल को रविवार की रात को प्लेटलेट गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ अक्टूबर को पहला मैच नहीं खेल सके थे। पिछले सप्ताह चेन्नई आने के बाद गिल को डेंगू संक्रमित पाया गया था। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे और बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का दूसरा मैच भी नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , शुभमन को चेन्नई में टीम होटल में ड्रिप चढाई जा रही थी लेकिन उनके प्लेटलेट गिरकर 70000 हो गए। एक बार एक लाख से नीचे प्लेटलेट जाने पर अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है। उसके रविवार की रात को सारे टेस्ट कराए गए और सोमवार की शाम को उसे छुट्टी मिल गई। डेंगू शरीर को कमजोर कर देता है और उससे उबरने में समय लगता है। एक आम आदमी के लिए प्लेटलेट डेढ से साढे चार लाख के बीच में होने चाहिए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा है कि उनकी प्राथमिकता यह देखना है कि गिल जल्दी से ठीक हो जाए। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले कहा था , मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। मैं पहले इंसान हूं तो मैं चाहूंगा कि वह जल्दी ठीक हो जाए। यहां कप्तान की तरह नहीं सोच रहा हूं कि गिल को कल खेलना चाहिए।वह युवा है और उम्मीद है कि जल्दी ठीक होगा। संभावना है कि चयनकर्ता उसके कवर को बुला सकते हैं। पहला विकल्प रूतुराज गायकवाड़ होंगे जिन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में बतौर सलामी बल्लेबाज चुना गया था और उन्होंने मोहाली में अर्धशतक बनाया था।

आग और बेहतर प्रदर्शन करेंगे भारतीय खिलाड़ी : मोदी

पदक विजेताओं से मिले खिलाड़ी

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों को अधिक सफलता हासिल करने के उनके प्रयास में हर संभव मदद का आश्वासन दिया और विश्वास जताया कि देश एशियाई खेलों के अगले सत्र में हांगझोउ खेलों से बेहतर प्रदर्शन करेगा। भारतीय खिलाड़ियों ने महाद्वीपीय खेलों के इतिहास में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीते और देश पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। मोदी ने महिला खिलाड़ियों को भी बधाई दी और कहा कि उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और 660 सदस्ईय दल द्वारा हासिल किए गए आधे पदक जीते। मोदी ने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले दल को सम्मानित करते हुए यहां मंगलवार को कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं मिलें। आपने 100 पदक अंक आंकड़े को पार किया है। अगली बार हम इस रिकॉर्ड से आगे निकल जाएंगे। पेरिस (ओलंपिक) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। अगले एशियाई खेले 2026 में जापान में आयोजित किए जाएंगे। मोदी ने कहा, खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। भारत में प्रतिभा की कभी कमी नहीं थी। जीतने की इच्छा हमेशा थी। वे पहले भी अच्छा प्रदर्शन करते थे लेकिन उनके रास्ते में कई बाधाएं आती थीं। उन्होंने कहा, लेकिन 2014 के बाद भारतीय खिलाड़ियों को विदेशों में सर्वोत्तम प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रतियोगिताएं मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एशियाई खेलों में उपलब्धि देश में खेल के भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है और उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं ने नए रास्ते खोले हैं जो नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगे।हमने जिस भी प्रतियोगिता में भाग लिया, हमने पदक जीते। दायरा बढ़ रहा है जो भारत के लिए एक अच्छा संकेत है। आपने नए रास्ते खोले हैं जो नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। यह (प्रदर्शन) पेरिस ओलंपिक (अगले साल होने वाले) के लिए भी नई प्रेरणा देगा। हमारी महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने देश में महिलाओं की ताकत का प्रदर्शन किया। एशियाई खेलों में जीते गए आधे पदक महिलाओं ने जीते। ट्रैक एवं फील्ड में मुझे लगा कि वे किसी भी कीमत पर स्वर्ण पदक से कम पर समझौता करने को तैयार नहीं थीं। प्रधानमंत्री ने खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम खेलो इंडिया की सराहना करते हुए कहा कि यह एक बड़ी सफलता रही है।

विश्व रैंकिंग में नंबर एक बनी सात्विक और चिराग की जोड़ी

भाषा। नई दिल्ली

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष जोड़ी हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाली पहली भारतीय युगल जोड़ी बनी। बीते शनिवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों में भारत के लिए बैडमिंटन का पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले सात्विक और चिराग दो स्थान के फायदे से बीडब्ल्यूएफ की नीवनतम रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। यह जोड़ी इसके साथ ही महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत की सूची में शामिल हो गई है जिन्होंने नंबर एक विश्व रैंकिंग हासिल की। राष्ट्रमंडल खेलों के गत चैंपियन और एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग ने रविवार को हुए एशियाई खेलों के फाइनल में चोइ सोलग्यु और किम वोनहो की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को सीधे गेम में 21-18 21-16 से हराया था। सात्विक और चिराग ने अप्रैल में दुबई में एशियाई चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। यह जोड़ी जून में इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीतकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। महिला एकल में पीवी सिंधू एशियाई खेलों में पदक जीतने में नाकाम रहने के बावजूद दो स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर पहुंच गई हैं।

तोक्यो का अधूरा मिशन पेरिस में पूरा करेंगे, सविता

नई दिल्ली। तोक्यो में जो मिशन अधूरा रह गया था उसे पेरिस में हमें पूरा करना है और एशियाई खेलों के जरिए भले ही सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाए लेकिन क्वालीफायर के रास्ते जाकर ही हम कर दिखाएंगे , यह कहना है भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का। हांगझोउ एशियाई खेलों में खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरी भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल हराकर चीन ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए सीधे क्वालीफाई करने का उसका सपना तोड़ दिया। भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक जीता। हांगझोउ से लौटने के बाद पीटीआई भाषा कार्यालय आई सविता ने कहा , हमारे पास अफसोस करने का समय नहीं था और मैने जापान के खिलाफ मुकाबले से पहले खिलाड़ियों से इतना ही कहा कि जो बीत गई , वो बात गई और अब खाली हाथ नहीं लौटना है।

धोनी से तुलना से सम्मानित लेकिन उसकी तरह शांतचित्त नहीं हूं : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। एशियाई खेल चैम्पियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह महान क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से तुलना पसंद नहीं करते और उनका मानना है कि वह मैदान पर धोनी की तरह शांतचित्त नहीं रहते। एशियाई खेलों में 13 गोल करने वाले हरमनप्रीत की धोनी से तुलना महान हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै ने की थी। हरमनप्रीत ने कहा , मैदान पर मैं कभी शांत नहीं रहता। मैं आक्रामक रहता हूं लेकिन मैदान के बाहर शांत रहने की कोशिश करता हूं। भारत को 2011 विश्व कप दिलाने वाले धोनी को दबाव के क्षणों में शांत रहने के लिए कैप्टन कूल कहा जाता है। हरमनप्रीत ने कहा , मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि मेरी तुलना धोनी जैसे महान खिलाड़ी से हुई लेकिन मैं मैदान पर उतना कूल नहीं रहता। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद अब भारतीय टीम राहत की सांस ले रही है और अब नजरें पेरिस में पदक का रंग बदलने पर लगी है।

बोर्ड में अच्छे अंक लाने के लिए खिलाड़ी बने थे श्रीजेश

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने मंगलवार को खुलासा किया कि बोर्ड और 12वी के इम्तिहान मे अच्छे अंक लाने के लिए उन्होने खेलो को चुना क्योकि उस समय प्रदेश टीम के लिए खेलने वाले को 60 प्रतिशत अंक दिए जाते थे। तोक्यो ओलंपिक मे जर्मनी के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले मे अहम पेनल्टी बचाकर भारत की जीत के सूत्रधार रहे श्रीजेश की पहली पसंद हॉकी नही थी बल्कि उन्होने एथलेटिक्स को चुना था क्योकि केरल मे वह लोकप्रिय खेल था। उन्होने हांगझोउ एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतकर लौटने के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया के साथ पीटीआई कार्यालय के दौरे पर बातचीत मे कहा , मैने एथलेटिक्स मे शॉटपुट से शुरू किया लेकिन जब मै खेल होस्टल गया तो मुझे पता चला कि मेरा फ्लैट फुट है तो मैने वॉलीबॉल और बास्केटबॉल भी खेला।

गोवा के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों की मशाल रिले का उदघाटन किया

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने खेल मंत्री गोविंद गौडे की मौजूदगी में मंगलवार को यहां पोरवोरिम में आयोजित एक समारोह में आगामी 37वें राष्ट्रीय खेलों के लिए मशाल रिले का उद्घाटन किया। मशाल रिले राज्य के सभी तालुकाओं से होकर गुजरेगी। सावंत ने कहा कि मशाल की लौ खेल भावना की प्रतीक है। यह खिलाड़ियों की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, आश्वस्त रहें, गोवा इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। खेलों की मशाल हमारे खूबसूरत राज्य के सभी 12 तालुकाओं से होकर गुजरेगी और शाम को सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों का दौरा करेगी, जिससे राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्साह बढ़ेगा। इस भव्य उत्सव में ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।